सूर्योदय 5:25 सूर्यास्त 7:10

आज का तापमान

शिमला	17.4 न्यू	25.6 अधि
धर्मशाला	24.1 न्यू	30.7 अधि

बाजार

सेंसेक्स	75418.04
निफ्टी	22967.65
सोना	73,420
चांदी	92,640

अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

www.anantgyaan.in

पीवी सिंधू मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 24 मई, 2024 | 11 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 156, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र अपील: जन जन का नारा है, मतदान हमारा अधिकार है

क्वालिफायर-2

राजस्थान रॉयल्स VS सनराइजर्स हैदराबाद

समय: रात 7:30 बजे (चेन्नई)

न्यूज शॉर्ट्स

राष्ट्रपति व पीएम ने बुद्ध पूर्णिमा पर शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वीरवार को बुद्ध पूर्णिमा पर देशवासियों और भगवान बुद्ध के अनुयायियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भगवान बुद्ध के सत्य, अहिंसा और मानवता के प्रति प्रेम के संदेश पर प्रकाश डाला और नागरिकों से सामाजिक सद्भाव और राष्ट्र निर्माण के लिए उनकी शिक्षाओं को अपनाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने बधाई संदेश में कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं सहिष्णुता, आत्म-जागरूकता और अच्छे आचरण से हमें मानवता की सेवा करने की प्रेरणा मिलती है और उनका अष्टांगिक मार्ग सार्थक जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करता है।

देरी से रिपोर्ट दाखिल करने पर लगा जुर्माना

नई दिल्ली। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने गंगा और यमुना नदियों में सीवेज पानी छोड़े जाने के संबंध में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने में देरी और अनुचित और अनियोजित निकासी के लिए जिला मजिस्ट्रेट प्रयागराज पर 20,000 रुपए का जुर्माना लगाया है। ट्रिब्यूनल ने नोडल एजेंसी के रूप में जिला मजिस्ट्रेट, प्रयागराज के साथ पांच सदस्यीय संयुक्त समिति का गठन किया था। ग्रीन ट्रिब्यूनल ने समिति को गंगा और यमुना नदी में मिलने वाले सभी नालों और उन सभी एसटीपी का निरीक्षण करने के निर्देश जारी किए, जिनसे गंगा और यमुना नदी में पानी छोड़ा जा रहा है।

कम वजन के बिस्कुट बेचने पर 60 हजार जुर्माना

केरल। केरल के त्रिशूर में जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज और एक बेकरी को उपभोक्ता को बिस्कुट पैकेट बेचने के लिए 60,000 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अध्यक्ष सीटी साबू और सदस्यों श्रीजाएस और राम मोहन आरकी पीठ ने पाया कि पैकेट पर लिखी 300 ग्राम की घोषित मात्रा की तुलना में बिस्कुट पैकेट के वजन में 52 ग्राम कम था। पीठ ने 2023 के अपने आदेश में कहा कि यह स्वयंसिद्ध है कि एमओ-1 पैकेज में बिस्कुट के शुद्ध वजन में भारी कमी है।

मेक्सिको में चुनावी रैली का मंच गिरा, 9 की मौत

मेक्सिको। मेक्सिको के नुएवो लियोन राज्य में सैन पेड्रो गार्जा गार्सिया शहर में सिटीजन्स मूवमेंट पार्टी की चुनावी रैली के दौरान मंच अचानक ढह गया, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल भी हुए हैं। जैसे ही पार्टी के नेता जॉर्ज अल्वारेज मेनेज अपना भाषण दे रहे थे, उसी समय अचानक तेज हवा और आंधी के कारण मंच का एक हिस्सा भरभरा कर नीचे गिर गया। इस हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

महाराष्ट्र की फैक्टरी में आग से चार की मौत

मुंबई। महाराष्ट्र के डोंबिवली के एमआईडीसी इलाके के सोनारपाड़ा में स्थित अंबर केमिकल फैक्टरी में बॉयलर फटने से भीषण आग लग गई। इस घटना में तीन की मौत हो गई, जबकि 29 से ज्यादा घायल हुए हैं। सभी को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। धमाका इतना तेज था कि लगभग तीन किलोमीटर तक सुनाई दिया। विस्फोट से आसपास के कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

जवानों ने मुठभेड़ में किए 7 नक्सली ढेर

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में नक्सलियों के साथ जवानों की मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में सात नक्सलियों को मार गिराया। नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा की फोर्स ने नक्सलियों को घेर रखा है और दोनों तरफ से ताबड़तोड़ फायरिंग चल रही है, अब तक सात नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। दरअसल नारायणपुर जिले का अबूझमाड़ ओरछा बीजापुर जिले का सीमावर्ती इलाका है और यहां लगातार नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पुलिस को मिल रही थी, जिसके बाद वीरवार की सुबह आईटीबीपी, एसटीएफ, डीआरजी और बस्तर बटालियन के जवानों ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाकर नक्सलियों के ठिकाने पर दबिश दी।

देश से राम का नाम हटाना चाहती है कांग्रेस : पीएम मोदी

आरक्षण छीन मुसलमानों को देना चाहती है कांग्रेस, मैं ऐसा नहीं होने दूंगा

एजेंसी, महेंद्रगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीरवार को हरियाणा के महेंद्रगढ़ में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पूरे देश से राम नाम को हटाना चाहती है।

कांग्रेस का बस चले तो राम का नाम लेने वालों को गिरफ्तार कर ले। कांग्रेस जब तक सत्ता में रही, उसने राम मंदिर नहीं बनने दिया। कांग्रेस ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा तक का बहिष्कार कर दिया। अब तो शहजादे के सलाहकार ने एक और बड़ा खुलासा किया है कि अब कांग्रेस अगर सत्ता में आई, तो यह राम मंदिर पर ताला लगाने की फिराक में है। दलित, पिछड़ों और ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहती है, लेकिन जब तक मोदी है तब तक ऐसा नहीं होने दूंगा। अगले 5 साल का कालखंड इस देश में एक बड़ी क्रांति का समय होने वाला है। युवाओं के सारे सपने पूरे होंगे, क्योंकि आपके सपने ही मोदी का संकल्प है। 10 साल में हमने कांग्रेस के पाप धोने में बहुत मेहनत की है। आज हरियाणा में आधुनिक हाईवे और एक्सप्रेस-वे बन रहे हैं। अब न दिल्ली दूर है और न ही चंडीगढ़ दूर है।

विपक्षी गठबंधन का रोना-धोना शुरू

पीएम ने कहा कि देश की जनता विपक्षी गठबंधन के इरादे पहले ही भांप चुकी है, इसलिए इनका यह हाल हुआ है। पांच चरणों में ही विपक्षी जमात का ढोल फट गया है। तीसरे चरण के बाद इन्होंने रोना-धोना शुरू कर दिया। इलेक्शन कमीशन आंकड़े क्यों नहीं देता। आंकड़े देरी से क्यों देता है। इलेक्शन कमीशन ऐसा क्यों करता है। ईवीएम से लेकर पता नहीं क्या-क्या कहा। इस बार बराबर जमकर ईवीएम को गालियां दे रहे हैं। जिस भूमि में कोई पैदावर न हो, उसमें कोई किसान एक भी बीज डालेगा क्या।

कांग्रेस ने हरियाणा को सिर्फ लूटा

मोदी ने कहा कि हरियाणा को लूटने में कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी। मैंने तो अपनी आंखों से देखा है कि कांग्रेस के समय में क्या हाल होता था, जो मुख्यमंत्री होता था, वह अपने जिले के बाहर नहीं देखता था। नौकरी दिलवाने के नाम ये लोग जमीन बिकवाते थे।

पूर्व सैनिकों के साथ किया धोखा

कांग्रेस ने पूर्व सैनिकों के साथ धोखा किया। उन्हें वन रैंक, वन पेंशन नहीं दी। 500 करोड़ पूर्व फौजियों को देंगे। यह चुनाव जीतने के लिए पूर्व सैनिकों के साथ धोखा किया है। कांग्रेस के जहन में सेना और सैनिकों के प्रति नफरत है। अपमान करने के लिए आज भी बहाने ढूंढते रहते हैं।

प्रधानमंत्री आज मंडी और नाहन में करेंगे रैलियां

कंगना रनौत और सुरेश कश्यप के पक्ष में जनता से मांगेंगे वोट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के मंडी और नाहन में कंगना रनौत और सुरेश कश्यप में पक्ष में चुनावी रैलियां करेंगे। प्रधानमंत्री हवाई मार्ग से मंडी के कांगणी हेलिपैड पर उतरेंगे। दोपहर 12:55 बजे मंडी के पड्डुल मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने वीरवार को पड्डल मैदान में रैली की तैयारियों का जायजा लेने के बाद मीडिया से बातचीत में दी।

दावा किया कि रैली में 60 से 70 हजार की भीड़ जुटने का अनुमान है। प्रधानमंत्री की रैली से भाजपा को बूस्ट मिलेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई दफा मंडी आ चुके हैं और मंडी की सेपू बड़ी, बदाने रा मीठे की तारीफ करने के साथ स्वाद भी चख चुके हैं।

सुरक्षा के लिए एक हजार जवान तैनात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा कड़ी कर दी है। एसपीजी (एसपीजी) ने पंडाल को कब्जे में ले लिया है। सूबे के हरेक हिस्से से पुलिस की तैनाती की गई है और करीब एक हजार जवान तैनात हुए हैं। आर्मी ग्राउंड से चौगान मैदान तक सुरक्षा कर्मियों की चप्पे-चप्पे पर नजर होगी।



यह है ट्रैफिक प्लान

सिरमौर पुलिस ने प्रधानमंत्री की रैली के मद्देनजर ट्रैफिक प्लान को जारी कर दिया है। शिमला की तरफ से आने वाले वाहनों को दोसड़का पर सुबह 9 बजे के बाद रोक दिया जाएगा। केवल रैली स्थल पर आने वाले वाहनों को ही आगे बढ़ने की अनुमति होगी। शिमला से देहरादून जाने वाले वाहन जमटा होकर धौलाकुआं वाले मार्ग का इस्तेमाल कर सकते हैं। रैली में आने वाले वाहनों को आईटीआई से थोड़ा आगे बीडीओ कार्यालय पर ही रोका जाएगा। वाहनों की पार्किंग आईटीआई के मैदान के अलावा सड़क के एक ओर करने की अनुमति होगी। सभास्थल तक करीब एक किलोमीटर की दूरी को पैदल या फिर वैकल्पिक व्यवस्था से तय किया जा सकता है।

ऊंचे भवनों पर स्नाइपर होंगे तैनात

ऊंचे भवनों पर स्नाइपर तैनात होंगे। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर राज्य के करीब 40 आईपीएस व एचपीएस अधिकारी भी नाहन में डेरा डाले हुए हैं। जुड्डा का जोहड़ हेलिपैड को भी स्टैंड बाय रखा गया है। शहरवासियों को यह भी सुझाव है कि 24 मई की सुबह 7 बजे से दोपहर तक वाहनों का इस्तेमाल करने से बचें।

लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार थमा

एजेंसी, नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार वीरवार शाम को थम गया। 25 मई को सात राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों पर वोटिंग होनी है। इसमें जम्मू-कश्मीर का अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र भी है, जहां मतदान तीसरे चरण की बजाय छठे चरण के लिए स्थगित कर दिया गया था।

कई बड़े नेताओं की किस्मत का होगा फैसला

पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी, भोजपुरी कलाकार मनोज तिवारी, निरहुआ, पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और मनोहर लाल समेत कई केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत का फैसला ईवीएम में बंद हो जाएगा।

इन सीटों पर होगा मतदान

उत्तर प्रदेश	14
हरियाणा	10
बिहार	08
पश्चिम बंगाल	08
दिल्ली	07
ओडिशा	06
झारखंड	04
जम्मू-कश्मीर	01

2019 में भाजपा ने जीती थीं 40 सीटें

2019 में इन 58 में से 40 सीटें भाजपा ने जीती थीं। बसपा ने चार और कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला था। पिछले चुनाव में इन 58 सीटों पर कुल 64.22 फीसदी वोट पड़े थे।

मनु सिंघवी की याचिका पर अब 9 जुलाई को सुनवाई

शिमला। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे अभिषेक मनु सिंघवी की याचिका पर वीरवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अब अगली सुनवाई 9 जुलाई को होगी। सिंघवी की ओर से पर्ची सिस्टम से निकाले परिणाम को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने मामले को लेकर हर्ष महाजन को नोटिस जारी किया था, जिसका जवाब देने के लिए उनके अधिवक्ता ने कुछ समय मांगा। सिंघवी ने याचिका में दिए तथ्यों के अनुसार राज्यसभा वोटिंग में दोनों ही उम्मीदवारों को 34-34 वोट प्राप्त हुए थे। इसके बाद पर्ची से नाम निकाले गए, लेकिन इस पर्ची सिस्टम में जिस तरह से भाजपा प्रत्याशी को विजेता घोषित किया गया वह गलत है।

संविधान बदलने का सपना देखना छोड़ दे भाजपा: राहुल

जनता ऐसा होने नहीं देगी, संविधान बचाने का है यह चुनाव

एजेंसी, नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने वीरवार को उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के दिलशाद गार्डन में चुनावी जनसभा में भाजपा पर हमला बोला।



उन्होंने कहा कि भाजपा देश के संविधान व आरक्षण को खत्म करने का सपना देखना छोड़ दे, क्योंकि कांग्रेस और देश की जनता ऐसा नहीं होने देगी। लोगों का आह्वान किया कि यह चुनावी संविधान बचाने का चुनाव है। केंद्र में विपक्षी गठबंधन की सरकार बनने पर सेना में भर्ती की 'अग्निपथ' योजना को खत्म कर दिया जाएगा, क्योंकि यह सेना के खिलाफ है। एक सैनिक को शहीद का दर्जा मिलेगा, पेंशन मिलेगी, लेकिन अग्निवीर को न शहीद का दर्जा मिलेगा, न ही पेंशन मिलेगी और न ही सामाजिक सुरक्षा मिलेगी।

मोदी सरकार ने किया अर्थव्यवस्था का इंजन बंद

राहुल ने कहा कि मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था का इंजन बंद कर दिया। विपक्षी गठबंधन की सरकार बनते ही गरीबों एवं युवाओं को आर्थिक मदद देकर इस इंजन को फिर से चालू किया जाएगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि संविधान को बदल देंगे, मैं भाजपा और आरएसएस के लोगों से कहना चाहता हूं कि आप सपने मत देखिए, यह आपके बस की बात नहीं है, आप ऐसा नहीं कर सकते। आपके सामने हिंदुस्तान के करोड़ों लोग खड़े हैं। प्रधानमंत्री साक्षात्कार में कहते हैं कि मैं बायोलॉजिकल नहीं हूं, मुझे परमात्मा ने मिशन के लिए भेजा है, जिसे परमात्मा ने भेजा, उसने कोविड के समय लोगों से कहा कि 'थाली बजाओ।'

हिमाचल में राहुल और प्रियंका गांधी करेंगे 11 जनसभाएं

शिमला। हिमाचल में कांग्रेस के चुनावी प्रचार को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी धार देंगे। प्रदेश की चार लोकसभा सीटों के साथ साथ छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी 9 जनसभाएं करेंगी।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी दो जनसभाएं करेंगे। राहुल 26 मई को ऊना में सतपाल रायजादा और नाहन में विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष हरिकृष्ण हिमराल ने बताया कि प्रियंका 27 से 30 मई तक अलग-अलग क्षेत्र में 9 जनसभाएं करेंगी। 27, 29 व 30 को प्रियंका दिन में दो-दो जनसभाएं करेंगी, जबकि 28 मई को एक ही दिन में वह तीन जनसभाएं करेंगी।

भ्रम फैलाकर भाजपा को नहीं मिलेगा जनता से समर्थन : सुक्खू

भुट्टो की कैसे बढ़ गई करोड़ों की संपत्ति, भ्रष्टाचारी सलाखों के पीछे जाएंगे

राजेश शर्मा, ऊना

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जयराम ठाकुर भ्रम फैलाकर जनसमर्थन लेने का प्रयास कर रहे हैं, जिसमें वह कामयाब नहीं होंगे। इस दफा हिमाचल की जनता चुनाव लड़ रही है और जनता को मूर्ख नहीं बना सकते।

यह चुनाव सरकार बचाने के लिए कतई नहीं है, जैसा भ्रम फैलाया जा रहा है। ऐसा होता तो कांग्रेस अपने दो विधायकों को संसदीय चुनावों का टिकट ही नहीं देती। सरकार पूरे पांच साल चलेगी और सरकार को अस्थिर करने का षड्यंत्र रचने वाले बिकाऊ सलाखों के पीछे जाएंगे। सीएम ने वीरवार को कुटलैहड़ के बंगाणा में जनसभा में पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो को आड़े हाथों लिया। भुट्टो ने स्वयं चुनाव आयोग में शपथ पत्र देकर अपनी संपत्ति में बेतहाशा बढ़ोतरी की जानकारी दी है। 14 माह में ही विधायक और उनके बेटे की संपत्ति 4 करोड़ 65 लाख से 20 करोड़ कैसे हुई है? सब खनन का खेल है। खनन करके कुछ लोगों ने अथाह संपत्ति एकत्रित की है। जो भी दोषी होंगे वे सलाखों के पीछे होंगे। (अनंत ज्ञान)

बंगाणा में जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, रायजादा व अन्य नेता।

हमीरपुर मेडिकल कॉलेज भाजपा की देन : अनुराग

कहा- सीएम सुक्खू की याददाश्त कमजोर, भाजपा के किए कामों का श्रेय लेने की लगी बीमारी

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

हमीरपुर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने वीरवार को सुजानपुर और धर्मपुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि 16 माह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जनता के लिए कुछ नहीं कर पाए।

कांग्रेस की एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई। अब चुनाव के समय जन आक्रोश से बचने के लिए भाजपा के कार्यों को अपना बताकर बचना चाह रहे हैं। मुख्यमंत्री अपनी सरकार के कार्यों पर ध्यान दें, क्योंकि जनता सब जानती है। हमीरपुर मेडिकल कॉलेज भाजपा की देन है, लेकिन सुक्खू की याददाश्त कमजोर है या उन्हें भाजपा के किए कामों की श्रेय लेने की बीमारी लग गई है। मेडिकल कॉलेज पर गली-गली झूठ बोलकर सिर्फ अपने अपरिपक्वता का परिचय दे रहे हैं। चार जून को कांग्रेस बेहद बुरी तरह हमीरपुर लोकसभा सीट हार रही है। मुख्यमंत्री यह बात जानते हैं और हताश होकर झूठ का सहारा ले रहे हैं। आज मेडिकल कॉलेज और रेल पर झूठ बोल रहे और 4 जून को ईवीएम का रोना रोयेंगे। कांग्रेस ने हिमाचल में हमेशा हमारे लाए प्रोजेक्टों में अड़ंगा डालने, भाजपा के विकास कार्यों को रोकने का काम किया है, जनता यह बात जानती है। इन चुनावों में झूठे मुख्यमंत्री को करारा जवाब देगी। (अनंत ज्ञान)

सलाह, मुख्यमंत्री अपनी सरकार के कार्यों पर दें ध्यान

कहा- 16 माह में जनता के लिए नहीं कर पाए कुछ

हमेशा भाजपा के लाए प्रोजेक्टों में डाला अड़ंगा

सुजानपुर में जनसभा के दौरान अनुराग ठाकुर व अन्य नेता।

मौसम शिमला में हुई ओलावृष्टि; लोगों को मिली गर्मी से राहत, ऊना का अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री

प्रदेश में कई जगह झमाझम बारिश, बदला मौसम

रविंद्र जस्टा, शिमला

प्रचंड गर्मी के बीच हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में झमाझम बारिश दर्ज की गई। इससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। राजधानी शिमला में तेज हवा के साथ बारिश व हल्की ओलावृष्टि दर्ज की गई।

वहीं, कांगड़ा, मंडी, बिलासपुर जिले व साथ लगते क्षेत्रों में वीरवार सुबह बारिश हुई है। सिरमौर, ऊना, हमीरपुर जिले में बादल छाए रहे।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने प्रदेश के कई भागों में बारिश का पूर्वानुमान जताया गया है। हालांकि, 24 से 29 मई तक राज्य के सभी क्षेत्रों में मौसम साफ रहने के आसार हैं। इससे पारा और चढ़ने की संभावना है। मैदानी व कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 24 से 27 मई तक हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया है। ऊना में अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। (अनंत ज्ञान)

सिरमौर, ऊना और हमीरपुर जिले में छाए रहे बादल

24 से 29 मई तक मौसम साफ रहने के आसार

मौसम विभाग ने किया 27 मई तक हीटवेव का येलो अलर्ट जारी

न्यूनतम तापमान

शिमला	17.4	बिलासपुर	23.4
सुंदरनगर	20.3	हमीरपुर	22.8
भुंतर	18.7	चंबा	19.5
कल्पा	10.4	डलहौजी	18.7
धर्मशाला	24.1	कुफरी	16.1
ऊना	26.0	कुकुमसेरी	6.8
नाहन	22.3	नारकंडा	13.9
केलांग	7.8	भरमौर	17.2
पालमपुर	19.0	धौलाकुआं	24.8
सोलन	18.0	बरठीं	22.8
मनाली	15.2	कसौली	22.3
कांगड़ा	24.6	पांवटा	29.0
मंडी	21.4	सैंज	19.2

दोस्त ने 5 करोड़ की सुपारी देकर करवाई बांग्लादेशी सांसद की हत्या

एजेंसी, कोलकाता

बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या में बड़ा खुलासा हुआ है। बंगाल सीआईडी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि सांसद अनार के दोस्त ने ही हत्या के लिए पांच करोड़ रुपए की सुपारी दी थी।

12 मई को इलाज के लिए आए थे कोलकाता

अनवारुल अजीम अनार इलाज के लिए कोलकाता आए थे और 13 मई से लापता थे। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीआईडी के आईजी अखिलेश चतुर्वेदी ने बताया कि यह एक सुनियोजित हत्या है। सांसद के एक पुराने अमेरिकी मित्र ने ही उन्हें पांच करोड़ की सुपारी देकर हत्या करवाई है, जिसका कोलकाता में फ्लैट है। बांग्लादेश के सांसद उत्तरी इलाके में बारानगर में दोस्त के घर पर ही ठहरे थे। 13 मई को वह किसी से मिलने गए, लेकिन वापस नहीं लौटे। अभी तक विदेशी सांसद का शव बरामद नहीं हो पाया है।

सीआईडी के अधिकारी ने बताया कि हमारी फॉरेंसिक टीम घटनास्थल की जांच कर रही है।

प्रिय पाठकों के लिए

वोट के लिए आपके मन की बात

लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।

यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबर: 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

चुनावी चुटकी

अब तेरा क्या होगा कालिया

अब तेरा क्या होगा कालिया, साहब मैंने तो आपका नमक खाया है और नमकीन खड्ड का पत्थर और रेत खाया है। बेटा अब तूझे इसका हिसाब देना होगा और जो अकेले-अकेले इतना खाया है कि दीवारों पर भी नजर आ रहा है। ठाकुर साहब के सामने खाने की हिम्मत कैसे हो गई होगी। ठाकुर साहब भी चुपचाप खाते हुए देख रहे थे और मौके की तलाश में थे। पिंजरा तो किसी दूसरे के लिए लगाया था, लेकिन कैद अपने ही हो गए हैं। नमक भी खाया है तो रोटी भी खाई होगी, कहा गया है कि जूस भी ताजा था तो नेचुरल फ्रूट का था। इतना खाया पिया और डकार लेकर पीठ पर छुरा घोंप दिया। किसी की सियासी मृत्यु का इरादा था, लेकिन भगवान के साथ से वे बच निकले। अब पूरी तरह से स्वस्थ हैं और हत्या का प्रयास करने वाले को सामने से पुकार रहे हैं, अब तेरा क्या होगा कालिया। अब कालिया को भी क्या पता था कि घातक हमले में वे बच निकलेंगे। हमलावर ऐसे थे जिन्हें अब तक पंचायत की सियासत का तुजुर्बा था और उस ज्ञान और विवेक का इस्तेमाल विधानसभा के लिए कर दिया। रौनकी ताऊ तभी कहते हैं कि तुजुर्बा न होने की वजह से ऐसा होता है। अब नमक ही नहीं खाना चाहिए था। नमक खाकर हराम करना और धोखा देना ठाकुरों की शान के खिलाफ होता है। ठाकुर हैं अब वे जो सजा देंगे उसे कबूल तो करना ही होगा। -राजेश शर्मा

सुर और चाल बदले

मौसम की तरह तुम बदल तो न जाओगे। कई मौकापरस्त चापलूसों के सुर और चाल बदलने लगे हैं। अरे मौसम हो सुहाना तो कौन नहीं चाहेगा आना। ऐसा ही कुछ विधानसभा के उपचुनावों में दृश्य देखने को मिल रहा है। मौसम किस करवट बैठेगा यह कुछ अनुमान लगा बैठते हैं। चापलूस सबसे पहले उस पंक्ति में नजर आने लगे हैं, जिस पंक्ति में अकसर प्रमुख वफादार ओहदेदार नजर आते हैं। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, ठीक वैसे ही

चापलूस मौसम का फायदा उठाने के लिए उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। पलड़ा किसका भारी है यह अनुमान भी उनको होने लगा है। कल तक उनके पाले में बैठकर खूब खीर और पनीर खाने वाले अब दूसरे खेमे की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों हाथों में लड्डू वाले इन चापलूस मौसम विज्ञानियों पर वफादार सिपाहियों की भी नजर है। मुख्यमंत्री ने भी एक ऐसा झटका दिया है कि कुछ चापलूस सभा के भी खिसकते दिखे हैं। कुछ दूरियां भी बनाए हुए थे। वे सभा के नजदीक भी नहीं थे। लेकिन कुछ ऐसे थे तो वकायदा प्रेम कांफ्रेंस में जिला के प्रमुख के साथ नजर आ रहे थे। कुछ ऐसे थे जो मंच तक जा पहुंचे थे। पूंछ हिलाने वाले खतरनाक चापलूस खूब मलाई भी खाते रहे हैं। बेरोजगार रहते हुए भी वे करोड़पति ठेकेदार और पेट्रोल पंप के मालिक भी बन चुके हैं। अब मौसम को देखकर पलटी मारने को तैयार बैठे हैं। इसके लिए आधार भी तैयार कर रहे हैं, क्योंकि ऐसे लोग बड़े नेताओं के ड्राइंगरूम तक भी पहुंच रखते हैं। अब आम कार्यकर्ताओं की क्या मजाल वे बड़े नेताओं के करीब जा सकें। चापलूसी को उन्हें भी डिप्लोमा करना पड़ेगा।

प्रदेश में चुनावी माहौल कांग्रेस के पक्ष में : सतपाल रायजादा

बोले-जनता का मिल रहा भरपूर समर्थन

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

हिमाचल प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों में से हमीरपुर संसदीय सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा का सीधा मुकाबला भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से है।

गौरतलब है कि सतपाल रायजादा ऊना से पूर्व विधायक हैं तो दूसरी ओर अनुराग हमीरपुर संसदीय सीट से चार बार सांसद रह चुके हैं और इस बार पांचवीं बार जीत के लिए चुनावी मैदान में उतरे हैं। वहीं लोकसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है वैसे-वैसे बयानबाजी का दौर भी लगातार जारी है।

रायजादा का कहना है कि कांग्रेस हाईकमान द्वारा जब से उन्हें अपना प्रत्याशी घोषित किया गया है तब वह लगातार जनता के बीच में जाकर प्रदेश सरकार की उपलब्धियां व केंद्र सरकार की खामियां बता रहे हैं और उन्हें जनता का पूरा समर्थन भी मिल रहा है। साथ ही हिमाचल प्रदेश में चुनावी माहौल कांग्रेस के पक्ष में बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों सहित विधानसभा उपचुनाव की छह सीटें भी कांग्रेस उम्मीदवार ही जीतेंगे।

वहीं सतपाल रायजादा ने ऊना रेलवे लाइन मामले को लेकर अनुराग पर भी निशाना साधा है। सतपाल रायजादा का कहना है कि वर्ष 1990 में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ऊना में रेल लाइन पहुंच गई थी और नए रूटों की बात है तो नए रूट्स लगाना सरकार का दायित्व है, मगर अनुराग ठाकुर इस रेल लाइन का श्रेय भी खुद को ही दे रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि बिलासपुर में एम्स का निर्माण हुआ है। मगर इसके श्रेय की लड़ाई आज भी जारी है और इसका श्रेय अनुराग ठाकुर और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा लेते हैं, अब उन्हें तय कर लेना चाहिए कि आखिरकार एम्स किसकी देन है।

चुनावी बेला में मुख्यमंत्री सुक्खू को आई बिलासपुर की याद : भाजपा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल और पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को चुनावी बेला में बिलासपुर की याद तो जरूर आई, लेकिन वह अपना रटा-रटाया दुखड़ा सुनाकर चले गए।

त्रिलोक जम्वाल

राजेंद्र गर्ग

मोदी सरकार पर हिमाचल की अनदेखी के झूठे आरोप लगाने से पहले उन्हें यह बताना चाहिए कि डेढ़ साल में उन्होंने बिलासपुर को क्या दिया। मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि भाजपा ने महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने का विरोध किया।

कांग्रेस ने सत्ता में आते ही महिलाओं को यह राशि देने की गारंटी दी थी। मुख्यमंत्री बताएं कि 15 माह तक उन्हें यह पैसा देने से किसने रोका था। अब चुनाव के समय वह फिर से मातृ शक्ति को गुमराह करना चाह रहे हैं।

त्रिलोक जम्वाल व राजेंद्र गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पूरे देश को अपना परिवार मानते हैं। उन्होंने कभी भी राजनीतिक द्वेष भावना से काम नहीं किया। वर्ष 2014 में उनके प्रधानमंत्री बनने के समय हिमाचल में कांग्रेस की सरकार थी। इसके बावजूद भाजपा के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मौजूदा केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के आग्रह पर उन्होंने बिलासपुर को एम्स जैसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान का तोहफा दिया। हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज के साथ ही फोरलेन का निर्माण किया गया। अनुराग ठाकुर के प्रयासों से ही अब भानुपल्ली-बिलासपुर रेलवे लाइन का काम भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। मुख्यमंत्री समेत कांग्रेस के अन्य नेताओं ने अपनी आंखों पर राजनीतिक चश्मा चढ़ा रखा है। वे झूठ का सहारा लेकर जनता को गुमराह करना चाहते हैं, लेकिन जनता सब-कुछ जानती है।

उन्होंने हमीरपुर से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में विधानसभा का चुनाव हारने वाले कांग्रेस प्रत्याशी को तो यह भी पता नहीं होगा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर कितनी बदल चुकी है। अनुराग ठाकुर ने इस क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करवाकर लोगों के दिलों में जगह बनाई है।

देवभूमि के सवालों का जवाब भाजपा का शीर्ष नेतृत्व दे : मुकेश अग्निहोत्री

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि चुनाव हो रहे हैं चुनाव में वोट मांगने के लिए सभी दलों का नेतृत्व आ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व चुनाव के लिए आएगा। उन्होंने कहा कि देवभूमि में सबका स्वागत है। मुकेश अग्निहोत्री बहडाला में हमीरपुर के प्रत्याशी सतपाल रायजादा के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

अग्निहोत्री ने कहा कि लेकिन देवभूमि के कुछ सवाल हैं, जिसके जवाब भाजपा के नेतृत्व को जनता के बीच देने चाहिएं। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व प्रदेश में जब आपदा आई उस समय स्वयं दौरा करने पहुंचा, प्रदेश सरकार को राहत तेज करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार मुख्यमंत्री, मैं स्वयं, सभी मंत्री, प्रशासन व कांग्रेस का नेतृत्व पूरी तरह से फील्ड में रहा।

उन्होंने कहा की एकमात्र सांसद प्रतिभा सिंह ने प्रदेश की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के लिए प्रधानमंत्री के समक्ष आवाज उठाई और कोई सांसद आवाज नहीं उठा पाया। उन्होंने कहा कि 4500 करोड़ रुपए का पैकेज प्रदेश की सरकार ने अपने संसाधनों से दिया और मुआवजा भी विशेष रूप से बढ़ाया। अग्निहोत्री ने कहा कि आज जब वोट के लिए भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व आ रहा है, तो पीएम को यह बताना चाहिए कि जो 11000 करोड़ रुपए के नुकसान की रिपोर्ट प्रदेश सरकार की ओर से भेजी गई, उसमें से कितना राहत पैकेज दिया।

सीएम सुक्खू के बयान मनगढ़ंत और तथ्यहीन : कश्यप

अनंत ज्ञान, नाहन

भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सांसद एवं प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने नाहन और पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान जनता को संबोधित करते हुए आह्वान किया कि शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी नाहन में एक जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसमें आप सभी बढ़-चढ़कर भाग लें।

पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान सुरेश कश्यप समर्थकों के साथ।

उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू के बयान कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि 55 लाख रुपए मिलने की जो बात मुख्यमंत्री कह रहे हैं, वह मनगढ़ंत, तथ्यहीन और काल्पनिक हैं। हिमाचल प्रदेश के झूठे मुख्यमंत्री अपनी हर जनसभा में झूठ परोसने का कार्य कर रहें हैं।

उन्होंने विपक्षी गठबंधन पर राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन वोट बैंक की राजनीति के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा को ताक पर रख रहा है, जिसका परिणाम है कि बंगाल घुसपैठियों के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह बन गया है। इस कारण राज्य की जनसांख्यिकी में बदलाव आ रहा है और यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न कर रहा है।

कश्यप ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने घुसपैठियों को अपने वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है और इसी वजह से ममता बनर्जी नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का विरोध कर रही हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर भी तीखे प्रहार किए, यह कहते हुए कि कांग्रेस और उसके सहयोगी पाकिस्तान समर्थक हैं और उन्होंने अतीत में संविधान का उल्लंघन किया है। कश्यप ने 1970 के दशक में लागू की गई इमरजेंसी और अन्य पिछड़े वर्ग के तत्कालीन अध्यक्ष सीताराम केसरी के साथ हुए दुर्व्यवहार का उल्लेख कर कांग्रेस की असली सच्चाई को उजागर करने का प्रयास किया। सांसद ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अपने राजनीतिक लाभ के लिए संविधान की परवाह नहीं की और आज वही पार्टी संविधान की रक्षा की बात कर रही है। पाकिस्तान के प्रति कांग्रेस और उसके सहयोगियों के रवैये की कड़ी आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन भारत को डराने की कोशिश कर रहे हैं। इसके विपरीत, मोदी सरकार की मजबूत नीति ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब किसी भी देश से डरता नहीं है और जो देश भारत को डराने की कोशिश करेगा, उसे उचित जवाब मिलेगा।

अपनी पार्टी का संविधान न मानने वाले कर रहे हैं संविधान बचाने की मांग : राजीव भारद्वाज

विधानसभा क्षेत्र बैजनाथ में जनसंपर्क के दौरान जनता को संबोधित करते भाजपा लोकसभा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र बैजनाथ में जनसंपर्क के दौरान जनता को संबोधित करते कहा कि कल देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल प्रदेश उनकी अपनी कर्मभूमि के नाहन में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसमें आप सभी बढ़-चढ़कर भाग लें।

उन्होंने कहा कि जल्द ही देश और प्रदेश में भाजपा की सरकारें होंगी। वर्तमान प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू इस बात से सदमे में है और अपना आपा खो चुके हैं और कुछ भी बोले जा रहे हैं।

राजीव भारद्वाज ने कहा कि देश में बने विपक्षी गठबंधन के साथी देश की राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता कर रहे हैं और बंगाल को घुसपैठियों का केंद्र बना दिया हैं जिसका असर पूरे देश में पड़ रहा है और इन्ही घुसपैठियों को वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है और इनको ममता सरकार द्वारा जबरन देशवासी बनाने के लिए सीएए का विरोध किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि संविधान के दुहाई देने वालों के आका ही संविधान के सबसे बड़े दुश्मन रहे हैं, जिन्होंने देश पर जबरन आपात्तकाल थोप दिया था और पिछड़े वर्ग के तत्कालीन अपनी पार्टी के अध्यक्ष सीताराम केसरी को फुटपाथ पर फेंक कर अपनी ही पार्टी की धज्जियां उड़ाई थीं। जिस पार्टी को अपनी पार्टी के ही संविधान की परवाह नहीं वह आज संविधान को बचाने की बात कर रहे है। यही लोग बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान की बेकदरी कर रहे हैं। खुद को दलितों का मसीहा बताने वाले व हमेशा वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करने वाले ही आज दलितों के आरक्षण का विरोध कर रहे हैं तथा दलितों, पिछड़ों के आरक्षण को छिनकर वोट जिहाद करने वालों को इनके हक का हिस्सा देना चाहते है।

उन्होंने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार पिछले 10 वर्षों से लोगों के विश्वास और अच्छी विकासशील जननीतियों के साथ चली हुई हैं। पाकिस्तान के पास एटम बम है, इसलिए पाकिस्तान से डरो कहने वालों को यह पिछले 10 वर्षों से पता लग चुका है कि 56 इंच के सीने वाले प्रधानमंत्री मोदी से आज वही पाकिस्तान डर के मारे थर-थर कांपता है। वह यह भी जानते है न भारत किसी को डराना चाहता है और न ही डराने वालों को बख्शने वाला नहीं है। कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन हार के डर से बौखलाहट में है, क्योंकि तीसरी बार देश में प्रधानमंत्री मोदी की सरकार 400 पार का आंकड़ा पार करने वाली है।

अब तो मंडी की सेपू बड़ी का कर्ज उतारें नरेंद्र मोदी : विक्रमादित्य सिंह

अनिल शर्मा, मंडी

मंडी संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी एवं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि अब तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मंडी की सेपू बड़ी का कर्ज अदा करना चाहिए। वर्ष 2014 से लेकर आज एक फिर प्रधानमंत्री मोदी मंडी की सेपू बड़ी, सिड्डू, बदाणा जैसी खाने-पीने की चीजों के नाम लेकर जनता को गुमराह करेंगे, लेकिन उन्हें बताना चाहिए कि उन्होंने पिछले दस वर्षों में हिमाचल प्रदेश के साथ किया अपना कौन-सा वादा पूरा किया है।

जनसभा को संबोधित करने के दौरान विक्रमादित्य सिंह।

बल्ह व नाचन में खोलेंगे फूड प्रोसेसिंग यूनिट

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि जनसभाओं में लोगों से वादे करते हुए कहा कि जीतने के बाद बल्ह और सुंदरनगर में उपजाऊ जमीनों से निकलती फ सलों के लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित किए जाएंगे। जिससे न सिर्फ किसानों को फायदा होगा, बल्कि सैंकड़ों लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

इसी पड्डल मैदान में 2014 में उन्होंने प्रदेश के किसानों-बागवानों से जो वादे किए थे, वह आज भी अधूरे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को अगर सच में हिमाचल प्रदेश से प्यार होता तो वह आपदा के समय आते और लोगों की सहायता के लिए प्रदेश सरकार को राहत पैकेज देते, लेकिन उन्होंने एक बार भी प्रदेश के लोगों की सुध नहीं ली।

विक्रमादित्य सिंह ने वीरवार को मंडी संसदीय क्षेत्र के नाचन, कनैड़, महादेव में चुनावी जनसभाओं व युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा की उम्मीदवार कंगना रनौत अपनी हर मर्यादा भूल चुकी है, जिस भाषा का प्रयोग वह करती हैं, वह भाषा मंडी की किसी बेटी की नहीं हो सकती है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मोहतरमा ने इतिहास, भूगोल बदला अब अर्थशास्त्र बदलने की तैयारी में है। मगर उससे पहले ही उसे मंडी संसदीय क्षेत्र की जनता ही मुंबई भेजने की तैयारी में है।

उन्होंने कहा कि कंगना बड़े-बड़े भाजपा के नेताओं के लिए सिर दर्द बन गई है और कंगना के मुंबई जाने की प्रार्थनाएं अब भाजपा के नेता भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कंगना को मंडी का विकास इसलिए नहीं दिख रहा है, क्योंकि उसे अनाप-शनाप बयानबाजी के अलावा कुछ नहीं आता है। उन्होंने कौन-सी डिक्शनरी से शब्दों का चयन किया है, इसको लेकर जनता भी हैरानी में है। उन्होंने कहा कि क्या कंगना को नेरचौक मेडिकल कॉलेज, मंडी की आईआईटी, सेंटर जोन, बड़े बड़े पुल-भवन और कई विकास के मील पत्थर नहीं दिखाई दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रति पक्ष जयराम ठाकुर चल तो अपनी उम्मीदवार के साथ चल रहे हैं, मगर उनके साथ किस तरह के व्यवहार उनकी उम्मीदवार कर रही हैं, वह जग जाहिर है। उन्होंने कहा कि आज किस मुंह से भाजपा अपने उम्मीदवार के लिए वोट मांग रही है। (अनंत ज्ञान)

जिस पर 420 का केस, कांग्रेस ने उसे बनाया धर्मशाला का फेस : अतुल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

सामाजिक कार्यकर्ता अतुल भारद्वाज ने धर्मशाला से कांग्रेस प्रत्याशी पर बड़ा हमला किया है। अतुल ने कहा कि कांग्रेस धर्मशाला के लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि हैरानी इस बात की है कि कांग्रेस ने धर्मशाला से ऐसे प्रत्याशी को मैदान में उतारा है, जिस पर पहले से 420 का केस दर्ज है। भारद्वाज ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस के पास ऐसा कोई भी प्रत्याशी नहीं है, जिस पर कोई केस दर्ज न हो। उन्होंने कहा कि क्या धर्मशाला के जनता ऐसा प्रतिनिधि चुनने का हौसला करेगी, जिस पर पहले से केस दर्ज है।

भारद्वाज ने कहा कि धर्मशाला से धोखा करने के बाद कांगड़ा-चंबा के लोगों से भी छल किया है। संसदीय क्षेत्र से भी ऐसा प्रत्याशी मैदान में उतारा जिसका कांगड़ा-चंबा में घर ही नहीं है। कांगड़ा-चंबा के लोग उनसे मिलने या अपनी समस्याएं बताने कहां जाएंगे, कांग्रेस को जनता को यह जरूर बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्मशाला विधानसभा के चुनाव प्रभारी खुद को धर्मशाला का हितेषी बताने से नहीं थक रहे हैं।

सीएम सुक्खू ने बंगाणा में विरोधियों पर साधे निशाने

राजेश शर्मा, ऊना

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में फिर से तीखे तेवर दिखाए हैं। उन्होंने जनसभा के बहाने अपने प्रमुख सियासी दुश्मनों पर सीधे प्रहार किए हैं। चुनाव को धार देने के लिए पहुंचे थे और उन्होंने अपने मकसद को भी पूरा किया है।

मुख्यमंत्री ने इस क्षेत्र में फिर से जो दहाड़ लगाई है, उससे भाजपा के खेमे में खलबली जरूर मच गई है। उनके तेवरों से साफ था कि आने वाले समय में भाजपा में शामिल हुए कुछ बगावती नेताओं की डगर कठिन होने वाली है। इसमें सबसे पहले कुटलैहड़ के पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो को लेकर जो प्रतिक्रिया उनकी थी, उससे स्पष्ट था कि वे दलबदल के प्रकरण को लेकर सरकार से दगा करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शने को तैयार नहीं हैं। मुख्यमंत्री द्वारा बंगाणा की जनसभा में जो तथ्य जनता के सामने रखे हैं उनसे पूर्व विधायक की मुश्किलें भी बढ़ सकती हैं। इशारों ही इशारों में वे स्पष्ट भी कर गए हैं कि चार जून के बाद कुछ नेताओं पर शिकंजा कसा जा सकता है। उन्होंने पूरे विश्वास से कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार को कोई शक्ति नहीं गिरा सकती और पांच साल में अभी साढ़े तीन साल बचे हैं। इस कार्यकाल में वे किसी तरह के भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

उन्होंने अवैध खनन को लेकर भी पूर्व विधायक के साथ मामले को कहीं न कहीं जोड़ने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने न केवल कुटलैहड़ के पूर्व विधायक को घेरा बल्कि उनके साथ कुछ अन्य लोगों को भी चेताया है जो षड्यंत्र में शामिल रहे। मुख्यमंत्री के आक्रामक रुख को देखते हुए कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भी राहत की सांस ली है। आंकड़े भी जनता के समक्ष पेश करके उन्होंने कहीं न कहीं कांग्रेस के प्रत्याशी की राह को और भी आसान बना दिया है। उन्होंने यहां भावनात्मक कार्ड का भी बड़े तरीके से इस्तेमाल किया है। उन्होंने कंवर समर्थकों की ऐसी दुखती रग पर हाथ रखा है, जिससे कांग्रेस को लाभ भी मिल सकता है। (अनंत ज्ञान)

जायजा : प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली स्थल का किया निरीक्षण

विपक्षी गठबंधन 'चार दिन की चांदनी, फिर अंधेरी रात' : बिंदल

अनंत ज्ञान, नाहन

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने नाहन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित रैली स्थल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को जांचा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कांग्रेस के विपक्षी गठबंधन की तुलना 'चार दिन की चांदनी, फिर अंधेरी रात' से की है।

प्रधानमंत्री मोदी के रैली स्थल का निरीक्षण करते हुए डॉ. राजीव बिंदल।

उनका मानना है कि 4 तारीख के बाद विपक्षी गठबंधन का कोई अस्तित्व नहीं रहेगा और हिमाचल प्रदेश में तो इसका कोई प्रभाव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरे देश में विपक्षी गठबंधन को लीड कर रही है, लेकिन अभी तक विपक्षी गठबंधन के किसी भी साथी ने कांग्रेस पार्टी के नेता को अपना नेता नहीं माना है।

डॉ. बिंदल ने यह भी कहा कि उन्होंने कई बार कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बारे में पूछा है, लेकिन उन्हें कोई उत्तर नहीं मिला। उनका दावा है कि कांग्रेस पार्टी पूरे देश में 50 से कम सीटें जीत पाएगी और हिमाचल प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार से बेहद असंतुष्ट है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार और पैसे की बर्बादी के आरोप लगाए और कहा कि जनता इस झूठी सरकार से परेशान है, जबकि पीएम मोदी हिमाचल के विकास के लिए तेजी से काम कर रहे हैं। डॉ. बिंदल का कहना है कि हिमाचल प्रदेश की जनता उस नेता को चाहती है जिसने देश की स्थिति को बेहतर बनाया है।

डॉ. बिंदल ने प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं की प्रशंसा की, जिनसे गरीबों को मुफ्त राशन, निशुल्क इलाज और विभिन्न प्रकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उनका कहना है कि भारत के 140 करोड़ लोग मोदी को अपने परिवार का मुखिया मानते हैं और हिमाचल प्रदेश के लोग भी मोदी को देखने और सुनने के लिए उत्सुक हैं।

घर से मतदान

चिंतो देवी, उम्र 109 वर्ष
मतदान केंद्र गियुणी-एक

फुलमू देवी, उम्र 105 वर्ष
गांव ठारा

नारदू देवी, उम्र 103 वर्ष
गांव मचकेहड़

भीखमू देवी, उम्र 102 वर्ष
गांव बसाही

मकोरड़ी देवी, उम्र 101 वर्ष
गांव मचकेहड़

कांशी राम, उम्र 101 वर्ष
गांव हरयाली गंगोटी

चारजू देवी, उम्र 100 वर्ष
गांव पतरैण गंगोटी

गोदावरी, उम्र 97 वर्ष
गांव सूजा

निर्मला देवी, उम्र 98 वर्ष
गांव गरोड़ू

जागरूकता अभियान

मतदान का संदेश

सरकाघाट : पहली जून को प्रदेश में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए सरकाघाट में 'स्वीप' के अंतर्गत लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। स्वीप' टीम के सदस्यों ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाता का जागरूक होना आवश्यक है और सभी पात्र मतदाताओं को मतदान अवश्य करना चाहिए। इस दौरान विभिन्न स्वीप गतिविधियों के माध्यम से लोकतंत्र के महापर्व पर चुनाव और मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

'धरतीपुत्र' का नारा वोटर के घर-घर में : सुभाष ढटवालिया

बड़सर विधानसभा क्षेत्र में 42 सालों के बाद राजपूत उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया के चुनावी दंगल में उतरने से मुकाबला रोचक हो गया है। हालांकि इस चुनाव क्षेत्र में पिछले लगातार तीन चुनाव जिस इंद्रदत्त लखनपाल ने कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में जीते हैं, वह अब भाजपा के घोड़े पर सवार होकर भाजपा प्रत्याशी हैं। कांग्रेस ने सुभाष को राजपूत उम्मीदवार के रूप में उतारकर जो सियासी दांव खेला है, उसके मायने इस बार अलग हैं। क्षेत्र की समस्याओं और चुनावी समीकरणों को लेकर **'अनंत ज्ञान'** के हमीरपुर जिले के ब्यूरो चीफ **विक्रम ढटवालिया** ने सुभाष ढटवालिया से कई मुद्दों पर बातचीत की। पेश हैं मुख्यांश-

सवाल: कांग्रेस ने काफी इंतजार के बाद उम्मीदवार का चयन किया है। इससे प्रचार में कितना फर्क पड़ रहा?
जवाब: पार्टी के सभी लोग एकजुट होकर चुनाव प्रचार में जुट चुके हैं। पूरे विधानसभा क्षेत्र का दौरा हो गया है। अब नुक्कड़ सभाओं के जरिए सभी वोट मांगने का काम कर रहे हैं। इंद्रदत्त लखनपाल ने क्षेत्र के साथ जो धोखा किया है, वह लोगों के जहन में चढ़ चुका है।

सवाल : कांग्रेस के टिकट के लिए दावेदारी जताने वाले कितना साथ देंगे?
जवाब : सभी इकट्ठे होकर काम कर रहे हैं। एक व्यक्ति ने निर्दलीय रूप में चुनाव लड़ने की ठानी हुई है। उससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला। क्योंकि अन्य सभी प्रभावशाली संभावित उम्मीदवारों ने कांग्रेस के पक्ष में जोरदार तरीके से काम शुरू कर दिया है।

सवाल : आप ढटवाल क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं, इस क्षेत्र के लोगों की भूमिका क्या रहेगी?
जवाब : ढटवाल क्षेत्र ही नहीं पूरे विधानसभा क्षेत्र के लोगों का एक ही नारा है 'धरतीपुत्र'। पूरे विधानसभा क्षेत्र में यही मुद्दा काम कर रहा है। लोग मुझे पहचानते हैं। पंचायतीराज में भी मैंने अच्छा काम किया है, इसका तुजुर्बा भी है।

अनंत ज्ञान
एक्सक्लूसिव इंटरव्यू

सवाल : कांग्रेस पार्टी का उम्मीदवार बनने के बाद क्या चुनौतियां हैं।
जवाब : चुनौती कोई खास नहीं है। केवल इतना ही है कि हमीरपुर जिला के मुख्यमंत्री हैं। उनकी उम्मीदों पर बड़सर के लोगों को खरा उतरना है। उनका आशीर्वाद मुझ पर मुकम्मल तौर पर है। इसी से इस क्षेत्र का भला होना है। मुख्यमंत्री के ध्यान में इस क्षेत्र के लिए कई योजनाएं हैं। जिनकी चर्चा भी हुई है।

सवाल : भाजपाइयों से आपको क्या चुनौती है।
जवाब : भाजपा वाले खुद परेशान हैं क्योंकि उनके पास वह कैंडिडेट पहुंच गया है जिसने क्षेत्र की जनता के साथ विश्वास घात किया है, अब बड़सर की जनता ही फैसला करेगी कि उसे कैसा उम्मीदवार चाहिए। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है, जिला के मुख्यमंत्री हैं। क्षेत्रवासियों को सिर्फ विकास चाहिए है। उसमें कोई कमी रहेगी, ऐसा कतई भर भी दिखता नहीं है।

सवाल: तप्पा ढटवाल से आप कांग्रेस के उम्मीदवार बने हैं। लोगों की लंबे समय से इस क्षेत्र से उम्मीदवार कोई पार्टी दे, इसकी मांग थी, कांग्रेस ने उनकी मुराद पूरी की है। कैसे लेते हैं। इस उम्मीदवारी को आप?
जवाब : न केवल तप्पा ढटवाल बल्कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में मेरी उम्मीदवारी को लेकर लोग खुश हैं,यही मेरे लिए सबसे बड़ी बात है। मुझे उम्मीद है, अच्छे मार्जन से लोग मेरी जीत सुनिश्चित करेंगे।

सवाल: यदि आप जीते तो अपनी सरकार के कार्यकाल में क्या-क्या काम करवा पाओगे?
जवाब: बड़सर विधानसभा क्षेत्र को आदर्श क्षेत्र के रूप में तैयार करूंगा। विकास की जिन-जिन योजनाओं पर काम होना है, वह मेरे ध्यान में हैं। बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध के परिसर क्षेत्र में बहुत सारे काम अभी बाकी हैं। इसका कैंपस और सुंदर बनाया जाएगा। ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को यहां पहुंच कर बेहतर महसूस हो सुविधाओं में इजाफा करवाऊंगा इसे 'डस्ट फ्री जोन' बनवाने की योजना भी है।

कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...

देश में मजबूत लीडरशिप के चलते राष्ट्र की रक्षा और सुरक्षा को बल मिला है साथ ही अंतरराष्ट्रीय संबंध भी मजबूत हुए हैं। विपक्ष में कोई नेता ऐसा नहीं जो पीएम नरेंद्र मोदी का विकल्प बन सके। देश पहले की सोच वाली पार्टी को सपोर्ट किया जाना चाहिए। सरकार को विकास के साथ महंगाई और बेरोजगारी को कम करने की दिशा में कार्य पर जोर देना चाहिए। **-सतीश छाजटा, सोलन**

देश में गरीब और आम आदमी के लिए जिस संगठन ने अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया, वह देश का सच्चा हितैषी है। देश भर में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से लोग दुखी हैं। मुद्दों के आधार पर ही विधानसभा और लोकसभा में वोट किया जाएगा। **-राकेश मनकोटिया, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र**

क्षेत्र का विकास सर्वोपरि है। इसके लिए सांसद को केंद्र सरकार से योजनाएं लाकर युवाओं के भविष्य के बारे में सोचना चाहिए। चुनाव में क्षेत्र के विकास और युवाओं के बारे में कोई बात नहीं कर रहा है। आज महंगाई की वजह से लोगों को अपना खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। रोजगार के भी अवसर नहीं मिल रहे हैं। **-आशीष ठाकुर, हमीरपुर**

देश को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने वाली राजनीतिक पार्टी को वोट दिया जाना चाहिए। वर्तमान परिदृश्य में देश में संचार क्रांति और सोशल मीडिया की चुनौतियां खड़ी हैं। इससे साइबर क्राइम बढ़ रहा है। आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस भी बड़ी चुनौती है। इस दिशा में सरकार को ठोस कार्य करना चाहिए। **- सतीश भोला, सोलन**

देश में महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी बढ़ रही है। नेता लोग चुनावों के दौरान इस पर जिक्र करते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद कोई भी इस ओर ध्यान नहीं देता। जो राजनीतिक दल लोगों को रोजगार देगा, उसी पार्टी को इन चुनावों में वोट किया जाएगा। **-ब्रहादेव, जवाली**

इस समय युवा बेरोजगार है और उनमें असुरक्षा की भावना है। रोजगार न मिलने से कई युवा मजदूरी कर रहे हैं। युवाओं के प्रति ईमानदारी सोच रखने वाले प्रत्याशी को वोट देंगे, ताकि युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सके। **-गोपाल, जवाली**

स्वयं रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ साथ सुगम ऋण व्यवस्था होनी चाहिए। स्वयं रोजगार उपलब्ध कराने का सरकारें दावा करती हैं, लेकिन ऋण लेने के लिए युवाओं को भटकना पड़ता है। चुनाव में समर्थन भी उसको दिया जाएगा, जो युवाओं के हित पर बात करेगा। **-राजेश शर्मा, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र**

कांग्रेस ने सदैव एससी के लोगों को मात्र 'वोट बैंक' के रूप में देखा : धूमल

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

भाजपा गरीब वंचित और पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के उत्थान हेतु बेहद अच्छे कार्य करती आ रही है। पिछले 10 वर्षों में हमारे एससी-एसटी और ओबीसी भाइयों बहनों के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं।

वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस और गांधी परिवार का चरित्र और नीतियां हमेशा शोषितों और वंचितों के विरुद्ध रही। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार धूमल ने जारी प्रेस बयान में कही।

उन्होंने बताया कि 1998 में जब हिमाचल में सरकार बनी तब उस समय यहां अनुसूचित जाति उप योजना का बजट मात्र 11 प्रतिशत था, जबकि अनुसूचित जाति कि जनसंख्या 25 प्रतिशत थी। इसे देखते हुए मैंने अनुसूचित जाति का बजट 11 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया था। यही नहीं मैंने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक अंबेडकर भवन का भी निर्माण कराया था और उस समय अनुसूचित जाति के 2000 मेधावी छात्रों के लिए डॉक्टर अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना प्रारंभ की थी। इसमें प्रतिवर्ष प्रति विद्यार्थी को 10,000 रुपए मिलते थे। इसलिए हमारे एससी भाई बहन आज खुल कर भाजपा के पक्ष में आ गए हैं, क्योंकि कांग्रेस ने सदैव उन्हें छलने का काम किया है और मात्र वोट बैंक के रूप में देखा है।

सुधीर शर्मा की गद्दारी से पूरे प्रदेश की साख पर धब्बा लगा : मुख्यमंत्री

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

जग्गी के चुनाव प्रचार में शामिल हुए सीएम

हिमाचल प्रदेश की 6 सीटों पर हो रहा उपचुनाव कांग्रेस और भाजपा के बीच नहीं बल्कि जनता का सीधा चुनाव होने जा रहा है। गद्दार पूर्व विधायकों ने प्रदेश, क्षेत्र और अपने परिवार का नाम डुबोया है। प्रदेश को उपचुनावों में झोंकने वाले सरगना धर्मशाला से है।

अपना ईमान बेच कर पार्टी व आम जनता से धोखा करने वाले सुधीर शर्मा पता नहीं क्या मुंह लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। बागी विधायकों को आड़े हाथों लेते हुए यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने धर्मशाला दौरे के दौरान कही। धर्मशाला से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने वीरवार को सीएम सुक्खू धर्मशाला पहुंचे। मुख्यमंत्री ने पासू, मंदल व गुरूद्वारा सिंह सभा योल बाजार में जनसम्मेलन किए। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने जन सम्मलनों के दौरान कहा कि धर्मशाला के पूर्व विधायक ने भाजपा के हाथों अपना जमीर बेचा और 5 अन्य विधायकों को भी इस जाल में फंसाया।

सुधीर शर्मा ही इस पूरे षडयंत्र के कर्ताधर्ता रहे हालांकि यह विधायक और भाजपा अपने मनसूबों में कामयाब नहीं हो सके। सुधीर शर्मा की गद्दारी से पूरे प्रदेश की साख पर धब्बा लगा है।

कांग्रेस सरकार की नींव ही झूठ पर रखी गई थी : लखनपाल

अनंत ज्ञान, बिझड़ी

बड़सर भाजपा की एकजुटता को देखकर कांग्रेस के पैरों तले जमीन खिसक चुकी है। यही नहीं मुख्यमंत्री बड़सर ही नहीं अन्य पांच विधानसभाओं के उपचुनाव व लोकसभा उपचुनाव में अपनी हार को देखकर बौखलाचुके चुके हैं। भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने यह बातें वीरवार को नुक्कड सभा के दौरान कही।

उन्होंने कहा मुख्यमंत्री हर मंच से कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए विधायकों को कभी 25 करोड़ तो कभी 15 करोड़ में बिकने के झूठे आरोप लगाकर जनता की साहनुभूति प्राप्त करना चाह रहे है। हद तो तब हो गई जब मुख्यमंत्री ने भोरंज में सियासी मंच से अपनी झूठ की गठरी से बड़सर में 55 लाख पकड़ने का शगुफा छोडा, लेकिन मुख्यमंत्री के इस शगुफे से उनकी असलियत को जनता के सामने खोल कर रख दिया है। अब जब जनता मुख्यमंत्री से सवाल कर रही है। 55 लाख रुपए बड़सर में पकड़े, वह कहां है और इसकी आधिकारिक पुष्टि क्यों नहीं हो पा रही है।

उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनावों में सता में आई कांग्रेस सरकार की नींव ही झूठ पर रखी गई थी।

चुनावी सभा के दौरान समर्थकों के साथ भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल।

सीएम सुक्खू ने सुजानपुर की जनता के हक छीने : राजेंद्र राणा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी सभा को संबोधित करते राजेंद्र राणा।

पूर्व विधायक और सुजानपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने वीरवार को एक दर्जन से अधिक नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू ने 14 महीने के शासन में उन्होंने सुजानपुर क्षेत्र की जनता के हक छीने हैं और विकास कार्यों पर अंकुश लगाया है।

राजेंद्र राणा ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में सुजानपुर के लिए स्वीकृत आईपीएच और इलेक्ट्रिकल विभाग के डिवीजन को सुक्खू सरकार ने सत्ता में आते ही बंद कर दिया और जिले का मुख्यमंत्री होने का पहला तोहफा सुजानपुर की जनता को दिया। इसके बाद उन्होंने चुने हुए विधायकों को जलील करना शुरू किया और सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने की बजाय विकास कार्यों में अड़ंगा लगाना शुरू कर दिया।

अपनी ही घोषणाओं से उन्होंने पलटी मार ली क्योंकि उन्हें झूठ बोलने, जनता को गुमराह करने, षड्यंत्र रचने और साजिश की राजनीति करने में महारत हासिल है। राजेंद्र राणा ने कहा कि सुजानपुर की जनता पहली जून को सुक्खू को आईना दिखाने के लिए तैयार बैठी है। मुख्यमंत्री अभी तक सुजानपुर की जनता के सवालों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं। सुजानपुर के साथ पिछले 14 महीने में किए गए भेदभाव को लेकर वह कोई स्पष्टीकरण भी जनता को नहीं दे पा रहे हैं।

मोदी के स्वागत को हिमाचली बेताब : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश में जनसभा को संबोधित करने के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरा हिमाचल प्रदेश मोदी के स्वागत को बेताब हैं। वह अपने लोकप्रिय नेता को देखने और सुनने के लिए भारी संख्या में आ रहे हैं। जनसभा में पहुंचने और प्रधानमंत्री को सुनने में किसी को कोई असुविधा न हो उसके लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं को हर जगह तैनात किया गया है। जिस तरह मोदी का हिमाचल से विशेष लगाव है वैसे प्रदेशवासी भी प्रधानमंत्री को विशेष स्नेह देते हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि मोदी ने हिमाचल के सिरमौर जिला के नाहन के चौगान और मंडी के पड्डुल में जनसभा को प्रधानमंत्री ने हिमाचल के विकास को हमेशा प्राथमिकता दी है। आज हिमाचल में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे विकसित हुए, फोर लेन से लेकर, टनल और सड़कों का जाल बिछा है। पीएमजीएसवाई के तहत रिकॉर्ड सड़कें बन रही हैं। एम्स जैसे संस्थान हो या आईआईटी और आईआईएम, ट्रिपल आईटी और पीजीआई सैटेलाइट सेंटर हिमाचल के लोगों के जनजीवन में बदलाव ला रहे हैं। इसके अलावा बल्क ड्रग पार्क और मेडिकल डिवाइसेज पार्क से हिमाचल की आर्थिकी का नया अध्याय लिखने की राह प्रधानमंत्री ने प्रशस्त की है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आपदा के समय हिमाचल के लोगों के साथ खड़े रहे। एक-एक जीवन बचाने के लिए सर संभव प्रयास के लिए, आपदा के बाद राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिए नरेंद्र मोदी ने हर संभव सहयोग किया।

राजनीति प्रधानमंत्री के हिमाचल दौरे से पहले सुक्खू सरकार के मंत्री हुए हमलावर

मोदी का हिमाचल के साथ कोई भावनात्मक लगाव नहीं : कांग्रेस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रवार को हिमाचल दौरे से पहले कांग्रेस हमलावर हुई है। वीरवार को प्रदेश कांग्रेस सरकार में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को केवल चुनाव में हिमाचल प्रदेश की याद आती है और वह वोट मांगने हिमाचल प्रदेश आते हैं।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रवार को सिरमौर के नाहन और मंडी में भाजपा की दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

एक संयुक्त वक्तव्य में दोनों ने कहा कि कि चुनाव के दिनों में हिमाचल आकर मोदी सेपु बड़ी और मदरे जैसी बातें कर वोट की राजनीति करते हैं, लेकिन हिमाचल प्रदेश के साथ उनका कोई भावनात्मक लगाव नहीं है।

अगर हिमाचल और हिमाचल के लोगों के साथ वाकई उनका कोई रिश्ता होता, तो राज्य के इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी में वो हिमाचल आकर प्रभावितों का हाल जरूर जानते और मदद करते।

दोनों नेताओं ने आरोप लगाया कि पिछली बरसात में हिमाचल प्रदेश में इतिहास की सबसे बड़ी आपदा के दौरान 550 से ज्यादा लोगों की मौत हुई और 22 हजार से अधिक परिवार प्रभावित हुए, लेकिन प्रधानमंत्री ने तो मृतकों के परिवारों के साथ कोई संवेदना प्रकट की और न ही हिमाचल प्रदेश के जख्मों पर मरहम लगाया।

केंद्र सरकार ने आपदा प्रभावित परिवारों को फूटी कौड़ी नहीं दी

हर्षवर्धन चौहान और जगत सिंह नेगी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बार-बार दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री और केंद्रीय नेताओं से मिले और उनसे हिमाचल प्रदेश के लिए विशेष राहत पैकेज देने की मांग की, लेकिन केंद्र सरकार ने 22 हजार आपदा प्रभावित परिवारों को एक फूटी कौड़ी नहीं दी।

राज्य की कांग्रेस सरकार ने अपने संसाधनों से आपदा प्रभावित परिवारों को 4500 करोड़ रुपए का विशेष आर्थिक पैकेज देकर उन्हें फिर से बसाया है, जबकि केंद्र सरकार का इसमें कोई योगदान नहीं है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोग भोले जरूर हैं, लेकिन इस बार उनके जुमलों के झांसे में आने वाले नहीं हैं। इस बार प्रदेश की जनता पर मोदी की बातों का कोई असर नहीं होगा और लोकसभा की चारों सीटें कांग्रेस पार्टी के खाते में आएंगी।

न्यूज ब्रीफ

सतपाल सिंह रायजादा के लिए मांगें वोट

कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल सिंह रायजादा के पक्ष में प्रचार करतीं दयाल नैहरनपुखर पंचायत की प्रधान ममता देवी।

परागपुर। ग्राम पंचायत दयाल नैहरनपुखर की प्रधान ममता देवी व अन्य समर्थकों ने उपमंडल देहरा के विभिन्न क्षेत्रों मे डोर-टू-डोर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल सिंह रायजादा के लिए वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी की जनहित नीतियां भी लोगों के आगे रखीं। पंचायत प्रधान ममता देवी व अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा का धन-बल का घमंड सिर चढ़कर बोल रहा है। भाजपा नेताओं के अहंकार को प्रदेश की जनता देख रही है। उन्होंने कहा कि धन-बल के जरिए भाजपा नेता हिमाचल प्रदेश सरकार को अस्थिर करने का असफल प्रयास कर रहे हैं।

बारिश की फुहारों से सुहावना हुआ मौसम

धर्मशाला। आसमान पर उमड़े बादलों के साथ वीरवार सुबह 10 बजे के बाद हुई बारिश के चलते धर्मशाला में वीरवार को मौसम सुहावना हो गया। इससे पिछले कुछ दिनों से पड़ रही तेज गर्मी से लोगों को राहत मिली। हालांकि जिले के अन्य क्षेत्रों में बारिश के न होने से अभी भी गर्मी पड़ रही है तथा लोग बेहाल हैं। हालांकि धर्मशाला में आधा घंटे तक ही बारिश का क्रम चला तथा इसके बाद आसमान में बादलों के साथ हल्की हवा बीच-बीच में चलती रही। यहां बताते चलें कि जिला में पड़ रही तेज गर्मी के कारण स्कूली बच्चों को राहत देने के लिए जिला प्रशासन ने स्कूलों की टाइमिंग को सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर एक बजे तक कर दिया है। बता दें कि इस साल गर्मी ने पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। जिले भर में तेज गर्मी पड़ रही है।

आकृति ने मतदान के लिए किया जागरूक

नूरपुर। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम नूरपुर गुरसिमर सिंह के निर्देशानुसार स्वीप टीम नूरपुर द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्वीप टीम द्वारा इस कार्यक्रम के तहत पर्वतारोही आकृति को यूथ आइकन बनाया है। यूथ आइकन द्वारा लोगों को नुक्कड़ नाटक, गानों द्वारा मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पर्वतारोही आकृति हीर ने इस कार्यक्रम के तहत एक गाने के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया और सभी से अपील की है कि वे पहली जून को अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। आकृति हीर ने कहा कि जैसे की सभी जानते है कि पहली जून को मतदान होगा। मेरी सभी लोगों से अपील है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में मत डालने जाएं।

रोजाना रजिस्टर में दर्ज हो प्रचार का खर्च

उपायुक्त कार्यालय के सभागार में व्यय पर्यवेक्षक प्रतिभा चौधरी ने जारी किए दिशा-निर्देश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस अधिकारी प्रतिभा चौधरी ने चुनाव प्रचार के खर्च का ब्यौरा रोजाना रजिस्टर में दर्ज करने को कहा है ताकि सहायक व्यय पर्यवेक्षकों एवं अकाउंटिंग टीमों द्वारा बनाए गए शैडो रजिस्टर से इसका मिलान कर खर्च का सही आकलन किया जा सके। वीरवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार व्यय की दूसरी जांच करते हुए व्यय पर्यवेक्षक प्रतिभा चौधरी ने कहा कि अगर सभी उम्मीदवार रोजाना अपने खर्चों का ब्यौरा पारदर्शिता के साथ रजिस्टर में दर्ज करेंगे तो इससे उन्हें भी चुनाव खर्च की गणना करने में आसानी होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करते ही उम्मीदवार के खर्चे की गणना शुरू हो जाती है और चुनाव परिणाम घोषित होने तक जारी रहती है। व्यय पर्यवेक्षक ने बताया कि उम्मीदवारों के अपने व्यय रजिस्टर के अलावा निर्वाचन आयोग की टीमें भी शैडो रजिस्टर बनाती हैं। निरीक्षण के दौरान इन दोनों रजिस्टरों का मिलान भी किया जाता है, ताकि चुनावी खर्च का सही आकलन किया जा सके। निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और

बैठक को संबोधित करतीं व्यय पर्यवेक्षक प्रतिभा चौधरी।

शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए व्यय पर्यवेक्षक ने सभी उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने में अपना सहयोग दें। इस अवसर पर व्यय पर्यवेक्षक ने उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों को चुनावी खर्चे की गणना के संबंध में कई महत्वपूर्ण दिशानिर्देश भी जारी किए। व्यय जांच में एडीसी सौरभ जस्सल, सहायक व्यय पर्यवेक्षक और चुनाव प्रत्याशियों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

28 को होगी जांच

व्यय पर्यवेक्षक ने बताया कि उम्मीदवारों के चुनावी खर्च वाले रजिस्टर की जांच अब 28 मई को होगी। उन्होंने बताया कि चुनावी खर्चे का नियमानुसार हिसाब न देने वाले उम्मीदवारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है और उनके चुनाव लड़ने पर 3 साल तक का प्रतिबंध लग सकता है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित खर्च 95 लाख की सीमा से ज्यादा खर्चा पाए जाने पर चुनाव में विजयी हो जाने के बाद भी सदस्यता रद्द हो सकती है।

हैप्पी बर्थडे

राजा के तालाब के रफी को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

गुरु के बिना ईश्वर की प्राप्ति नहींः हरीशानंद

आशीष दमीर, कांगड़ा

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा जयंती विहार कांगड़ा में चल रही तीन दिवसीय श्री हरि कथा के तीसरे व अंतिम दिवस उपस्थित भक्तजनों को दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी हरिशानंद ने सुदामा प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि यूं तो संसार में बहुत सारे रिश्ते हैं जो पल प्रतिपल बदलते रहते हैं। यह सांसारिक रिश्तों का आधार केवल स्वार्थ ही है, परंतु संसार में एक ऐसा रिश्ता भी है जिसके रोम रोम में केवल प्रेम ही बसा है और वह रिश्ता भक्त और भगवान का है। जितना भक्त भगवान को स्मरण करता है, उतना ही भगवान भी अपने प्रिय भक्तों को स्मरण करते है। ऐसा ही रिश्ता

जयंती विहार कांगड़ा में तीसरे दिन वीरवार को श्री हरि कथा का शुभारंभ करते एसडीएम ईशांत जस्वाल

था भगवान श्री कृष्ण और सुदामा का, भगवान श्री कृष्ण को जब यह बात पता चली कि मेरा बचपन का मित्र सुदामा मुझे मिलने के लिए पैदल बहुत लंबी यात्रा करके मेरे पास पहुंचा है, आज भक्त सुदामा के पांव में जूते नहीं है तो द्वारकाधीश भी नंगे पांव ही सुदामा को मिलने के लिए दौड़ पड़ते हैं, भक्त और भगवान के इस मिलन का पूरी सृष्टि साक्षी बनती है। स्वामी ने कहा कि जीवन में भक्त बनने के लिए सर्वप्रथम भक्ति की आवश्यकता होती है। भक्ति की प्राप्ति के लिए जीवन में परम आवश्यकता है सद्गुरु की, शास्त्र, धार्मिक ग्रंथ, ऋषि, मुनि इत्यादि सभी का एक ही कथन है, गुरु के बिना भवसागर से पार नहीं हुआ जा सकता। गुरु वह सेतु है जो हमें ईश्वर मिलन में सहायक होते है। गुरु के बिना ईश्वर का मिलन संभव नहीं है। आज हमारे समक्ष यह प्रश्न है कि शास्त्रों में किस गुरु की महिमा कही गई है। इस दौरान कथूरिया परिवार की ओर से सभी के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया। इसी अवसर पर सुखदेव, सुनील, रितिव्क, गोकुल ने भजन गाए। कथा में शहर के गणमान्य अतिथि ईशांत जस्वाल एसडीएम कांगड़ा, वीपी शर्मा व अन्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

निरीक्षण समिति ने किया जयसिंहपुर कॉलेज का दौरा

अनंत ज्ञान, लंबागांव

कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा स्थायी संबद्धता के लिए गठित पांच सदस्यीय निरीक्षण समिति द्वारा महाविद्यालय का दौरा किया गया। इस समिति का मुख्य कार्य महाविद्यालय का स्थायी संबद्धता के लिए निरीक्षण करना रहा।

निरीक्षण समिति में मुख्य संयोजक प्रो. कुल भूषण चंदेल अन्य सदस्य जिसमें डॉ. विनय कुमार शर्मा, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. किरण कुमार, डॉ. संगीता सिंह शामिल रहे। समिति ने महाविद्यालय के विभिन्न मानकों जिसमें महाविद्यालय के पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब व विभिन्न प्रयोगशालाओं का ध्यानपूर्वक निरीक्षण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा व अन्य प्राध्यापकों ने समिति के समक्ष विभिन्न गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। टीम ने महाविद्यालय को तीन वर्ष के लिए स्थायी संबद्धता देने के लिए सिफारिश की है। निरीक्षण कार्य के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा, डॉ. सुरजीत सिंह राणा, प्रो. रविंद्र जग्गी, डॉ. अर्पित कायस्थ, प्रो. विकास कालोत्रा, डॉ. इंद्र कुमार, प्रो. सुमिक्षल सूद, प्रो. रविंद्र कुमार, प्रो. हरजिंद्र सिंह, प्रो. किरण शर्मा, प्रो.शिवानी व अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे।

शाहपुर-भवारना में मारपीट के मामले दर्ज

शाहपुर। पुलिस थाना शाहपुर के तहत परसेल लिंक रोड पर आटा चक्की के काला, मुकेश व रोहित निवासी परसेल डाकघर बजरेहड़ ने अभिनव अवस्थी निवासी प्रेई का रास्ता रोककर गाली-गलौज व मारपीट की है। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना शाहपुर में भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 323, 504, 34 भारतीय दंड संहिता में दर्ज किया गया है। उधर, पुलिस थाना भवारना के तहत नरोजी में प्यार चंद व सैना देवी निवासी नरोजी ने शिवानी देवी का रास्ता रोककर लड़ाई-झगड़ा व मारपीट की है। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना भवारना में में केस दर्ज किया गया है। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा ने मामले की पुष्टि की है।

राजा का तालाब मार्ग पर रिग मशीन पलटी

जवाली। राजा का तालाब मार्ग पर नियाल में एक रिग मशीन सड़क किनारे पलट गई। भगवान का शुक्र रहा कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। जानकारी अनुसार रिग मशीन जवाली की तरफ आ रही थी जिसमें चालक के अलावा दो अन्य लोग सवार थे। नियाल में कमानियां टूटने से रिग मशीन सड़क किनारे पलट गई। मशीन पलटने के कारण उसमें सवार तीनों व्यक्ति अंदर फंस गए जिनको स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और उपचार के लिए भेज दिया। दो व्यक्तियों को चोटें आई हैं। पुलिस ने भी मौका देखा है तथा रिग मशीन को हटवा कर मार्ग को खुलवाया, अगर रिग मशीन एक बार और पलट जाती तो जानी नुकसान हो जाता।

सिने जगत

प्रियंका ने पहना 350 करोड़ का डायमंड नेकलेस

2800 घंटे में तैयार हुआ है बुल्गारी ब्रांड का नेकलेस

इंटरनेशनल स्टार प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में करोड़ों का नेकलेस पहनकर हर किसी का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा बुल्गारी ज्वेलरी ब्रांड की 140वीं एनिवर्सरी के मौके पर एक इवेंट में शामिल हुई थीं। इवेंट में उन्होंने बुल्गारी ब्रांड का सबसे महंगा नेकलेस पहना था, जिसकी कीमत 350 करोड़ रुपए बताई जा रही है। प्रियंका चोपड़ा ने 140 कैरेट वाला डायमंड नेकलेस पहना था, यह बुल्गारी ब्रांड का सबसे ज्यादा कीमत वाला नेकपीस है। इस सर्पेंटी एटर्ना नेकपीस को 20 कैरेट वाले 7 पियर शेप डायमंड ड्रॉप के साथ ब्रांड का सबसे महंगा नेकलेस बनाया गया है। इस नेकलेस की कीमत 350 करोड़ रुपए है। इस नेकपीस को 2 हजार 800 घंटे में सबसे बेहतरीन सुनारों ने तैयार किया है।

बुल्गारी ज्वेलरी ब्रांड की एंबेसडर हैं प्रियंका

प्रियंका चोपड़ा की तस्वीरें बुल्गारी के ऑफिशयल इंस्टाग्राम पेज पर जारी की गई हैं। तस्वीरों के साथ लिखा गया है, इटरनल ब्यूटी। ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर प्रियंका चोपड़ा एक्स्ट्रा बुल्गारी ज्वेलर्स के सबसे कीमती आर्ट वर्क एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी सर्पेंटी एटर्ना नेकलेस में चमकती हुई नजर आई।

शॉर्ट हेयर में नजर आईं एक्ट्रेस

सामने आई तस्वीरों में प्रियंका चोपड़ा ब्लैक एंड व्हाइट ड्रॉप शोल्डर ड्रेस में नजर आई हैं। डायमंड ज्वेलरी पहनी हुई प्रियंका का नया शॉर्ट हेयर कट भी दिखा है।

कल्कि 2898 एडी का नया टीजर जारी

लाइव इवेंट में बुज्जी और भैरवा के किरदारों का परिचय करवाया

प्रभास की मोस्ट अवेटेड फिल्म कल्कि 2898एडी का नया टीजर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में एक खास तरह के किरदार को इंट्रोड्यूस करवाया गया है, जिसका नाम बुज्जी है। बुज्जी एक तरह की डिवाइस है, जो मिशन में भैरवा की मदद करती है। मेकर्स ने लाइव इवेंट में बुज्जी और भैरवा के किरदारों को दर्शकों से मिलवाया है। इवेंट में प्रभास ने ग्रांड एंट्री ली, जिसके बाद टीजर जारी किया गया है। टीजर में भैरवा और बुज्जी की बॉन्डिंग साफ-साफ देखने को मिल रही है। प्रभास, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण, कमल हासन स्टारर इस फिल्म को साउथ के पॉपुलर डायरेक्टर नाग अश्विन ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में अमिताभ बच्चन अश्वत्थामा के रोल में नजर आएंगे, जबकि प्रभास फिल्म में भैरवा का रोल प्ले कर रहे हैं।

इस साल की सबसे महंगी फिल्म

प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी को 600 करोड़ रुपए के मेगा बजट में तैयार किया जा रहा है। इस बजट के साथ यह इस साल के साथ-साथ भारत की सबसे महंगी फिल्म होगी। फिल्म को हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, मलयाली, कन्नड़ और अंग्रेजी भाषा में रिलीज किया जाएगा।

27 जून को होगी रिलीज

कल्कि 2898एडी को पहले 9 मई 2024 में रिलीज किया जाना था, हालांकि जनरल इलेक्शन के चलते फिल्म टल गई थी। अब फिल्म को 27 जून 2024 को रिलीज किया जाएगा। हिंदू माइथोलॉजी पर आधारित यह एक साइंस फिक्शन फिल्म होगी।



रणवीर सिंह को शक्तिमान बनाने को तैयार नहीं मुकेश खन्ना

'शक्तिमान' के किरदार के लिए बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह और मुकेश खन्ना के बीच सहमति बनती नजर नहीं आ रही। हाल ही में रणवीर 'शक्तिमान' फेम एक्टर खन्ना को मनाने उनके ऑफिस भी पहुंचे थे पर लगता है अभी भी बात बन नहीं पाई है। खन्ना ने बुधवार को यू-ट्यूब पर एक और वीडियो जारी करते हुए सफाई दी। उन्होंने कहा कि 'अभी तक ऊंट किसी करवट में नहीं बैठा है। अभी भी मंथन जारी है। जब ऊंट किसी एक करवट पर बैठ जाएगा तब मैं आपको बताऊंगा, क्योंकि शक्तिमान आपके लिए बन रही है.. मेरे लिए नहीं बन रही। चर्चा है कि रणवीर 'शक्तिमान' पर बन रही फिल्म में लीड रोल निभाना चाहते हैं। फिल्म के मेकर्स सोनी पिक्चर्स भी उन्हें यह रोल ऑफर करने के लिए तैयार हैं पर मुकेश खन्ना इसका विरोध कर रहे हैं। चर्चा तो यह भी है कि मुकेश इस फिल्म को किसी और बड़े प्रोडक्शन हाउस और दूसरे एक्टर के साथ करना चाहते हैं।

ऑस्कर के ऑफिशियल पेज पर 'घर मोरे परदेसिया' की क्लिप शेयर

द अकेडमी यानी ऑस्कर अवॉर्ड के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट ने एक बार फिर इंडियन फैंस को सरप्राइज दिया है। अकेडमी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर करण जौहर के बैनर तले बनी मल्टीस्टारर फिल्म 'कलंक' के गाने 'घर मोरे परदेसिया' को फीचर किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस आलिया भट्ट डांस करती नजर आ रही हैं।

यूजर्स ने की आलिया और श्रेया की तारीफ

इस वीडियो को देखकर इंडियन फैंस बेहद सरप्राइज हैं। वो कमेंट बॉक्स में आलिया और गाने की सिंगर श्रेया घोषाल की जमकर तारीफ कर रहे हैं। वहीं कुछ यूजर्स ने क्रिटिकली और कमर्शियली फ्लॉप रही 'कलंक' की तारीफ करते हुए लिखा 'आखिरकार फिल्म अकेडमी तक पहुंच ही गई।'

सनफ्लावर बन कांस में खूब चमकी 'बिब्बो जान'

बिब्बो जान बनकर अपने हुस्न का जलवा बिखरने वाली अदिति आखिरकार कांस पहुंच गई हैं।

न्यूज ब्रीफ

केंद्रीय मंत्री अमित शाह कल धर्मशाला में

धर्मशाला। भाजपा के स्टार प्रचारक और केंद्रीय मंत्री अमित शाह का हिमाचल टूर फाइनल हो गया है। 25 मई को केंद्रीय मंत्री अमित शाह हमीरपुर और कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। सुबह 9:30 बजे मेला ग्राउंड अंब जिला ऊना में उनका कार्यक्रम रहेगा और उसके बाद 11:30 बजे धर्मशाला पुलिस ग्राउंड जिला कांगड़ा में एक रैली को संबोधित करेंगे। इससे पहले उनका धर्मशाला कार्यक्रम जोरावर स्टेडियम में बताया गया था, लेकिन अब पुलिस ग्राउंड में उनकी रैली 25 मई को होगी। कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रभारी विपिन सिंह परमार ने बताया कि 25 मई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पुलिस मैदान में साढ़े 11 बजे एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस रैली को लेकर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं व जनता में भारी जोश है। वह दिन दूर नहीं जब 400 सीटें पार कर केंद्र और प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी तथा नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

संत निरंकारी भवन घुरकड़ी में समागम

गगल। संत निरंकारी भवन घुरकड़ी में वीरवार को जिला स्तरीय समागम का आयोजन किया गया। इसमें दिल्ली से आए राष्ट्रीय ज्ञान प्रचार महात्मा एसएस चावला ने सद्गुरु माता सुदीक्षा व राज पिता के पावन सानिध्य के दिशा निर्देश के अनुसार संयोजक जिला स्तरीय समागम का आयोजन किया। इसमें माता सुदीक्षा जी महाराज ने कहा है कि ब्रह्म ज्ञान द्वारा संसार में अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर रोशनी लाना है। मनुष्य में परमात्मा का अंश पहले से ही मौजूद है। शरीर में होने के कारण आत्मा शरीर ही मान लेती है परंतु आत्मा का मूल तत्व परमात्मा ही है शरीर का कोई भी अंग दर्द होने पर मेरे इस अंग में दर्द हो रहा है यह कहते हैं न कि मुझ में दर्द हो रहा है। निरंकार में ही विचरण कर रहे हैं। इसलिए समय रहते इसकी पहचान करनी है। दिखावे की तरफ न जाए बल्कि समर्पित भाव से कार्य करते रहें। कर्तव्यों का पालन करते हुए घर परिवार में रहकर भक्ति करते जाए। समागम में हजारों साद संगत ने हाजिरी लगाई।

नैहरनपुखर में बांस के झुंड में लगी आग

गगल। चनौता रोड नैहरनपुखर स्थित सरकारी आईटीआई के निकट संपर्क सड़क किनारे वीरवार देर सांय अचानक बांस के झुंड में आग लग गई। आग की तेज लपटों का पता चलते ही वहां स्थानीय लोगों के बीच भगदड़ मच गई। वहां बांस के झुंड व झाड़ियों को लगी आग अपना विकराल रूप धारण करती, उससे पहले ही दुकानदारों व स्थानीय ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। अशोक शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि यहां पानी की बेहद किल्लत होने के कारण आग को काबू पाने के लिए बहुत परेशानी हुई।

कमीशनिंग के बाद स्ट्रांग रूम में रखी जाएंगी ईवीएम

जिला निर्वाचन अधिकारी ने होम वोटिंग व वीवीपैट कमीशनिंग प्रक्रिया का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने वीरवार को कांगड़ा विस क्षेत्र में होम वोटिंग तथा ईवीएम वीवीपैट की कमीशनिंग प्रक्रिया का निरीक्षण किया और चुनाव डयूटी पर तैनात अधिकारियों तथा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 तथा विधानसभा क्षेत्र धर्मशाला को उपचुनाव को आवंटित ईवीएम-वीवीपैट की कमिशनिंग प्रक्रिया 25 मई तक पूर्ण की जाएगी। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में ईवीएम तथा वीवीपैट के लिए 19 स्ट्रांग रूम स्थापित किए गए हैं। ईवीएम-वीवीपैट की कमिशनिंग के लिए स्ट्रांग रूम को उम्मीदवारों या उनके अधिकृत चुनाव एजेंटों की उपस्थिति में ही खोला जाएगा। कमिशनिंग की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ईवीएम-वीवीपैट को स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा तथा इसे उम्मीदवारों या उनके अधिकृत चुनाव एजेंटों की उपस्थिति में ही सील किया जाएगा।

इस दौरान किसी भी व्यक्ति को हॉल के अंदर किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने या हॉल के अंदर से कोई भी सामग्री बाहर लाने की अनुमति नहीं होगी।

ईवीएम वीवीपैट की कमीशनिंग प्रक्रिया के निरीक्षण के दौरान डीसी व अन्य।

उन्होंने कहा कि अगर इस प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवार स्वयं उपस्थित रहने के बजाय अपने प्रतिनिधि को अधिकृत करना चाहते हैं तो उस प्रतिनिधि के पास भारत निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेज होने चाहिए। उन्होंने सहायक निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिए कि ईवीएम-वीवीपैट की कमिशनिंग प्रक्रिया को नियमानुसार पूर्ण किया जा रहा है।

मतदाताओं तक पहुंचाएं वोटर स्लिप

धर्मशाला। जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि बूथ लेवल अधिकारियों को वोटर स्लिप मतदाताओं तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं ताकि सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में मत प्रतिशतता बढ़ाने के लिए स्वीप अभियान भी आरंभ किया गया है, इसके साथ ही गत लोकसभा चुनावों में साठ प्रतिशत से कम मतदान वाले पोलिंग बूथों पर विशेष फोकस किया है तथा वोटिंग न होने के कारणों को समझने के साथ-साथ लोगों को मतदान के लिए प्रेरित भी किया गया है। साठ प्रतिशत से कम मतदान वाले अधिकांश पोलिंग बूथ को मॉडल पोलिंग बूथ के रूप में स्थापित किया जाएगा ताकि लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा सके। मतप्रतिशतता बढ़ाने के लिए होम वोटिंग भी आरंभ की गई है। इसके साथ ही पोलिंग बूथ पर भी दिव्यांग तथा बुजुर्गों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी ताकि मतदान करने में किसी भी तरह की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र में 1910 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं ताकि लोगों को मतदान करने में किसी भी तरह की दिक्कतें न आएं।

शाहपुर की जनता विकास के नाम पर करेगी वोट: पठानिया

अनंत ज्ञान, शाहपुर

शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में विधायक केवल सिंह पठानिया ने नुक्कड़ सभाएं की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के लिए लोगों से वोट मांगे। उन्होंने कहा कि आनंद शर्मा नेशनल स्तर के नेता है और अलग-अलग पदों पर केंद्र में मंत्री के रूप में कार्य किया है। इससे कांगड़ा-चंबा की जनता को इसका जरूर लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र शाहपुर की जनता विकास के नाम पर वोट करेगी न कि झूठी पार्टी बीजेपी को। कांग्रेस पार्टी विकास के नाम पर वोट मांगती है। जो बोलती है वह करके दिखाती है। आनंद शर्मा को भारी मतों से जीता कर कांगड़ा-चंबा की जनता दिल्ली भेजेगी। कांग्रेस पार्टी की जैसे ही केंद्र में सरकार बनेगी तो कांगड़ा-चंबा लोकसभा सदस्य को मंत्री पद मिलेगा जिससे कांगड़ा-चंबा की जनता को मंत्री मिलेगा इससे कांगड़ा-चंबा के क्षेत्र का विकास होगा। धार कंडी क्षेत्र का विकास कांग्रेस पार्टी ने ही किया है और आगे भी कांग्रेस की सरकार ही करेगी।

नुक्कड़ सभा में पहुंचने पर विधायक केवल सिंह पठानिया का स्वागत करते लोग।

खनियारा में दुकान से शराब बरामद

धर्मशाला। महिला पुलिस थाना धर्मशाला के तहत खनियारा में स्वरूप कुमार निवासी वार्ड नं. 15 की दुकान से 6,750 मिलीलीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में महिला पुलिस थाना धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया है। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है। उधर पुलिस थाना कांगड़ा के तहत उज्जैन में बलवीर सिंह निवासी उज्जैन सेवकरा के मकान से 9,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना कांगड़ा में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया है। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

बुद्ध पूर्णिमा पर मैक्लोडगंज में विधिवत पूजा-अर्चना

अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज

निर्वासित तिब्बत सरकार के मुख्यालय मैक्लोडगंज में तिब्बती समुदाय के लोगों ने बुद्ध पुर्णिमा के अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस मौके पर दलाई लामा मंदिर में काफी संख्यां में तिब्बती समुदाय के लोगों के अलावा सैलानी भी पहुंचे तथा महात्मा बुद्ध की पूजा-अर्चना की। इस दौरान काफी संख्यां में बोध भिक्षु यहां मौजूद रहे।

पौंग झील किनारे भूसे को लगाई आग

अनिल छांगू, जवाली

पौंग झील में पहले गेहूं की अवैध खेती की और फिर उसकी कंबाइन से कटाई की व बाद में गेहूं के बचे भूसे को आग लगा दी। इससे पौंग झील की इस खाली जमीन में अपना बसेरा बना कर रह रहे स्थानीय पक्षियों के अंडे व बच्चे भी चपेट में आने की आशंका जताई जा रही है। इस घटना के अंजाम से ऐसा लगता है कि राज्य वन विभाग की वन्य जीव शाखा ने पौंग झील पर अपना नियंत्रण छोड़ दिया है, क्योंकि इस वर्ष सभी खाली भूमि को कंटीले तारों से घेर दिया गया था, अच्छी तरह से जुताई की गई और कंबाइनों से कटाई की गई। अब गेहूं के बचे हुए भूसे में आग लगाने से उठने वाले धुएं से पूरा क्षेत्र आगोश में है। क्षेत्रवासी बार-बार इस मुद्दे को उठाते रहे हैं।

इस मुद्दे को लेकर हिमाचल प्रदेश के उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिसके निर्देश पर उन्होंने अब राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण में मामला दायर किया है और जल्द ही एक अनुकूल निर्णय की उम्मीद कर रहे हैं। पर्यावरणविद मिल्खी राम शर्मा ने इस मामले को उच्चतम स्तर तक उठाने का साहस दिखाया है। शर्मा ने कहा कि वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के अनुसार, 2002 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश, 2018 की वेटलैंड अधिसूचना में कहा गया है कि इस क्षेत्र में कोई भी गैर-वानिकी गतिविधि नहीं हो सकती है।

विभाग ने इन उल्लंघनों के लिए अपनी मौन सहमति दे दी, हमारे पास ग्रीन ट्रिब्यूनल में मामला दर्ज करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था और हम आशावादी हैं कि स्थापित कानून लागू होगा। डीएफओ वाइल्ड लाइफ रेजिनाल्ड रॉयस्टन ने कहा कि आग लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

न बने संस्थान; न चली रेल, अनुराग हर फील्ड में हुए फेल: मनकोटिया

अनंत ज्ञान, डाडासीबा

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र मनकोटिया ने कहा कि हमीरपुर से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर एक सांसद और केंद्रीय मंत्री के रूप में पूरी तरह फेल साबित हुए हैं। वह न तो अपने संसदीय क्षेत्र के लिए कोई बड़ा संस्थान ला पाए और न ही कई साल से चली आ रही रेल की मांग को पूरा कर पाए। उनके अपने गृह जिले हमीरपुर में भी रेल लोगों के लिए बड़ा सपना बनकर रह गई है। मनकोटिया ने कहा कि अनुराग ठाकुर चार बार हमीरपुर से सांसद बन चुके हैं। क्या वह जनता को कोई चार उपलब्धियां बता सकते हैं। वह सिर्फ झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है।

आम परिवार से मुख्यमंत्री पद पर पहुंचे सुखविंद्र सिंह सुक्खू एक आम व्यक्ति का दर्द समझते हैं, इसलिए उन्होंने पुरानी पेंशन बहाली, इंदिरा गांधी प्यारी बहन सुख सम्मान निधि, अनाथ एवं बेसहारा बच्चों के लिए सुख आश्रय योजना, एकल नारी के लिए 3 लाख रुपए अनुदान सहित किसानों, पशुपालकों एवं बागवानों आदि के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई हैं।

राकेश चौधरी ने पद यात्रा से किया प्रचार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी राकेश चौधरी ने वीरवार को पद यात्रा निकाल कर प्रचार किया। यह पद यात्रा धर्मशाला के गांधी चौक से शुरू हुई और शहीद स्मारक पर समाप्त हुई। पद यात्रा के दौरान राकेश चौधरी के साथ सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस दौरान वह दुकानदारों, छोटे कामगारों और आम लोगों से मिले तथा उनकी समस्याओं को भी सुना। पद यात्रा के दौरान उन्होंने लोगों ने उनके पक्ष में मतदान का आग्रह किया। एक विशेष भेंट वार्ता में उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार है और दूसरी तरफ विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का दम भरने वाली भाजपा है लेकिन उनके पास जनता का समर्थन है। दोनों राजनीतिक पार्टियों के पास धन बल है लेकिन उनके पास जन बल है और इसी जन बल के बूते वह चुनाव मैदान में उतरे हैं। गौरतलब है कि राकेश चौधरी एक सशक्त ओबीसी चेहरा हैं और वह पूर्व में भी 2019 का उपचुनाव लड़ चुके हैं। लोगों के बीच अच्छी पैठ के चलते वह पूर्व उपचुनाव में अपना दम दिखा चुके हैं हालांकि उन्हे थोड़े वोटों के अंतराल से हार झेलनी पड़ी थी। निर्दलीय प्रत्याशी होने के बावजूद उन्होंने 18 हजार से अधिक वोट जुटा कर अन्य राजनीतिक दलों को चौंका दिया था। जनता में अच्छी पकड़ के चलते उन्हें गत विधानसभा चुनावों में भाजपा ने टिकट दी थी लेकिन पार्टी में भीतरघात के कारण उन्हें एक बार फिर हार का मुंह देखना पड़ा।

पदयात्रा के दौरान दुकानदारों से मिलते निर्दलीय प्रत्याशी राकेश चौधरी।

राज राजेश्वरी मंदिर में युवक व युवती ने फैलाई असभ्यता

अनंत ज्ञान टीम, देहरा/डाडासीबा

देहरा उपमंडल के तहत पड़ते नैहरनपुखर में वीरवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई। इसमें एक युवक व युवती तालाब स्थित राज राजेश्वरी मंदिर में असभ्यता फैलाते हुए नजर आए। जिस पर मंदिर के पुजारी अनीश पंडित ने इसकी ऑनलाइन शिकायत देहरा थाना की ऑफिशल मेल पर कर दी।

बता दें मंदिर परिसर में एक युवक और युवती आपत्तिजनक तरीके से मंदिर परिसर में हरकतें कर रहे थे जिसकी रिकॉर्डिंग मंदिर के सीसीटीवी कैमरा में रिकॉर्ड हो गई। मंदिर पुजारी मौके पर मंदिर पहुंचे तो यह युवा पुजारी से बदतमीजी करने लग पड़े। पुजारी ने पूरे प्रकरण की ऑनलाइन शिकायत पुलिस थाना देहरा में करवा दी। वहीं इस बारे में पंचायत उपप्रधान अजय कुमार ने कहा कि मंदिर पुजारी ने ऑनलाइन शिकायत दी है। पंचायत पवित्र धार्मिक स्थलों पर इस तरह की हरकतें बर्दाश्त नहीं कर सकती। हम पुलिस प्रशासन से ऐसा करने वालों पर सख्त कार्यवाई की मांग करेंगे। मामले की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी देहरा संदीप पठानिया ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर ही है। थाने में ऑनलाइन शिकायत मिली है।

पुजारी ने पुलिस में दर्ज करवाई शिकायत

युवा नेता बख्शीश भाजपा छोड़ 'आप' में शामिल

अशोक ठाकुर, पठानकोट

24 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीनानगर में हो रही रैली से एक दिन पहले जिला पठानकोट भाजपा को एक बहुत बड़ा झटका लगा है। दिग्गज भाजपा युवा नेता बख्शीश सिंह व आधा दर्जन अन्य पूर्व एमसी व भाजपा नेता भाजपा को अलविदा कहकर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए।

स्वर्ण सलारिया के भाजपा छोड़कर आम आदमी पार्टी में आने से कई दिग्गज बीजेपी के नेता आप में शामिल हो रहे है। कैबिनेट मंत्री पंजाब लाल चंद कटारू चक्क तथा आप नेता सतीश की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा को अलविदा कहकर आप में शामिल होने वाले युवा नेताओं का स्वागत सिरोपा भेंट करके किया गया। मौके पर भाजपा पंजाब बूथ इलेक्शन कमेटी के सह प्रमुख, प्रदेश युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष व भाजपा युवा मोर्चा जिला के अध्यक्ष रहे बख्शीश सिंह गोसाईपुर, ब्लॉक समिति मेंबर व मंडल प्रधान युवा मोर्चा रहे मुकेश लवली, युवा मोर्चा के पूर्व सचिव विशाल शर्मा, पंजाब युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष रहे धरमिंद्र सिंह उर्फ शेरू, पूर्व भाजपा पार्षद कमल महाजन, पूर्व भाजपा पार्षद सुखजिंद्र सिंह, भाजपा के चार बार पार्षद रहे चमन लाल भगवती तथा पूर्व एमसी मंजीत सिंह ने कमल का साथ छोड़ झाड़ू को थाम लिया। मौके पर कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारू ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. केडी सिंह, सौरभ बहल, भानु प्रताप, सीएस लायल पुरी, चंदन, साहिब सिंह साबा व अन्य वरिष्ठ आप नेता भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

भाजपा को अलविदा कहकर आप में शामिल हुए युवा नेता बख्शीश सिंह व अन्य सामूहिक चित्र में।

छन्नी टोली में नहर में डूबने से दो युवकों की मौत

अनंत ज्ञान, पठानकोट

पठानकोट हलका भोआ के गांव छन्नी टोली के निकट यूबीडीसी नहर में डूबने से दो युवकों की मौत होने का मामला सामने आया है। दोनों युवक गुज्जर परिवार के थे। नहर में डूबने वाले युवकों की पहचान लियाकू 23 वर्षीय पुत्र दुल्ला निवासी छन्नी टोला और इसका रिश्तेदार मसकीन अली 25 साल पुत्र लाली निवासी चंबा के रूप में हुई है। मृतक युवकों के परिजनों का कहना है कि मसकीन अली लियाकू के घर उसके भतीजे की शादी समारोह में आया हुआ था। मसकीन का एक भाई महीने पहले सड़क हादसे में मारा गया था। वीरवार को नहर में पशुओं को बाहर निकालते समय मसकीन और लियाकू की मौत हो गई। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि एनडीआरएफ टीम और पुलिस प्रशासन को युवकों के डूबने की सूचना भी दी, लेकिन समय पर कोई नहीं पहुंच पाया। यदि समय पर टीमें आती तो युवकों की जान बचाई जा सकती थी। दूसरी तरफ एनडीआरएफ टीम के कर्मचारी ने बताया कि उन्हें जैसे ही युवकों के नहर में डूबने की सूचना मिली तो वे मौके पर पहुंच गए और युवकों के शव को नहर से बाहर निकाला। परिवार को शव सौंप दिए है।

चुनाव बूथ लेवल बैठकों के दौरान भाजपा प्रत्याशी ने खोला मोर्चा

झूठ का प्रचार कर रही कांग्रेस: सुधीर शर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने बूथ लेवल पर बैठकें की। वीरवार को भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने कहा कि यह लड़ाई धर्मशाला के भविष्य के लिए लड़ी जा रही है। आज कांग्रेस में ऐसे दिन आ चुके हैं कि झूठ बोलकर प्रचार किया जा रहा है। 1500 रुपए का वादा जो महिलाओं के साथ किया गया, उसकी कोई गारंटी नहीं।

आज कांग्रेस के नेता खुद किसी एक महिला के अकाउंट में 1500 रुपए ट्रांसफर करके लोगों को दिखाते फिर रहे हैं कि देखो इनके पैसे आ गए, लेकिन असलीयत यह है कि पैसे किसी महिला को नहीं मिल रहे। अपने ही महिला कार्यकर्ता को पैसे ट्रांसफर करके झूठ बोला जा रहा है। ऐसे ही कई वादें उन्होंने और भी किए हैं, लेकिन इन वादों को पूरा करने के कोई इरादे सरकार के नजर नहीं आ रहे। सुधीर शर्मा ने कहा कि हमारी लड़ाई रोजगार को लेकर भी रही है। जब सत्र चल रहा था उस वक्त हमनें सड़कों पर बैठे युवा बेरोजगारों से भी मुलाकात की। उस वक्त भी हमें कांग्रेस के लोग पार्टी विरोधी बताने लगे। हमने हार नहीं मानी। आप खुद सोचिये... क्या यह सही है कि आज का युवा नौकरी और अच्छे काम करने की बजाय सड़कों पर सरकार से मिन्नतें कर रहा है। हमने सीएम से भी उस वक्त इस मामले को उठाया था, लेकिन उन्होंने कोई कदम नहीं उठाया। इसलिए यह बदलाव किया है और सरकार से यह जंग आगे भी जारी रहेगी। सुधीर शर्मा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। धर्मशाला के लिए यूनिटी मॉल मोदी जी ने दिया है जिसका काम होते ही रोजगार के दरवाजे खुलेंगे। ऐसे ही कई और बड़े प्रोजेक्ट्स पेंडिंग हैं जिन्हें काम करवाकर धर्मशाला को आगे बढ़ाना है। उन्होंने लोगों से वोट अपील भी की और धर्मशाला के सफल भविष्य को लेकर कमल खिलाने को कहा। इस दौरान कई बूथों पर कार्यक्रम किए गए और लोगों से वोट अपील भी की गई।

बैठक के दौरान जनता को संबोधित करते सुधीर शर्मा।

चेलियां के पास जंगल में लगी आग विभाग के कर्मियों ने पाया काबू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला के चेलियां गांव के पास आग लगने के कारण चीड़ के छोटे पौधे आग की भेंट चढ़ गए। जानकारी के अनुसार जंगल में लगी आग की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को काबू कर लिया तथा अन्य पेड़ों को जलने से बचाया। इस बारे में जानकारी देते हुए स्टेशन फायर ऑफिसर कर्म चंद कश्यप ने बताया कि फायर ब्रिगेड को चेलियां के पास आग लगने की सूचना मिलने के बाद टीम तुरंत मौके को रवाना हो गई तथा आग को काबू में किया। उन्होंने बताया कि समय रहते आग पर काबू पाने के चलते वन को जलने से बचा लिया गया। उन्होंने बताया कि चीड़ के कई छोटे पौधे आग की भेंट चढ़ गए।

न्यूज ब्रीफ

साइकिल से गिरा 14 वर्षीय युवक, मौत

हमीरपुर। बड़सर उपमंडल की बणी पंचायत के कैहरवीं गांव के दीपक कुमार (14) पुत्र नरेश कुमार की साइकिल रिस्क होने से गंभीर रूप से घायल हो गया। दीपक कुमार को घायल अवस्था में मेडिकल कॉलेज हमीरपुर अस्पताल लाया गया जहां पर उसकी मृत्यु हो गई। एसएचओ प्रवीण राणा ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव को परिजनों को सौंप दिया है।

लोगों को किया मतदान के प्रति जागरूक

भरेड़ी। हमीरपुर संसदीय लोकसभा के प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर को 5वीं बार लोकसभा हमीरपुर सीट से सांसद बनाने के लिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए ग्राम पंचायत पपलाह के कोट में कार्यकर्ताओं ने बूथ नंबर 67 भरेड़ी बाजार में डोर टू डोर प्रचार किया और स्टीकर लगाए। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश एससी मोर्चा सचिव दिनेश भाटिया, बीडीसी चेयरमैन राजेंद्र सिंह गारला, पूर्व बूथ अध्यक्ष एवं सीनियर सिटीजन प्रकोष्ठ के मंडलाध्यक्ष मास्टर परमानंद व बूथ अध्यक्ष जोगिंद्र पाल शर्मा आदि मौजूद थे।

सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसो. ने की बैठक

भरेड़ी। उपमंडल भोरंज के तहत सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन भरेड़ी ने शिवालिक सदन में एक बैठक आयोजित की, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीएल भारद्वाज ने की। सभी सदस्य इस बात से खुश थे कि एसबीआई बैंक भरेड़ी में शीघ्र ही खुलने जा रहा है। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन भरेड़ी के स्थापना दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि जून 2024 के दूसरे सप्ताह में राजकीय प्राथमिक स्कूल भरेड़ी की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर एक समारोह के रूप में मनाया जाएगा।

मॉडल व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई

हमीरपुर। मिसका इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल टकौता भोरंज में विश्व जैव विविधता दिवस के उपलक्ष्य पर बी पार्ट ऑफ दी प्लान थीम के अंतर्गत स्कूली छात्रों की मॉडल व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें साइंस टीचर साक्षी के मार्गदर्शन में अक्षित, प्रिंस, सुमित, संचित, रिदम, आर्यन, एंजेल, निशांत, रनिश, निखिल, दिव्यांश, प्रिंस, रॉबिन, सक्षम, इशांत, सारांश, आरब, खुशी, अथर्व, आन्य, अस्मिता आदि बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने अपने मॉडल व पोस्टर्स के माध्यम से दर्शाया कि अगर बढ़ती जनसंख्या, पर्यावरण प्रदूषण व अवैध वन्य जीव शिकार पर अंकुश नहीं लगाएंगे तो इसी तरह पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने वाली जीन, प्रजातियां, सूक्ष्म जीव और अन्य जीवित प्राणियों की संख्या में कमी जैव विविधता के लिए बहुत बड़ा खतरा है और मानव जाति के लिए संकट का विषय है।

जय भीम युवा मंडल बटराण ने की साफ-सफाई

नादौन। नादौन उपमंडल की समाजिस संस्था जय भीम युवा मंडल बटराण ने वीरवार को बटराण के गांव रविनगर में स्थित प्राकृतिक जल स्त्रोतों की साफ-सफाई की, ताकि गर्मियों में इस पानी का इस्तेमाल किया जा सके। युवा मंडल सचिव रोहित भाटिया ने बताया कि गांव की बाबड़ी व कुंए की सफाई की। हर पंचायत व गांव में सभी मिलकर प्राकृतिक स्त्रोत की सफाई करें तो पेयजल समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। युवा मंडल के पूर्व प्रधान सनी कुमार ने बताया कि प्राकृतिक स्त्रोत हमारी धरोहर हैं और हमें हमेशा इनको बचा कर रखना चाहिए।

सरकारी बस का टूटा शीशा नहीं बदला रेड की बजाय चिपका दी व्हाइट टेप

हमीरपुर डिपो की आधा दर्जन बसों के शीशे टूटे, निगम कर रहा अनदेखी

रवि ठाकुर, हमीरपुर

खबर लगने से पहले का शीशा व (दाएं) खबर लगने के बाद में शीशा।

हिमाचल पथ परिवहन हमीरपुर डिपो की आधा दर्जन बसों के शीशे टूटे हैं, उन्हें काफी समय से बदला नहीं जा रहा है, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि बस में सफर करने वाले यात्री भी बस चालक व परिचालक से शीशे बदलने के लिए कह चुके हैं, लेकिन टेप लगाकर ही काम चलाया जा रहा है। कुछ दिन पहले बस में रेड कलर की टेप हमीरपुर डिपो के बस के फ्रंट शीशे में लगाई गई थी।

इसी से संबंधित समाचार प्रकाशित किया था। इसके बाद निगम ने बसों के शीशे तो चेंज नहीं किए, लेकिन शीशों पर रेड टेप की बजाय व्हाइट कलर की टेप चिपका दी है। ऐसे में बसों के ड्राइवर भी टूटे शीशे वाली बसे चलाने को मजबूर हैं। गौर रहे कि एचआरटीसी डिपो हमीरपुर में लोकल रूटों पर टूटे हुए शीशे वाली बसे दौड़ रही हैं। ऐसे में इन बसों के चालक खासी दिक्कतें झेल रहे हैं। यही नहीं बसों कि खिड़कियां भी जगह-जगह से टूटी हुई हैं। उनकी जगह भी टीन या फिर गते लगाकर काम चलाया जा रहा है। सबसे अधिक परेशानी उस समय होती है जब बसों के शीशे हिलते हैं।

बस में सफर करने वाले लोगों और कॉलेज के छात्रों ने बसों में नए शीशे लगाने की मांग की है। इस बारे में मंडलीय प्रबंधक राजकुमार पाठक का कहना है कि जल्द ही शीशों को बदल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जैसे ही शीशे हमारे पास पहुंचेंगे, उन्हें बसों में लगा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि निगम यात्रियों की सुविधा के लिए वचनबद्ध है। (अनंत ज्ञान)

लखनपाल ग्यारह वर्षों का हिसाब दें कितनों को रोजगार दिलाया : सुभाष

नुक्कड़ सभा के दौरान समर्थकों के साथ कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया।

अनंत ज्ञान, बिझड़ी/हमीरपुर

बड़सर से विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया ने चंज्याणी, हरसौर, बड़सर में आयोजित नुक्कड़ सभा के दौरान कहा कि बड़सर के पूर्व विधायक को 15 महीने बाद विकास कार्यों की और बेरोजगारों की बड़ी याद रही है। पूर्व विधायक पहले अपने 11 वर्षों का हिसाब दें कि अपने कार्यकाल में कितने बेरोजगारों को रोजगार दिया।

उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगता है क्योंकि कुछ समय पहले डिग्री कॉलेज चकमोह में लेक्चरार की भर्तियां हुई थीं। बड़सर के पढ़े लिखे बेरोजगारों को धोखा कर बाहरी युवाओं को रोजगार देने के चक्कर में उनका साक्षात्कार भी डिग्री कॉलेज चकमोह बड़सर में करवाने की बजाय शिमला में करवाया था, जिसमें सभी बाहरी बेरोजगारों को चोर दरवाजे से ही रखा गया था। उस समय पूर्व विधायक को बड़सर के पढ़े-लिखे बेरोजगारों की याद क्यों नहीं आई।

उन्होंने कहा कि आपके समय में चाहे रोजगार हो या स्थानांतर हों आपने बाहरी लोगों को ही महत्व दिया है। बड़सर में अधिकतर कर्मचारी बाहरी जिलों से हैं और बड़सर क्षेत्र के लोग बाहरी जिलों में कार्यरत हैं। पिछले 11 वर्षों में उन्हें रिक्त पद होते हुए भी वापस लाने की आपने कभी कोशिश ही नहीं की है। आपकी कार्यशैली बड़सर की जनता जान चुकी है। अब वो आपके बहकावे में आने वाली नहीं है।

व्यक्ति ने निगला जहरीला पदार्थ, मौत

हमीरपुर। बड़सर उपमंडल के गांव चकमोह के 34 वर्षीय पंकज कुमार पुत्र हंस राज ने जहरीला पदार्थ का निगलकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली है।

जानकारी के अनुसार पंकज कुमार को जहरीला पदार्थ सेवन करने के बाद उपचार के लिए टांडा अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

बड़सर पुलिस को मिली सूचना के बाद पुलिस ने आईपीसी की धारा 174 के तहत मामला दर्ज कर लाश का पोस्टमार्टम करवा कर उसे परिवारजनों को सौंप दिया है। एसएचओ प्रवीण राणा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिवारजनों के हवाले कर दिया गया है। मृतक ने यह कदम क्यों उठाया इसकी जांच की जा रही है।

दो दिन में 1976 बुजुर्गों व दिव्यांग वोटरों ने किया मतदान

तीसरे दिन भी घर-घर पहुंची मतदान टीमें

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव के लिए 21 मई से शुरू हुई घर से मतदान की प्रक्रिया तीसरे दिन भी जारी रही। इस दौरान जिला हमीरपुर के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में मोबाइल मतदान टीमें होम वोटिंग के लिए पात्र मतदाताओं के घर-घर पहुंचीं। इन मोबाइल मतदान टीमों ने 12-डी फार्म के माध्यम से घर से ही मतदान का विकल्प चुनने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं से मतदान प्रक्रिया को पूर्ण करवाया।

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि जिला हमीरपुर के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 26 मई तक मोबाइल मतदान टीमें पात्र मतदाताओं के घर-घर तक पहुंचेंगी। पहले दो दिनों के दौरान जिले भर में कुल 1976 पात्र मतदाता घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे।

इनमें भोरंज विधानसभा क्षेत्र के 459, सुजानपुर और नादौन के 420-420, बड़सर के 456 और हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के 221 मतदाता शामिल हैं। समाचार लिखे जाने तक तीसरे दिन के आंकड़े उपलब्ध नहीं हो पाए थे।

मतपेटियां जमा करवाने पहुंचे अधिकारी-कर्मचारी।

100 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता सम्मानित

बड़ा। नादौन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सपड़ोह के गांव गरियाली के 100 वर्षीय वोटर रघुवीर सिंह पुत्र चैधरी राम को मतदान के बाद खंड विकास अधिकारी नादौन निशांत शर्मा ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने लोगों से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने का भी आग्रह किया।

मतदान केंद्रों में हर गतिविधि पर नजर रखें माइक्रो ऑब्जर्वर

सामान्य पर्यवेक्षक श्याम लाल पूनिया ने 17 विधानसभा क्षेत्रों के माइक्रो ऑब्जर्वरों को दिए निर्देश

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

माइक्रो ऑब्जर्वरों के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र निर्देश देते श्याम लाल पूनिया।

संसदीय क्षेत्र 3-हमीरपुर के सभी 17 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में तैनात वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्याम लाल पूनिया ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर नियुक्त होने वाले माइक्रो ऑब्जर्वरों को निर्देश दिए हैं कि वे एक जून को मतदान केंद्रों पर हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखें और अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रेषित करें।

वीरवार को हमीर भवन में माइक्रो ऑब्जर्वरों के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए श्याम लाल पूनिया ने ये निर्देश दिए। इस प्रशिक्षण सत्र में जिला हमीरपुर के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के माइक्रो ऑब्जर्वरों के साथ-साथ हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अन्य जिलों के विधानसभा क्षेत्रों के सहायक निर्वाचन अधिकारियों और माइक्रो ऑब्जर्वरों ने भी वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। सामान्य पर्यवेक्षक ने माइक्रो ऑब्जर्वरों से कहा कि वे माइक्रो ऑब्जर्वर हैंडबुक का अध्ययन करें और मतदान केंद्रों पर किसी भी तरह की विशेष परिस्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत उसकी सूचना दें। उन्होंने कहा कि एक जून को सभी मतदान केंद्रों पर सुबह साढ़े पांच बजे मॉक पोल शुरू होना है। इसलिए, सभी माइक्रो ऑब्जर्वर निर्धारित समय से पहले ही मतदान केंद्रों पर पहुंच जाएं।

इस मौके पर पर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधीश अमरजीत सिंह, एसडीएम हमीरपुर मनीष सोनी, निर्वाचन विभाग के तहसीलदार उपेंद्रनाथ शुक्ला, नायब तहसीलदार राजेश कौंडल और प्रोग्रामर निखिल भारद्वाज ने भी मतदान प्रक्रिया और ईवीएम-वीवीपैट के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।

कमीशनिंग के बाद स्ट्रांग रूम में रखीं ईवीएम-वीवीपैट

लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव के लिए जिला हमीरपुर के पांचों विधानसभा क्षेत्रों को आवंटित ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग प्रक्रिया बुधवार देर शाम तक पूर्ण कर ली गई। कमीशनिंग के बाद सभी उम्मीदवारों या उनके एजेंटों की उपस्थिति में इन ईवीएम-वीवीपैट को स्ट्रांग रूम्स में रख दिया गया तथा सभी स्ट्रांग रूम्स को सील कर दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग के सामान्य पर्यवेक्षक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्याम लाल पूनिया ने जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह और पांचों सहायक निर्वाचन अधिकारियों संजय स्वरूप, डॉ. रोहित शर्मा, मनीष कुमार सोनी, राजेंद्र गौतम और अपराजिता चंदेल से ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग की रिपोर्ट ली तथा स्ट्रांग रूम्स की निगरानी के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार चैबीस घंटे पुख्ता प्रबंध रखने के निर्देश दिए।

लोगों को बताया मतदान का महत्व

अर्की। अर्की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) टीम ने मांगू, कशलोग, बांजण, बड़ोग, बंबीरा, सेरी व दानोंघाट मतदान केंद्रों तथा गांवों में मतदाताओं तथा स्कूल के विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया।

स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. यशपाल शर्मा तथा डॉ. हेमराज सूर्य ने बताया कि लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान को सुनिश्चित बनाने व लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्थानीय लोगों, पंचायत प्रतिनिधियों, युवा व पात्र मतदाताओं से मतदान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

भाजपा नेता प्रकाश चंद कांग्रेस में शामिल

अनंत ज्ञान, बड़ा

प्रकाश चंद सनोरिया व अन्य कांग्रेस के बड़ा जोन के प्रभारी के साथ।

नादौन विधानसभा क्षेत्र में भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल होने वालों का सिलसिला थमने का वर्तमान समय में नाम नहीं ले रहा हैं।

वीरवार को नादौन की पंचायत फस्टे के भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रकाश चंद सनोरिया ने भाजपा को अलविदा कह कर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए हैं। उन्होंने कांग्रेस के बड़ा जोन के प्रभारी डॉ. मोहन लाल कोंडल के समक्ष कांग्रेस पार्टी का पटका पहन कर कॉग्रेस पार्टी में शामिल हो गए।

गौर रहे कि प्रकाश चंद पंचायत फस्टे के पूर्व में वार्ड प्रतिनिधि रह चुके हैं एवं उनकी पंचायत में मतदाताओं पर अच्छी पकड़ हैं। प्रकाश चंद ने बताया कि वे मुख्यमंत्री सुक्खू की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इससे पहले भी पंचायत फस्टे में लगभग आधा दर्जन से भी अधिक लोग भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं।

इस मौके पर पूर्व में विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी विजय अग्निहोत्री के कवरिंग कंडीडेट रहे ओबीसी वर्ग के नेता प्रभात चौधरी भी मुख्य रूप से शामिल हैं।

कांगड़ा ने सिरमौर को हरा जीता वन डे क्रिकेट मैच

अनंत ज्ञान, नादौन

क्रिकेट स्टेडियम अंमतर नादौन में हुई अंतर जिला स्तरीय वरिष्ठ क्रिकेट वन डे प्रतियोगिता कांगड़ा की टीम ने सिरमौर को 2 विकेट से पराजित करके जीत ली।

सिरमौर की टीम ने अपनी पहली पारी खेलते हुए हुए 45 ओवर में 173 रन बनाए। बल्लेबाज वैभव शर्मा ने 26, अंकुश धारीवाल ने 27, नहिद अली ने 26 तथा प्रशांत तोमर ने 31 रन बनाए। कांगड़ा टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए अर्पित गुलेरिया ने 3 तथा प्रवल प्रताप सिंह ने 2 विकेट झटकी, जबकि अविकाश ,अपूर्व वालिया व अर्पित ने 1-1 विकेट ली। कांगड़ा को जीत के लिए 174 रनों का लक्ष्य मिला। कांगड़ा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 37.5 ओवर में ही लक्ष्य को पूरा कर लिया और 8 विकेट पर 174 रन बनाकर मैच जीत लिया।

क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व स्टेडियम के प्रभारी टिंका ठाकुर ने बताया कि कांगड़ा के बल्लेबाज ईनेश महाजन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए आकाश वशिष्ट ने 70 रन बनाए जबकि रितविज ने 26 रन बनाए। सिरमौर के गेंदबाज सौरभ शर्मा ने 3, अंकुश धारीवाल व अभिनव ने 2-2 विकेट ली।

अनुराग ठाकुर में काम करवाने की क्षमता नहीं : सुक्खू

अनंत ज्ञान, बड़ा

दंगड़ी में जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुक्खू।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हमीरपुर से 26 साल से भाजपा सांसद चुनकर जा रहा है, लेकिन क्या मिला, कुछ नहीं। अनुराग ठाकुर केंद्रीय मंत्री होते हुए भी काम नहीं करवा पाते। उनमें काम करवाने की क्षमता ही नहीं है। इसलिए सतपाल रायजादा को वोट देकर जिताने का काम करें।

मुख्यमंत्री नादौन विधानसभा क्षेत्र के दंगड़ी में लोकसभा उम्मीदवार सतपाल रायजादा के पक्ष में एक चुनावी जनसभा में पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं विधायक न रहते हुए भी जोलसप्पड़ में मेडिकल कॉलेज लेके आया, जिसे लेकर भी भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर झूठ का ढिंढोरा पीट रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली बार आपने विधायक को वोट डाला था, इस बार मुख्यमंत्री के नाम पर रायजादा को वोट दें। रायजादा को जिताकर संसद भेजें, हम मिलकर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की सूरत बदल देंगे। इस मौके पर लोकसभा उम्मीदवार सतपाल रायजादा, दंगड़ी पंचायत की प्रधान अनीता कुमारी, उपप्रधान नसीब सिंह, उपप्रधान प्रकाश ठाकुर, कांगड़ा बैंक के मनोनीत निदेशक मोती जोशी, नादौन नगर पंचायत के अध्यक्ष शम्मी सोनी आदि मौजूद रहे।

सीएम ने नादौन में निर्माणाधीन इंडोर स्टेडियम का किया औचक निरीक्षण

अनंत ज्ञान, नादौन

इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण करते सीएम सुक्खू।

मुख्यमंत्री सुखविद्र सिंह सुक्खू ने नादौन के खरीड़ी मैदान में करीब 80 करोड़ की लागत से बन रहे इनडोर स्टेडियम का किया औचक निरीक्षण किया तथा ठेकेदार को उच्च क्वालिटी में काम करने के निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने इस इंडोर स्टेडियम में बन रही शूटिंग रेंज, स्विमिंग पुल, बैडमिंटन हॉल, टेनिस कोर्ट और अन्य खेलों के कोर्टों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निमार्ण कार्य में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उन्होंने यह भी ठेकेदार को निर्देश दिए कि इंडोर स्टेडियम का कार्य समय सीमा में समाप्त किया जाए, ताकि लोगों को शीघ्र इसका लाभ मिल सके।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ नगर पंचायत नादौन के अध्यक्ष एंव शहरी कांग्रेस के अध्यक्ष शम्मी सोनी, कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के डायरेकटर मोती जोशी, कुलदीप सिंह ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेसी कमल कम्मी, संतोष संधु, एचआरटीसी के डायरेक्टर मौंटी संधु व नानक चंद आदि उपस्थित रहे।

चुनाव जवाहर नवोदय विद्यालय डुंगरी में एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के आयोजन का छठा दिन

फायरिंग प्रतियोगिता में हमीरपुर कॉलेज के कैडेट नतीश प्रथम

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

चुनाव अधिकारियों को निर्देश देते श्याम लाल पूनिया।

जवाहर नवोदय विद्यालय डुंगरी में आयोजित एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एटीसी-185 के छठे दिन की कार्रवाई सुबह जूनियर और सीनियर चुने हुए कैडेटों की फायरिंग प्रतियोगिता से हुई। इस दौरान कंपनी कमांडर कर्नल एसएस रावत, एएनओ, जेसीओ और पी आई स्टाफ उपस्थित थे।

फायरिंग में जूनियर डिविजन में कैडेट अरमान, हमीरपुर पब्लिक स्कूल और कैडेट मानविक, हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर क्रमशः प्रथम और द्वितीय रहे। सीनियर डिविजन में कैडेट नतीश और कैडेट समीर, दोनों राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर क्रमशः प्रथम और द्वितीय रहे। जूनियर विंग में कैडेट मेघा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कक्कड़ और कैडेट मालविका, हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर क्रमशः प्रथम और द्वितीय रहे। सीनियर विंग में कैडेट स्नेहा और कैडेट चारुल, दोनों राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर क्रमशः प्रथम और द्वितीय रहे। अन्य कैडेटों ने व्यायाम गतिविधियों में भाग लिया तथा ड्रिल सीखी।

इसके पश्चात एनसीसी से जुड़ी जानकारी दी गई। सूबेदार मेजर कुंदन लाल, करिअर प्वाइंट विश्वविद्यालय ने अतिथि लेक्चर में कैडेटों को मैप रीडिंग सिखाई। प्रो. मनु वनीत सिंघवी ने सभी कैडेटों को भारतीय आदर्श मूल्यों और कई बीमारियों से दूर रहने की जानकारी दी।

जिले में 24-25 को बंद रहेंगे प्री-प्राइमरी और प्राइमरी स्कूल

अनंत ज्ञान, ऊना

ऊना जिले में सभी सरकारी और निजी प्री-प्राइमरी और प्राइमरी स्कूल 24 और 25 मई को बंद रहेंगे। भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से बच्चों की स्वास्थ्य रक्षा के लिए यह निर्णय लिया गया है। जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने वीरवार को इस संदर्भ में आदेश जारी किए हैं।

जतिन लाल ने कहा कि जिले में हीट वेव का भयंकर प्रकोप है और अत्यधिक गर्मी के कारण छोटे स्कूली बच्चों के स्कूलों में बीमार पड़ने की घटनाएं ध्यान में हैं। वहीं, भारतीय मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी हीट वेव की संभावना जताई है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी सरकारी और निजी प्राइमरी और प्री-प्राइमरी स्कूलों को 24 और 25 मई को बंद रखने का फैसला लिया गया है।

आदेश के मुताबिक जिन विद्यालयों में 24 और 25 मई को परीक्षाएं निर्धारित हैं, वहां परीक्षाएं सुबह 7 बजे से 11 बजे तक आयोजित करने को कहा गया है। विद्यालयों में परीक्षा हॉल में पेयजल, पंखे, कूलर या एयर कंडीशनिंग जैसी समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा विद्यालयों में प्राथमिक चिकित्सा किट और हीट स्ट्रोक के किसी मामले में तुरंत उपचार के लिए डॉक्टर या नर्स की उपलब्धता सुनिश्चित बनाने को कहा गया है।

विद्यालय स्टाफ और छात्रों को आपातकालीन प्रक्रियाओं की समुचित जानकारी देने के भी निर्देश दिए गए हैं। जतिन लाल ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए हैं।

ऊना में न्यूनतम पारे में उछाल, 26 डिग्री हुआ

ऊना। जिले में गर्मी से राहत मिलती प्रतीत नहीं हो रही है। वीरवार को अधिकतम तापमान में गिरावट आई, लेकिन न्यूनतम में बढ़ोतरी ने चौंका दिया है। वीरवार को न्यूनतम तापमान इतना बढ़ गया कि रात को लोगों को सोना मुश्किल हो गया। वैसे भी दिन में आसमान से आग के शोले बरस रहे हैं। वीरवार को जिला मुख्यालय में अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। न्यूनतम तापमान भी 26 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। लोग गर्मी से बेहाल नजर आए।

बागी खुद भी हारेंगे और भाजपा प्रत्याशियों को भी हरवाएंगे: सीएम

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान किया विवेक शर्मा के पक्ष में चुनाव प्रचार

अनंत ज्ञान, बंगाणा

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि यह चुनाव कोई आम चुनाव नहीं है, बल्कि यह जनबल और धनबल की लड़ाई है। बेशक हमारे पास धनबल नहीं है, लेकिन हमारे पास जनबल है और लड़ाई में जीत जनबल की होगी।

मुख्यमंत्री वीरवार को कुटलैहड़ विधानसभा के दौरे पर थे, जहां उन्होंने कांग्रेस के प्रत्याशी विवेक शर्मा के पक्ष में प्रचार करते हुए जनसभा को संबोधित किया। बंगाणा में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने बागी विधायकों पर निशाना साधा। सुक्खू ने कहा के जो कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर जीतकर कांग्रेस के नहीं हुए, वे भाजपा के कहां से होंगे। उन्होंने कहा के यह 6 बागी खुद तो हारेंगे ही और भाजपा के चारों लोकसभा प्रत्याशियों को भी हराएंगे। सीएम ने कहा कि आजादी के इतिहास में हिमाचल की जनता ने पहली बार जनमत से चुनी हुई सरकार को गिराने का नाकाम षड्यंत्र देखा। उन्होंने कहा कि जनता भलीभांति जानती है कि किस तरह से सत्ता के लोभी दल भाजपा ने धनबल से पहले राज्य सभा सीट जीती और फिर धनबल से सरकार को गिराने का प्रयास किया। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का वह कोट पेंट दर्जी के पास ही रह गया, जो उन्होंने मुख्यमंत्री की शपथ लेने के लिए सिलवाया था।

सुक्खू ने कहा के पूर्व मुख्यमंत्री यह भूल गए के जनबल की ताकत धनबल से कहीं ज्यादा होती है। अब जनता 6 बागियों और भाजपा के चारों लोकसभा प्रत्याशियों को जनबल की ताकत दिखाएगी। इससे पहले हमीरपुर संसदीय सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी सतपाल रायजादा ने कहा के जिस भाजपा के सांसद को जनता ने इतने बहुमत से जिताकर दिल्ली भेजा था, वह जनता की आवाज को उठाने में नाकाम साबित हुए।

हिमाचल में इतनी बड़ी त्रासदी का प्रदेश के शेरदिल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिम्मत से सामना किया। प्रदेश का खजाना खाली होने के बावजूद भी त्रासदी के जख्मों पर मरहम लगाने के भरकस प्रयास किए गए, लेकिन हिमाचल के जख्मों का दर्द दिल्ली में उठाने के लिए जनता द्वारा चुने सांसद अनुराग सिंह ठाकुर की जुबान तक नहीं खुली। केंद्र से मदद तो दूर की बात है, अनुराग ने अपनी सांसद निधि से एक रुपया तक त्रासदी के लिए नहीं दिया। रायजादा ने कहा के वह जनता को भरोसा दिलाते है के हिमाचल के लिए हितों के लिए उनकी आवाज पूरी ताकत और निष्पक्षता के साथ दिल्ली में उठेगी। कुटलैहड़ कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा ने जनता से अपील की कि मुझे अपना आशीर्वाद दें, ताकि आपके विकास की गति को आगे बढ़ाया जा सके।

बंगाणा में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की जनसभा में उमड़ी भीड़।

आपके दोनों मत मेरे नाम विकास की गारंटी मेरी

सुक्खू ने कहा कि लोकसभा चुनाव और कुटलैहड़ के उपचुनाव में आपका दोनो मत कांग्रेस पार्टी यानी सुखविंद्र सिंह सुक्खू को पड़ने चाहिएं। विकास की गारंटी मेरी है, और यह भी गारंटी देता हूं कि कुटलैहड़ से विवेक शर्मा के जीतने के बाद कोई विकास नहीं होगा। और विवेक शर्मा ही आपके विधानसभा क्षेत्र में विकास करवाएगा। सुक्खू ने कहा कि हम से जितना विकास कुटलैहड़ की जनता ने लिए सोचा था, उतना विकास तभी होगा,जब आप विवेक शर्मा जो कुटलैहड़ के मौजूदा प्रत्याशी है, अगर उनको भारी मतों से विजय बनाएंगे और लोकसभा में एक एक वोट कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल सिंह रायजादा को डाल कर विजयी बनाएंगे।

मातृ-शिशु अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट के लिए बजट मंजूर

ऊना। क्षेत्रीय अस्पताल के समीप बने मातृ-शिशु अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने के लिए बजट को मंजूरी मिल गई है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने के लिए विभाग को करीब आठ लाख रुपए का बजट मुहैया करवाने को लेकर प्रस्ताव भेजा गया था। इस प्रस्ताव को विभाग की तरफ से मंजूरी मिल चुकी है।

प्लांट के स्थापित होने से अस्पताल भवन में 24 घंटे हाई फ्लो ऑक्सीजन मिलेगी। जिला मुख्यालय स्थित मातृ-शिशु अस्पताल में हाई फ्लो ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने का रास्ता साफ हो चुका है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। अस्पताल को हाई फ्लो ऑक्सीजन प्लांट से जोड़ा जाएगा। मातृ-शिशु अस्पताल में इन दिनों सेंट्रल एसी और अग्निशमन यंत्रों को स्थापित करने का कार्य चल रहा है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से लोगों की सुविधा के लिए इस कार्य के साथ ही ऑक्सीजन प्लांट से भी नए भवन को जोड़ने का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। वहीं, पालकवाह में कोरोना काल के बाद बंद पड़े हाई फ्लो ऑक्सीजन प्लांट को ही मातृ-शिशु अस्पताल में स्थापित किया जाएगा।

छात्रों को मतदान के बारे में किया जागरूक

स्वीप के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी युवाओं को जागरूक करते हुए।

अनंत ज्ञान, बंगाणा

स्वीप और निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान हेतु लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बंगाणा के नियाली गांव में एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुटलैहड़ 45 विधानसभा स्वीप के नोडल ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी ने बताया कि यहां पर सभी छात्रों ने आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

उन्होंने बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप के माध्यम से विभिन्न तरह की एक्टिविटी का आयोजन किया जा रहा है।

इसके लिए उपमंडल दंडाधिकारी बंगाणा सोनू गोयल का समय-समय पर सही निर्देशन प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर करियर प्वाइंट डिफेंस अकादमी के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज शर्मा, प्रिंसिपल, कैप्टन टीसी शर्मा आदि मौजूद रहे।

भाजपा और कांग्रेस में प्रचार सामग्री को लेकर प्रतिस्पर्धा शुरू

अनंत ज्ञान, ऊना

जिले में भाजपा और कांग्रेस में प्रचार सामग्री को लेकर प्रतिस्पर्धा शुरू हो गई है। ब्रांडिंग के मामले में भाजपा इस समय कांग्रेस से आगे नजर आ रही है। जिले में भाजपा प्रत्याशियों के होर्डिंग्स, पोस्टर और फ्लेक्स जगह-जगह दिखाई पड़ रहे हैं। शहर और बाजार के अलावा कई प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर भी होर्डिंग्स टांगे गए हैं। करोड़ों रुपए की प्रचार सामग्री का इस समय तक दोनों प्रमुख दलों की ओर से इस्तेमाल किया जा चुका है।

हालांकि इस जिले में दो विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव भी हैं और एक संसदीय क्षेत्र के लिए भी प्रचार सामग्री लगाई जा रही है। कुटलैहड़ में भाजपा के कहीं लोकसभा और विधानसभा प्रत्याशी के संयुक्त पोस्टर लगाए गए हैं, तो कहीं अकेले भी दिखाई दिए हैं। इतना ही नहीं जिन क्षेत्रों में विधानसभा उपचुनाव नहीं हैं, वहां महज संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार के होर्डिंग्स और पोस्टर दिखाई पड़ रहे हैं। साफ तौर पर भाजपा के दोगुना होर्डिंग और प्रचार सामग्री सब जगह नजर आ रही है। उधर, कांग्रेस की ओर से स्टार प्रचारकों के मामले में बढ़त हो, लेकिन प्रचार सामग्री के मामले में पिछड़ रही है।

बंगाणा में दो सियासी दलों की ओर से लगाई गई प्रचार सामग्री।

बाबा पहाड़िया का गुणगान करेंगे रत्ते बाला

बंगाणा। बाबा पहाड़िया मंदिर जो उपमंडल बंगाणा के थाना कला के गांव पंजैहन थाना खास गांव में स्थित है। उस प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा पहाड़िया मंदिर के 4 से 7 जून तक विशाल धार्मिक समागम होने जा रहा है। मंदिर पंजैहन थाना खास के मुख्य सेवादार एवं गद्दीनशीन बाबा अशोक कुमार ने बताया कि चार जून को मंदिर परिसर से झंडे को उतारा जाएगा और पांच जून को कीर्तन दरबार सजेगा। वहीं, 6 जून को मंदिर परिसर में श्री सत्य नारायण की कथा होगी और कीर्तन दरबार सजेगा। वहीं, 7 जून को हवन यज्ञ होगा। इसके उपरांत बाबा पहाड़िया की सवारी निकलेगी। 10 से शाम 5 बजे तक पंजाब की बुलंद आवाज गायक जोगी रत्ते बाला बाबा पहाड़िया एवं बाबा बालकनाथ का गुणगान करेंगे।

राहत की फुहारें

बंगाणा के समीप वीरवार की बारिश की फुहारों के बीच कुछ देर के लिए मौसम खुशगवार हो गया, जिस कारण लोगों ने इस चिलचिलाती गर्मी से राहत की सांस ली।

क्रिकेट ट्रायल में 33 खिलाड़ियों का चयन, कल से शुरू होगा कैंप

अनंत ज्ञान, ऊना

अंतर जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए अंडर-23 क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल का आयोजन इंदिरा गांधी क्रिकेट मैदान पर किया गया। इसमें जिला भर से 60 के करीब खिलाड़ियों ने अपना हुनर दिखाया। चयनकर्ताओं ने यहां पहुंचे खिलाड़ियों में बल्लेबाजी, गेंदबाजी, विकेट कीपिंग और क्षेत्ररक्षण आदि पहलुओं को देख कैंप के लिए 33 खिलाड़ियों का चयन किया है।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन ऊना के अध्यक्ष मदन पुरी ने बताया कि कैंप के लिए चयनित खिलाड़ियों का शिविर इंदिरा गांधी क्रिकेट मैदान ऊना में 25 मई से शुरू होगा। चयनित खिलाड़ियों में अमनप्रीत सिंह, राघव आंगरा, दीप सिंह, राघव अग्निहोत्री, अर्पित सिंह, अभिनव शर्मा, विनय कपिला, अनिरुद्ध शारदा, रुशील, अनुज कंवर, रितिक चौधरी, आदित अरोड़ा, कृष ठाकुर, सूरज भारद्वाज, दिव्यांशु राणा, अंकित भारद्वाज, केशव सैनी, दशमेश ठाकुर, अभिषेक, अखिल शर्मा, युवराज ठाकुर, विनय कुमार, अनिकेत, नीतिश शर्मा, आर्यन राय, विनय कुमार, संदर्भ सूद, सुनंदन, अंकुश चंदेल, प्रफुल रतन, रिद्धम व रितेश कौशल का चयन किया गया है।

खिलाड़ियों का हुनर परखने के लिए चयनकर्ताओं में राजकुमार व राहुल शर्मा ने भूमिका अदा की। मदन पुरी ने चयनित खिलाड़ियों को निर्धारित तिथि पर इंदिरा स्टेडियम में शुरू होने वाले कैंप में रिपोर्ट करने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता आगामी तीन जून से ऊना, संतोषगढ़, अमतर, बिलासपुर आदि मैदानों पर शुरू होगी।

कुल देवी मंदिर में धार्मिक समागम कल से

ऊना। देहरियां जसवाल परिवार कमेटी की ओर से कुल देवी माता मंदिर राजपुर जस्वां में वार्षिक धार्मिक समागम का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर कमेटी के प्रवक्ता रमेश जसवाल व जरनैल सिंह ने बताया कि 25 व 26 मई को दो दिवसीय धार्मिक समागम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में कुल देवी मंदिर राजपुर जसवां में सर्व कल्याण के लिए हवन में आहुति डालने व झंडे की रस्म अदा करने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 मई को सुबह 11 बजे कुल देवी का श्रृंगार होगा व माता का जागरण रात 9 बजे होगा। इसमें माता की भेंटों का गुणगान होगा। इसी दिन शाम 7 से रात्रि 11 बजे तक भंडारा होगा। 26 मई को सुबह साढ़े 7 से 9 बजे तक हवन होगा। इसके बाद झंडे की रस्म होगी, तदोपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

सिद्ध बाबा बालकनाथ का वार्षिक भंडारा 26 को

गोंदपुर बनेहड़ा। श्री सिद्ध बाबा बालकनाथ गोंदपुर बनेहड़ा का वार्षिक भंडारा 26 मई को बाड़ी शास्त्री निवास पर आयोजित होगा। आपको बता दें कि इस भंडारे का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। राजन शर्मा ने कहा कि बाबा बालकनाथ के इस वार्षिक भंडारे में सभी लोग सादर आमंत्रित हैं।

पीठासीन और सहायक पीठासीन कर्मियों के लिए दूसरे चरण की कार्यशाला संपन्न

अनंत ज्ञान, ऊना

लोकसभा आम चुनाव 2024 तथा विधानसभा उपचुनाव को लेकर ऊना के चुनावी ड्यूटी में तैनात कर्मियों के लिए आज वीरवार को दूसरे चरण की रिहर्सल विधानसभा बार आयोजित की गई। पूर्वाभ्यास कार्यशाला में ऊना विधानसभा के लिए नियुक्त किए गए 101 पीठासीन और 113 सहायक पीठासीन अधिकारी तथा हरोली में 94 पीठासीन और 122 सहायक पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया।

इस दौरान उन्हें मास्टर ट्रेनरों के द्वारा चुनावी प्रक्रिया को सुचारु एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। हरोली विधानसभा में एसडीएम राजीव ठाकुर की अगुवाई में कौशल विकास केंद्र पालकवाह और ऊना में एसडीएम विश्व मोहन देव चौहान की अगुवाई में राजकीय महाविद्यालय ऊना में रिहर्सल संपन्न हुई।

इस दौरान ट्रेनिंग सेशन में मतगणना से जुड़े कानूनी प्रावधानों, मतगणना केंद्र में मूलभूत आवश्यकताओं तथा वहां प्रवेश से जुड़े नियमों की जानकारी देने के साथ-साथ वीवीपैट, कंट्रोल यूनिट, बैल्ट यूनिट, मतदान सामग्री जांच करने की विधि, मिलान व सीलिंग के बारे में भी विस्तार से बताया।

उन्होंने बताया कि मतदान के 90 मिनट पहले मोक पॉल किया जाएगा। इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी दी गई।

कर्मियों को दूसरे चरण की कार्यशाला में जानकारी देते अधिकारी

दो दिन में साढ़े 1400 से अधिक वोटरों ने किया घर से मतदान

अनंत ज्ञान, ऊना

ऊना जिले में बीते दो दिन में साढ़े 1400 से अधिक वोटरों ने अपने घर से मताधिकार के प्रयोग की सुविधा का लाभ लेते हुए मतदान किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि जिले में 21 मई से आरंभ हुई होम वोटिंग प्रक्रिया में मोबाइल पोलिंग टीमों ने 2 दिन में कुल 1471 वोटरों से मतदान कराया है। इस मुहिम में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 1022 और 449 दिव्यांग वोटरों ने अब तक मतदान किया है।

उन्होंने कहा कि प्रशासन की विशेष टीमें मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ मतदान प्रक्रिया पूर्ण करा रही हैं। बता दें, भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जिले में अपने घर से ही अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का विकल्प चुनने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग और दिव्यांग मतदाताओं से मतदान कराया जा रहा है। जिले में यह कार्य 21 से 29 मई तक किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रशासन मतदाताओं के लिए आसान वोटिंग सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। घर से मतदान की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए जिले में 25 मोबाइल पोलिंग टीमें गठित की गई हैं। प्रत्येक मोबाइल टीम में 4 चुनाव कर्मचारी शामिल हैं। इनमें एक मतदान अधिकारी, एक माइक्रो ऑब्जर्वर, एक सुरक्षाकर्मी और एक वीडियोग्राफर शामिल है।

बुजुर्ग मताधिकार का उपयोग करते हुए।

कहां कितना मतदान

जतिन लाल ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग और दिव्यांग वोटरों के घर से मतदान की मुहिम के तहत अब तक चिंतपूर्णी में विधानसभा क्षेत्र में 182, ऊना में 221, कुटलैहड़ में 382, हरोली में 338 और गगरेट में 348 मतदाताओं ने अपने मताधिकार को प्रयोग किया है।

बता दें, जिला निर्वाचन अधिकारी जतिन लाल खुद इस पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

ऊना जिले में लोकसभा आम चुनाव तथा 2 विधानसभा उपचुनावों के लिए 4224 मतदाताओं ने घर से मतदान का विकल्प चुना है। इनमें लोकसभा के लिए 2994 मतदाता और विधानसभा उपचुनाव में 1230 मतदाता घर से वोट डालने की चुनाव आयोग की सुविधा का लाभ उठाएंगे।

चुनाव

पीठासीन और सहायक पीठासीन कर्मियों का बंगाणा में पूर्वाभ्यास

ईवीएम की गिनती के बारे में किया जागरूक

अनंत ज्ञान, बंगाणा

लोकसभा आम चुनाव 2024 तथा विधानसभा उपचुनाव को लेकर ऊना में तैनात मतगणना कर्मियों के लिए वीरवार को अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय बंगाणा में चुनावी पूर्वाभ्यास कार्यशाला आयोजित की गई। इस पूर्वाभ्यास कार्यशाला में पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान उन्हें मास्टर ट्रेनरों के द्वारा मतगणना प्रक्रिया को सुचारु एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यशाला में एसडीएम सोनू गोयल ने भी मतदान प्रक्रिया को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डाक मत पत्र दो तरह के होंगे। लोकसभा के लिए डाले गए डाक मत पत्रों की गिनती निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर हमीरपुर में होगी, जबकि कुटलैहड़ विधानसभा उपचुनाव से संबंधित डाक मत पत्रों की गणना डिग्री कॉलेज ऊना मतगणना केंद्र में की जाएगी। उन्होंने मतगणना से जुड़े कानूनी प्रावधानों, मतगणना केंद्र में मूलभूत आवश्यकताओं तथा वहां प्रवेश से जुड़े नियमों की जानकारी देने के साथ साथ ईवीएम व वीवीपैट की गिनती, मिलान व सीलिंग के बारे में भी विस्तार से बताया। चुनाव आयोग की तरफ से मतदान प्रक्रिया में तैनात कर्मचारियों के लिए मतदान करवाने के लिए सुविधा केंद्र स्थापित किए गए हैं। सुविधा केंद्र के माध्यम से मतदान प्रक्रिया में शामिल कर्मचारियों ने अपने मत का प्रयोग किया।

प्रशासन की ओर से इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। कार्यशाला में तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार, नायब तहसीलदार अभिराय सिंह शर्मा, लिपिक जीवन शर्मा और अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय बंगाणा में चुनावी पूर्वाभ्यास कार्यशाला में कर्मचारी।

नवीन की शानदार बल्लेबाजी से शिमला ने बिलासपुर को 144 रन से दी मात

अनंत ज्ञान, ऊना

जिला स्तरीय सीनियर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का लीग मुकाबला शिमला और बिलासपुर के बीच में पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ में खेला गया, शिमला की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 10 विकेट खोकर 219 रन बनाए।

वैभव कालटा ने 48, देवव्रत विकटा ने 28 रन बनाए, जबकि नवीन कंवर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 83 रन बनाए। बिलासपुर के रोहित ठाकुर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 खिलाड़ियों को आउट किया। दिग्विजय ने दो खिलाड़ियों को आउट किया, अभिनव कंवर और संचित शर्मा ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। बिलासपुर की टीम 75 रन पर ऑल आउट हो गई, संचित शर्मा ने 22 रन, पारस परिहार ने 11 रन बनाए, जबकि अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार न कर सका।

शिमला के मुकुल नेगी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार खिलाड़ियों को आउट किया। देवव्रत विकटा ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया। नवीन और रजत वर्मा ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। शिमला ने बिलासपुर को 144 रन से हराया और टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करवाई।

कुल्लू ने चंबा को 7 विकेट से हराया

जिला स्तरीय सीनियर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत कुल्लू का मुकाबला चंबा के साथ ऊना के इंदिरा गांधी स्टेडियम में खेला गया। चंबा की टीम ने पहले खेलते हुए 32 ओवर में 10 विकेट खोकर 132 रन बनाए। इसमें सुकृत शर्मा ने 52, अभिषेक ठाकुर ने 13, रोहित नारंग ने 29 रन बनाए। कुल्लू के दिव्यम चौधरी और विजय डोगरा ने तीन-तीन, दक्ष नारायण और युतिग जमवाल ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया, जबकि चंबा के दो खिलाड़ी रन आउट हुए। जवाब में बल्लेबाजी करते उतरी कुल्लू की टीम ने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया। शशांक शर्मा ने नाबाद 64, रवि ठाकुर ने 22 रन, अभिनंदन ने 16, जबकि अमित ठाकुर ने 10 रन बनाए। सुकृत शर्मा, रोहित नारंग और नवीन सिंह ने एक विकेट प्राप्त किया। कुल्लू की टीम ने 23.1 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया और चंबा को 7 विकेट से हराकर टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज करवाई।

धन एक वस्तु है जो ईमानदारी और न्याय से कमाई जाती है, इसका विपरीत है अधर्म का खजाना। -स्वामी दयानंद सरस्वती

संपादकीय

चुनाव आयोग की साख

इस बार का लोकसभा चुनाव कुछ हटकर है। अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस और भाजपा समेत सभी स्थानीय दलों के नेता जमकर एक-दूसरे पर चुनावी तीर चला रहे हैं। कई बार नेताओं के मुंह से ऐसी बातें निकल रही हैं कि मामला संगीन होता जा रहा है। यही वजह है कि चुनाव आयोग को दोनों प्रमुख पार्टियों कांग्रेस और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्षों को निर्देश जारी करने पड़े कि वे अपने स्टार प्रचारकों से सही भाषण और बयानबाजी करने, सावधानी बरतने और शिष्टाचार बनाए रखने के लिए नोटिस जारी करें। आयोग ने स्टार प्रचारकों को अपने चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करने के लिए भी कहा है। निश्चित रूप से चुनाव आयोग की इस फटकार के कई मायने हैं, क्योंकि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाने का सारा दारोमदार आखिर चुनाव आयोग पर ही होता है। दरअसल, आयोग चुनाव प्रचार की गिरती गुणवत्ता को लेकर बेहद चिंतित है।

भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक माहौल को चुनाव के कारण किसी भी सूरत में प्रभावित नहीं किया जाना चाहिए। किसी भी पार्टी को वोटरों के गुणवत्तापूर्ण चुनावी अनुभव की विरासत को कमजोर नहीं करना चाहिए। नेताओं को धार्मिक और सांप्रदायिक बयानों से परहेज रखना चाहिए। नेताओं को ऐसा चुनावी भाषण नहीं देना चाहिए, जिससे समाज में विभाजन पैदा हो। स्टार प्रचारकों को चाहिए कि वे ऐसे बयान न दें जो गलत धारणाएं देते हों, जैसे कि भारत के संविधान को खत्म किया जा सकता है या बेचा जा सकता है। सरकार ने जब एक बार कोई योजना राष्ट्रहित में बना दी है तो उसकी आलोचना भी नहीं करनी चाहिए। जैसे अग्निवीर योजना के बारे में बोला जा रहा है, क्योंकि इससे रक्षाबलों का राजनीतिकरण होने का अंदेशा बना रहता है तथा इससे सामाजिक और आर्थिक संरचना भी प्रभावित होती है। चुनावी भाषणों का गिरता स्तर वाकई चिंता का विषय है। पहले के चुनावों में भाषण इतने जहरीले कभी नहीं होते थे, लेकिन इस बार के चुनाव में जो भाषण सामने आ रहे हैं, वे अकल्पनीय हैं। ऐसे भाषण भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। ऐसे भाषणों से ध्रुवीकरण को बढ़ावा मिलता है।

आज नेता मुद्दों की बात कम कर रहे हैं और एक-दूसरे के खिलाफ जहर ज्यादा उगल रहे हैं। 2014 और 2019 के चुनाव में भ्रष्टाचार के खात्मे की बातें होती थी, लेकिन इस बार यह चुनाव न जाने किस दिशा में जा रहा है। कांग्रेस के घोषणा पत्र को आधार बनाते हुए भाजपा नेता जो दावे कर रहे हैं, विपक्ष उन दावों को झूठ और विभाजनकारी बता रहा है। नेताओं के इस तरह के भाषणों की चहुंओर आलोचना हो रही है। सवाल यह है कि यह सिलसिला आखिर कब रुकेगा? क्या आगामी चुनावों में यह और बढ़ेगा या घटेगा? सत्ता की लालसा में नेता अपनी छवि भी खराब करते जा रहे हैं। ऐसे में देश के भविष्य का होगा? भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। होना तो यह चाहिए था कि पूरी दुनिया भारत के चुनाव की मिसाल पेश कर उसका अनुसरण करती, लेकिन जिस तरह से आरोपों-प्रत्यारोपों का दौर चला है, उससे तो भारत की साख भी गिरती जा रही है। चुनाव आयोग का लक्ष्य चुनावों में बाहुबल, धन के दुरुपयोग को कम करना भी होता है।

चुनाव आयोग हिंसा रहित चुनाव करवाने पर भी जोर देता है ताकि शांति बने रहे। चुनावी प्रक्रिया के दौरान चुनाव आयोग राजनीतिक दलों पर टिप्पणी करने से बचता है, क्योंकि उसे सभी राजनीतिक दलों के साथ सम्मानपूर्वक, सहयोगी रिश्ते में विश्वास है, जो एक स्वस्थ भारतीय लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण है। क्या इस तरह से चुनाव आयोग एक स्वायत्त संस्था के तौर पर काम कर पाएगा और आम नागरिकों की नजर में उसकी साख बन पाएगी? इसके बारे में नेताओं को गंभीरता से सोचना होगा, साथ ही मतदाताओं को भी बरगलाने वाले भाषणों को नकारना होगा और उन्हें तवज्जो नहीं देनी होगी। चुनाव करवाना केवल चुनाव आयोग की ही जिम्मेदारी न हो, बल्कि देश के हर नागरिक को यह सोचना होगा कि जैसे उसके घर में ही कोई बड़ा आयोजन हो रहा हो। जब इस तरह की सोच सबमें विकसित होगी, तो निश्चित रूप से सुधार अवश्य होगा। ■

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारी

करतार सिंह सराभा का जन्म पंजाब के लुधियाना जिले के 'सराबा' नामक गांव में हुआ था। बाल्यावस्था में ही सराभा के पिता का स्वर्गवास हो गया था। उनके दादा बदन सिंह ने उनका तथा छोटी बहन का लालन-पालन किया था। सराभा नौवीं कक्षा पास करने के पश्चात वह अपने चाचा के पास उड़ीसा चले गए और वहीं से हाई स्कूल की परीक्षा पास की। करतार सिंह सराभा भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारियों में से एक थे। सराभा ने लाहौर, फिरोजपुर, लायलपुर एवं अमृतसर आदि छावनियों में घूम-घूमकर पंजाबी सैनिकों को संगठित करके उन्हें विप्लव करने हेतु प्रेरित किया। सराभा जब अमेरिका से जहाज में बैठकर भारत आ रहे थे, तब रास्ते में ही उनके बहुत से साथी गिरफ्तार कर लिए गए थे, पर वह किसी भी तरह बचकर पंजाब आ गए और कुछ ही समय में अपनी देशभक्ति एवं वीरता के कारण प्रसिद्धि प्राप्त कर ली।

करतार सिंह सराभा
जन्म : 24 मई, 1896
मृत्यु : 16 नवंबर, 1915

उन्होंने पंजाब के क्रांतिकारियों को संगठित किया और चारों ओर घूम-घूमकर फौजियों को विद्रोह करने हेतु प्रेरित किया। सराभा भी भारत मां के एक ऐसे लाल थे, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए असंख्य कष्ट सहे। ऐसे वीर सपूत का नाम भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में अपने शौर्य, साहस, त्याग एवं बलिदान के लिए हमेशा याद किया जाता रहेगा। महाभारत के युद्ध में जिस प्रकार वीर अभिमन्यु ने किशोरावस्था में ही कर्तव्य का पालन करते हुए मृत्यु का आलिंगन किया था, उसी प्रकार सराभा ने भी अभिमन्यु की भांति केवल 19 वर्ष की आयु में ही हंसते-हंसते देश के लिए अपने जीवन का बलिदान कर दिया। उनके शौर्य एवं बलिदान की मार्मिक गाथा आज भी भारतीयों को प्रेरणा देती है और देती रहेगी।

अपनी बात

'**बाल** सुधार गृह में कब होगा सुधार' शीर्षक से प्रकाशित संपादकीय पढ़ा। बड़े ही अचरज की बात है कि हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में जहां राज्य सरकार और शासन-प्रशासन की नाक के तले बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार चल रहा था। यह दरिंदगी मालूम नहीं कब से चल रही थी। अगर दायर की गई जनहित याचिका को लेकर माननीय उच्च न्यायालय संज्ञान न लेता तो कथित लंबे समय से की जा रही दरिंदगी जानलेवा साबित भी हो सकती थी।

टार्चर करने वालों पर आला अधिकारियों का हाथ था या किसी और का, सरकार और कानून जांच-पड़ताल करे और दोषियों को मृत्यु दंड की तर्ज पर सजा देने सहित बाल न्याय अधिनियम को अधिक कड़ा बनाएं। वहीं, नई शिक्षा नीति के तहत बाल सुधार गृह के बच्चों को गुणात्मक शिक्षा देने सहित व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही मनोवैज्ञानिक, चिकित्सक व अन्य तमाम योग एवं खेलकूद संबंधी शिक्षकों की तैनाती हो, ताकि ये सभी दोबारा सामान्य जिंदगी जी सकें।

– भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव, सुंदरनगर

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com*

पत्रकारिता के लिए नारदीय आदर्श अपनाने की आवश्यकता

नारद जयंती पर विशेष

इस साल नारद जयंती ज्येष्ठ कृष्ण प्रतिपदा आज मनाई जाएगी। देवर्षि नारद सृष्टिकर्ता प्रजापति ब्रह्मा के मानस पुत्र हैं। वह आदि पत्रकार हैं। महान तपस्वी, तेजस्वी, संपूर्ण वेदांत, शास्त्र के ज्ञाता तथा समस्त विद्याओं में पारंगत हैं। ब्रह्मतेज से संपन्न हैं। नारद जी के महान कृतित्व व व्यक्तित्व पर जितनी भी उपमाएं लिखी जाएं कम हैं। देवर्षि नारद ने अपने धर्म से परमात्मा का ज्ञान प्राप्त किया। वह प्राणी मात्र के कल्याण के लिए सदा उपस्थित रहे। वह देवता, दानव और मानव समाज के हित के लिए सर्वत्र विचरण, चिंतन व विचार मग्न रहते थे।

देवर्षि नारद की वीणा से निरंतर नारायण की ध्वनि निकलती रहती थी। भगवद् भक्ति की स्थापना तथा प्रचार के लिए ही नारद का अवतार हुआ। नारद चिरंजीवी हैं। नारद जी का संसार में अमिट प्रभाव है। देव, दानव, मानव सबके सत्कार्यों में देवर्षि नारद सहायक सिद्ध होते हैं। नारद जी का जीवन जनकल्याण व मंगलमय जीवन के लिए ही है। नारद जी पर नारायण की विशेष कृपा है। वह शत्रु तथा मित्र दोनों में ही लोकप्रिय थे। देवर्षि नारद त्रिकालदर्शी व पृथ्वी सहित सभी ग्रह नक्षत्रों में घट रही घटनाओं के ज्ञाता तो थे ही, उनके मन में कठिन से कठिन समस्याओं के समाधान भी चलायमान रहते थे। देवर्षि नारद व्यास, वाल्मीकि, शुकदेव जी के गुरु रहे। नारद ने ही प्रह्लाद, ध्रुव, राजा अंबरीष आदि को भक्ति मार्ग पर प्रवृत्त किया। नारद ब्रह्मा, शंकर, सनतकुमार, महर्षि कपिल, मनु आदि 12 आचार्यों में अन्यतम हैं। प्रचलित कथा के अनुसार देवर्षि नारद अज्ञात कुलशील होने पर भी देवर्षि पद तक पहुंचे। बाल्यकाल में उनके मन में चंचलता नहीं थी, वह मुनि जनों की आज्ञा का पालन किया करते थे। उनकी अनुमति प्राप्त करके वे बर्तनों में लगा जूठन दिन में एक बार खा लिया करते थे। इससे उनके जन्म के सारे पाप धुल गए। नारद जी की सेवा से प्रभावित होकर मुनिगण उन पर अपनी कृपा रखने लगे। संतों की सेवा करते-करते उनका हृदय शुद्ध रहने लगा।

लेखक : मृत्युंजय दीक्षित
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भजन-पूजन में उनकी रुचि बढ़ती गई। उनके हृदय में भक्ति का प्रादुर्भाव हो गया। वह अपनी माता के साथ ब्राह्मण नगरी में रहते थे। माता के कारण वह भी कहीं अन्यत्र नहीं जा सके। कुछ दिनों बाद एक दिन उनकी माता को सर्प ने काट लिया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। नारद जी ने उसे विधि का विधान माना और गृह त्याग करके उत्तर दिशा की ओर चल दिए। इसके बाद उन्होंने अपनी सतत साधना और तपस्या के बल पर देवर्षि का पद प्राप्त किया। किसी-किसी पुराण में देवर्षि नारद को उनके पूर्वजन्म में सारस्वत नामक एक ब्राह्मण बताया गया है, जिन्होंने 'नमो नारायणाय' मंत्र के जाप से भगवान नारायण का साक्षात्कार किया। कालांतर में पुन: ब्रह्मा जी के दस मानस पुत्रों के रूप में जन्म लिया। नारद शुद्धात्मा, शांत, मृदु तथा सरल स्वभाव के हैं। मुक्ति की इच्छा रखने वाले सभी लोगों के लिए नारद जी स्वयं ही प्रयत्नशील रहते हैं। नारद जी को ईश्वर के प्रत्यक्ष दर्शन होते थे। उन्हें ईश्वर का मन कहा गया है। वह परम हितैषी हैं, उनका अपना कोई स्वार्थ नहीं हैं। वह प्रभु की प्रेरणा से निरंतर कार्य करते रहते हैं।

देवर्षि नारद ने सभी के लिए भगवद् भक्ति का द्वार खोल रखा था। वह जीव मात्र के कल्याण के लिए भगवान नाम कीर्तन की प्रेरणा देते रहते हैं।
देवर्षि नारद का वर्ण गौर सिर पर सुंदर शिखा सुशोभित है। उनके शरीर में एक विशेष प्रकार की उज्वल ज्योति निकलती रहती थी। वह देवराज इंद्र द्वारा प्राप्त श्वेत दिव्य वस्त्रों को धारण किए रहते हैं। वह अनुषांगिक धर्मों के ज्ञाता थे। नारद लोप, आगम, धर्म तथा वृत्ति संक्रमण के द्वारा प्रयोग में आए हुए एक- एक शब्द की अनेक अर्थों में विवेचना करने में सक्षम थे। कृष्ण युग में गोपियों का वर्चस्व स्थापित किया। प्रथम पूज्य देव गणेश जी को नारद जी का ही मार्गदर्शन प्राप्त हुआ था। देवर्षि नारद स्वभावत: धर्म निपुण तथा नाना धर्मों के विशेषज्ञ हैं। वह चारों वेदों के ज्ञाता हैं। उन्होंने विभिन्न वैदिक धर्मों की मर्यादाएं स्थापित की हैं। नारद जी के द्वारा रचित अनेक ग्रंथों का उल्लेख मिलता है, जिनमें प्रमुख हैं नारद पंचरात्र, नारद महापुराण, वृहद रदीय पुराण, नारद स्मृति, नारद भक्ति सूत्र, नारद परिव्राजक उपनिषद आदि। इसके अतिरिक्त नगरीय शिक्षा शास्त्र के साथ ही अनेक स्तोत्र भी नारद जी के द्वारा रचित बताए जाते हैं। भगवद् भक्ति की स्थापना तथा प्रचार के लिए नारद जी का आविर्भाव हुआ। देवर्षि नारद धर्म के प्रचार तथा लोक कल्याण हेतु सदैव प्रयत्नशील रहे।

इस कारण सभी युगों में सभी लोकों में समस्त विद्याओं में समाज के सभी वर्गों में नारद जी का सदा से प्रवेश रहा है। मात्र देवताओं ने ही नहीं वरन दानवों ने भी उन्हें सदैव आदर किया है। समय -समय सभी ने उनसे परामर्श लिया है। नारद जी भागवत संवाददाता भी थे, संदेश वाहक भी थे और ब्रह्मांड के प्रथम पत्रकार भी माने गए। नारद जी के विभिन्न उपनाम भी हैं। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में उन्हें संचारक अर्थात सूचना देने वाला पत्रकार कहा गया है। संस्कृत के शब्दकोष में उनका एक नाम पिशुन आया है, जिसका अर्थ है सूचना देने वाला संचारक, सूचना पहुंचाने वाला, सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान तक देने वाली है। आचार्य पिशुन से स्पष्ट है कि देवर्षि नारद तीनों लोकों में सूचना अथवा समाचार के प्रेषक के रूप में परम लोकप्रिय थे। वह रामायण युग में भी थे, तो महाभारत काल में पांडवों के सबसे बड़े हित साधक भी थे। जनमानस के कल्याणार्थ नारद मुनि ने सत्यनारायण भगवान की कथा, व्रत महात्मय आदि की श्रेष्ठता समाज में स्थापित की।

सभी पुराणों में महर्षि नारद एक मुख्य व अनिवार्य भूमिका में उपस्थित हैं। परमात्मा के विषय में संपूर्ण ज्ञान प्राप्त करने वाले दार्शनिक को नारद कहा गया है। पुराणों में नारद को भागवत संवाददाता भी कहा गया है। यह भी सर्वमान्य है कि नारद की ही प्रेरणा से महर्षि वाल्मीकि ने रामायण जैसे महाकाव्य और व्यास ने महाभारत जैसे काव्य की रचना की थी। नारद सदैव ही सामूहिक कल्याण की भावना को सर्वोपरि रखते थे। नारद में अपार संचार योग्यता व क्षमता थी। आदि पत्रकार नारद जी की पत्रकारिता सज्जन रक्षक व एवं दुष्ट विनाशक की थी। देवर्षि नारद की पत्रकारिता समाज के लिए हितकारी व दुष्टों का संहार करने वाली थी। नारद जी की पत्रकारिता अध्यात्म पर आधारित थी। उन्होंने स्वार्थ, लोभ, एवं माया के स्थान पर परमार्थ को श्रेष्ठ माना। महान विपत्तियों से मानवता की रक्षा का काम किया। वर्तमान समय में पत्रकारिता के लिए नारदीय आदर्श अपनाने की आवश्यकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नजरिया

विज्ञान को भ्रमित करने की खबरों से हो परहेज

ईरान के राष्ट्रपति स्व. रईसी के हेलिकॉप्टर से हुई मौत की दुर्घटना को किसी भी साजिश से जोड़ना सही नहीं लगता है। आजकल ऐसी खबरें काफी मीडिया में चल रही हैं, लेकिन अभी कुछ कहा तो नहीं जा सकता है। यह धुंध और कोहरे के कारण प्राकृतिक घटना नजर आ रही है, क्योंकि जब रात को हेलिकॉप्टर को ढूंढने में समय लग रहा था तो तुर्की से थर्मोग्राफी डिटेक्टर की मदद से इसे ढूंढना पड़ा। एक न्यूज यह भी आ रही है कि सेटेलाइट से लेजर बीम से जो तकनीक अमेरिका और चीन व रूस के पास है, से यह हमला किया गया।

सेटेलाइट का मतलब है कृत्रिम उपग्रह जो चांद की तरह पृथ्वी का चक्कर लगाता है। किसी भी स्तर पर पृथ्वी के पास प्रक्षेपण नहीं आ सकता, क्योंकि उसे उस गुरुत्वाकर्षण बल से बाहर निकलना होगा, जो किसी राकेट से संभव है, वह भी अंतरिक्ष में जाने वाला, लेकिन प्रकाश की कोई भी सेटेलाइट के द्वारा संचार, रिमोट सेंसिंग, मौसम आदि की जानकारी के लिए होता है, न कि युद्ध के लिए। हां अंतरिक्ष में सेटेलाइट से सेटेलाइट को मार करने की तकनीक है, लेकिन फिलहाल वहां से पृथ्वी पर मार करने की तकनीक नहीं है, जहां तक लेजर किरणों की बात है, वह भी एक प्रकाश की किरण ही है। लेजर एक उपकरण है, जो परमाणुओं या अणुओं को विशेष तरंग दैर्ध्य पर प्रकाश उत्सर्जित करने के लिए उत्तेजित करता है और उस प्रकाश को बढ़ाता है।

आमतौर पर विकिरण एक बहुत ही संकीर्ण किरण उत्पन्न करता है। उत्सर्जन आम तौर पर दृश्यमान, अवरक्त, या पराबैंगनी तरंग दैर्ध्य की बेहद सीमित सीमा को कवर करता है। अत्यधिक विविध विशेषताओं के साथ कई अलग-अलग प्रकार के लेजर विकसित किए गए हैं। लेजर 'विकिरण के उत्तेजित उत्सर्जन द्वारा प्रकाश प्रवर्धन' का संक्षिप्त रूप है, जो एक प्रकार की प्रकाश की किरण ही है, जो अंतरिक्ष से पृथ्वी पर मार नहीं कर सकती और दूसरी बात यह है कि हवा में कोई भी वस्तु उड़ रही हो तो एविएशन कंट्रोल रूम से रडार की पकड़ में आता है। न्यूज चैनलों को विज्ञान की ऐसी कोई खबर बिलकुल नहीं दिखानी चाहिए जो भ्रमित करे। यह एक अलग बात है कि कोई उनकी अंदरूनी साजिश के तहत पायलट ने जानबूझ कर क्रैश कराया, लेकिन कोई ऐसा करता है, तो वह पकड़ा जाता है। खैर ब्लैक बॉक्स से ही इसके कारण या साजिश का पता लग सकेगा। फिलहाल अमेरिका ने कहा कि इस दुर्घटना में उसका कोई लेना-देना नहीं है। अमेरिका एक ऐसा देश है, जो करने के बाद उसे छुपाता नहीं है। जहां तक सर्वोच्च पद खुमैनी के लड़के के शक की बात है, यह एक अंदरूनी मामला है, लेकिन जब रईसी को ही टारगेट किया है तो विदेश मंत्री और अन्य के लिए साजिश करना कठिन है। जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती तब तक कुछ भी कहना गलत होगा। अत: किसी भी दुर्घटना पर बिना जांच के भ्रामक जानकारी से विज्ञान की इज्जत चली जाती है।

लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

कविता

हिंदी हैं हम
भीम बसेड़ू राजपूत
महादेव, सुंदरनगर

भले ही छोटा सा है शब्द हिंदी,
मगर तेज है जिसका
सातवें आसमान तक,
दिखती है भव्यता
और दिव्यता जिसकी,
कभी शक्ति, कभी तिरंगे की बिंदी
बन देशभक्ति,
कहीं बलिदान, कहीं आत्म सम्मान,
किसी की ममता, किसी का सहारा,
है हिंद देश, अपनी मातृभाषा
का दुलारा,
हमारी है माता हिंदी
एक छोटे से,
मगर मंगल टीके के रूप में,
हिंदी बिंदी का इतना बड़ा है दायरा,
क्योंकि हिंदी हैं हम,
हिंदी हैं हम।।

पर्यावरण प्रदूषण मानवता के लिए बड़ा खतरा, संभलने की जरूरत

हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी राज्य होने के बावजूद आजकल यहां जिस तरह से प्रचंड गर्मी पड़ रही है, यह चिंता का विषय है। मौसम विभाग अनुसार आठ जिलों में आने वाले दिनों में लू चलने के प्रबल आसार बताए गए हैं। बड़ी हैरानी की बात है कि पहाड़ी राज्य में इस बार गर्मी का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार होने जा रहा है। आम आदमी का जनजीवन इस तपिश में अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रचंड गर्मी से बचाव के लिए लोग हजारों रुपए खर्च करके एयर कंडीशनर खरीदने को पहल दे रहे हैं, मगर पेड़ लगाने के लिए लोगों की रुचि दिनोंदिन घटती जा रही है। एयर कंडीशनर की ठंडी हवा भी सदैव स्वास्थ्य लिहाज से हानिकारक मानी जाती है। हरे-भरे पेड़ों से चलने वाली हवाओं से एक व्यक्ति इस तपिश से राहत जरूर पा सकता है।

सुख की सरकार ने अब सरकारी कार्यालयों में पानी की प्लास्टिक बोतलों पर प्रतिबंध लगाने की योजना बनाई है। हिमाचल प्रदेश में अचानक पिछले कुछेक वर्षों में गर्मी का तापमान क्यों बढ़ा, सोचने का विषय है। सरकारें ही गंभीर विषयों बारे चिंतन करें, लोगों को भी इंसान होने का हक जरूर निभाना चाहिए। पशु भी जमीन पर बैठने से पहले अपनी पूंछ से उस जमीन को साफ करके अपनी समझदारी का सबूत देते हैं। आजकल का इंसान क्या पशुओं से भी बदत्तर बनता जा रहा, जो इधर-उधर प्लास्टिक का सूखा कचरा फेंककर अपनी नासमझी का सबूत दे रहा है? प्लास्टिक, पानी की बोतल, कोल्ड ड्रिंक, एनर्जी ड्रिंक, चाय, कॉफी के कप लोग इस्तेमाल करने के बाद सड़कों, गलियों, बस स्टॉप पर फेंकना अपनी रोजमर्रा की आदत बना चुके हैं। सरकार ने स्वच्छता अभियान केवल मीडिया में वाहवाही लूटने के लिए नहीं चला रखा है। लोगों में सूखे कचरे से होने वाले नुकसान को लेकर सामाजिक जागरूकता बढ़े, इसलिए यह अभियान चलाया है।

स्वच्छता अभियान के तहत गांव स्तर पर कूड़ेदान रखे गए, मगर लोग इनमें सूखा कूड़ा डालने की बजाय, उल्टा उनका मजाक बनाने में लगे हुए हैं, नतीजतन ऐसे कूड़ेदान सिर्फ शोपीस बनकर ही रह चुके हैं। कंपनियों का कूड़ा-कचरा भी खड्ड, नालों में फेंककर पर्यावरण दूषित बनाता जा रहा है। बढ़ता वायु प्रदूषण दिनोंदिन मानवता के लिए बहुत बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। आसमान में उड़ते धूल के कणों से इंसान स्वच्छ वायु भी बराबर नहीं ले पा रहा है।

लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

दूषित वायु प्रदूषण की बजह से आजकल लोग कई तरह की बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। मौसम की एलर्जी, चमड़ी रोग, खांसी, दमा, हृदयघात, हड्डी रोग और खुष्क त्वचा की समस्या से हर कोई आहत है। वायु प्रदूषण इंसान के दिमाग पर भी ज्यादा असर करके शरीर को निर्जीव बनाकर रख देता है।

बढ़ते वायु प्रदूषण पर रोकथाम लगाने के लिए सरकारें फिलहाल नाकाम चल रही हैं, नतीजतन इसका खामियाजा आम जनमानस को भविष्य में भुगतना पड़ सकता है। सर्दियों में खासकर लोग कूड़े-कचरे के ढेरों को आग लगाकर शरीर को तपिश देने की कोशिशें करते आ रहे हैं, ऐसे कचरे के ढेरों से उठने बाला धुआं भी वातावरण को प्रदूषितक करने का काम करता है। डीजल, जनरेटर का धुआं और एयर कंडीशनर प्लांट की गर्म हवा भी पर्यावरण को ज्यादा गर्म बना रही है। फसलों, सब्जियों और फलों पर किए जा रहे जहरीली दवाओं और कीटनाशक स्प्रे से भी बातावरण पर विपरीत असर पड़ा है। धान का पराल जलाने से सबसे ज्यादा बातावरण प्रदूषित हो रहा है, मगर जागरूकता बगैर यह सिलसिला सालों से इसी तरह चलता आ रहा है, नतीजतन बच्चों, बूढ़ों और हर कोई इस समस्या का खामियाजा भुगत रहा है। एक तो सर्दियों का मौसम होने के कारण आसमान में धुंध अपना डेरा जमाए हुए रखती है, वहीं जलती हुई कृषि और फैक्टरियों के धुंए से आम जनमानस का जीवन ही अस्त-व्यस्त होकर रह जाता है।

शहरों में रहने वाले लोगों को स्वच्छ वायु न मिलने की बजह से वे अपने घरों की चारदीवारी में बंद होकर रहने को मजबूर हो जाते हैं, मगर अब यह समस्या हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य में भी बढ़ रही है। वायु प्रदूषण खासकर बच्चों को अपनी चपेट में ज्यादा ले रहा है। दूषित वायु प्रदूषण से अपने बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए अभिभावकों को जागरूक बनने की जरूरत ज्यादा है। जंगलों में पेड़ों पर लगातार कुल्हाड़ी चली हुई हैं। पेड़ कटने की तादाद ज्यादा है, जबकि पौधरोपण भी मात्र दिखावे के लिए ही किया जा रहा है। पेड़ कार्बनडाइऑक्साइड को ग्रहण करके आम जनमानस के लिए ऑक्सीजन छोड़ते हैं। जब पेड़ ही नहीं रहेंगे, तो कैसे कचरायुक्त कार्बनडाइआक्साइड को खत्म करके मानवता के लिए ऑक्सीजन मुहैया हो पाएगी, सभी को अब गौर करना होगा। पौधरोपण पर हर साल करोड़ों रुपए खर्च किया जा रहे हैं, मगर इसके बावजूद कटते जा रहे पेड़ों का दर्द कोई नहीं समझ पा रहा है। पेड़ों की कमी की बजह से जमीन का जलस्तर दिनोंदिन गहराता जा रहा है।

इस कारण आजकल बेमौसमी बारिशें ज्यादा हो रही हैं। वायु प्रदूषण से आगामी पीढ़ी को बचाने के लिए बारिशों का समय पर होना बहुत जरूरी बन चुका है। आसमान में फैले कचरायुक्त धूल कणों को सिर्फ बारिश ही साफ कर सकती हैं। अगर जागरूकता से काम किया जाए तो बढ़ते वायु प्रदूषण से कुछ हद तक निजात पाई जा सकती है। बिकराल बनती जा रही वायु प्रदूषण की समस्या से अपने देश में मरने वाले लोगों का आंकड़ा ज्यादा बताया जाता है। हिमाचल सरकार को पेड़ों के कटान पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाकर प्रकृति की सुरक्षा के लिए आगे आना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

प्राकृतिक शिक्षा और नैतिक शिक्षा का होना जरूरी

शिक्षक होने के नाते शिक्षा के गुण और दोषों के बारे में ही लिखना पसंद करूंगा। मनुष्य अपने बाल्यकाल से मृत्युकाल तक कुछ न कुछ सीखने में सदैव तत्पर रहता है। साधारण भाषा में कहूं एक शिक्षा जो हमें संस्कारित माता-पिता से पोषित मिलती है। एक शिक्षा जो विद्यार्थी स्कूलों, महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालयों में अपने अध्यापकों से विषयानुसार ग्रहण करते हैं। एक वह शिक्षा जो राजनीतिक पार्टियों के साथ जुड़ने से सीखी जाती है। इसमें सत्ता संघर्ष के मूल्यों के साथ-साथ धार्मिक उन्मांद, जातीय संघर्ष तथा क्षेत्रीय असंतुलन पर्याप्त मात्रा में देखने को मिलता है, जिसका मूल उद्देश्य शायद सत्तासीन होना है। एक वह शिक्षा जो प्रकृति हमें रंक से राजा और राजा से रंक बनाने में भी मदद करती है, जो हमें प्राकृतिक बदलाव और हर मौसम का अब अत्यधिक हो जाना, मशीनी आभासी दुनिया को तार-तार करके प्रकृति का शिक्षार्थी बनने को कहती है।

विभिन्न पहलुओं से दृष्टिगोचर होती हुई क्या ये शिक्षा आखिर में इंसान को इंसान बनाती है? वर्तमान परिदृश्य में पोषित ये शिक्षा क्या सुंदर समाज की कल्पना करती है? प्रश्नों की बाढ़ है। भारत जिस गति से आगे बढ़ रहा है, आज भारत में चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण हो चुका है। भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। दुनिया का सबसे सफल और प्रमाणित लोकतंत्र है, लेकिन प्राकृतिक बदलावों से बचने के लिए कोई ऐसी शिक्षा जो इंसानी हो, आत्मीय हो।

पिछले साल हमने देखा कि कैसे बरसात कइयों की जिंदगी को लील कर गई। आजकल मौसमी बदलाव के कारण दिल्ली के अधिकांश क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 45 से 47 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार से छह डिग्री अधिक है। पहाड़ भी अब तप रहे हैं। प्राकृतिक पानी के चश्मे सूख चुके हैं। पानी के लिए हाहाकार मच रहा है।

हिमाचल प्रदेश में अधिकतम तापमान चढ़ते ही लू चलना भी शुरू हो गई है। राजधानी शिमला, सुंदरनगर, भुंतर, धर्मशाला, ऊना, सोलन, मंडी, बिलासपुर और कांगड़ा में लू चल रही है। मौसम विभाग के अनुसार हमीरपुर के नेरी में इस सीजन का सबसे ज्यादा 44 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड हुआ। तरक्की के इस दौर में आज की शिक्षा किताबी ज्ञान से हटकर प्राकृतिक ज्ञान को समझना जरूरी है।



लेखक : सिकंदर बंसल
रामपुर बुशहर, हिप्र

पिछले वर्ष मणिपुर जातीय संघर्ष के लिए कोई ऐसी समरसता पूर्ण शिक्षा, तुष्टीकरण न करने की शिक्षा, जातियों में नफरत न फैलाने की शिक्षा, क्योंकि आज छोटे-छोटे कंटेंट क्रिएटर सोशल मीडिया के माध्यम से एक-दूसरे को धर्म और जाति के आधार पर गालियां दे रहे हैं। सामाजिक सौहार्द का बेड़ा गर्क कर रहे हैं।

वर्तमान में शिक्षा का दायरा सीमित कर दिया गया है, शिक्षा का उद्देश्य केवल जॉब या पैसा कमाने तक ही रह गया है, जबकि शिक्षा का मूल उद्देश्य है संस्कार सहित प्राकृतिक सत्य को जानना। पर्यावरण के साथ हमारा दोस्ताना संबंध। आज इन शिक्षा से बिछड़ना मतलब इंसान का प्रकृति प्रेम में रुचि न लेना। नैतिक मूल्यों का खत्म हो जाना। शिक्षा में नैतिक पाठ का बस्ते के अंदर ही गुम हो जाना। शिक्षक के हाथ से पतली छड़ी का गुम हो जाना। आज अध्यापक को न तो समाज उतनी तवज्जो देता है, न ही अभिभावक। आज आपराधिक गतिविधियां चरम पर हैं। बलात्कार, नशा, चोरी-डकैती से परिपूर्ण उद्दंडता वाले युवा अभी भी जेलों में भरे पड़े मिलते हैं, क्योंकि स्कूली 5 मिनट का मुर्गा और छड़ी की मार अब पूर्णकालिक हो चुकी है।

आज समाज मृत्यु, संकट, निराशा और अवसाद से घिरे वातावरण में अपने आप को बदहवासी की हालत में छोड़ रहा है। संसद और विधानसभाओं में कभी सफलता पूर्वक सदन नहीं चलता। पक्ष-विपक्ष जोरदार टकराव चिरकाल से होता आ रहा है। मुद्दों पर बहस न करके और जनता का भी आम चुनाव में रुचि न लेना भी एक कारण है। आज शिक्षा किसी भी तरह की हो, परंतु आत्मीय के साथ रुचिकर भी होनी चाहिए, ताकि प्राकृतिक बदलाव को समझने के लिए शिक्षा, जातीय संघर्ष का समाधान, नफरत की राजनीति के लिए कोई शिक्षा आदि पर बहस हो तो मजा आ जाए।

टीवी की निर्भिक पत्रकारिता भी किसी दुर्लभ जीव विलुप्त हो रहे गिद्दों की तरह समाप्त हो चुकी है। यह किसी बड़े धनासेठ की भाग्य-लक्ष्मी की तिजोरियों में कैद है। अंत में प्राकृतिक में हो रहे बदलाव को रोकने के लिए एक सच्ची नैतिक मूल्यों से पोषित शिक्षा ही जंगल और जमीन को अपने शरीर का अंग समझ कर ही बचा सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

कृषि विज्ञान केंद्रों की कार्ययोजना कार्यशाला संपन्न

सुंदरनगर। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान लुधियाना द्वारा प्रदेश के 13 कृषि विज्ञान केंद्रों के लिए वार्षिक कार्ययोजना कार्यशाला संपन्न हो गई है। इस 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र मंडी स्थित सुंदरनगर में किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता डा. परवेन्दर श्योरण निदेशक, कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, क्षेत्र-1 लुधियाना ने की। इसके अतिरिक्त कार्यशाला में पंजाब एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय के विभिन्न कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों की टीम उपस्थित रही।

नगारवी में किया भंडारे का आयोजन

मंडी। हटली क्षेत्र के नगारवी गांव में चल रहे साप्ताहिक भागवत कथा में रामचरितमानस का श्रवण किया गया। कथा वाचक सुरजीत शास्त्री द्वारा भगवान श्रीराम के भजन व वचन सुनाए गए। इस मौके पर भागवत कमेटी के प्रधान सोहन लाल ने बताया इस भागवत कथा का आयोजन हर वर्ष किया जाता है समाज का इस आयोजन में भरपूर सहयोग मिलता है, साथ में कोषाध्यक्ष अमरनाथ, सचिव जोगिंद, सह सचिव प्रवीण कमेटी सदस्य विवेक, मोनू, पुष्कर, अनु, दिव्यांशु, निखिल, कुशल आदि का पूरा सहयोग रहा।

मंडी में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

मंडी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मंडी जिला के जिला संयोजक अमन ठाकुर ने कहा कि एबीवीपी शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य लेकर देशभर में मतदाता जागरूकता अभियान चला रही है। इसी संदर्भ में अभाविप ने मतदान की अहमियत बताते हुए युवाओं अपना मत अवश्य डालने का निवेदन किया है। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर बैठकें कर मतदान के लिए लोगों को जागरूक कर रहे है।

24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का किया आयोजन

जोगिंदरनगर। जोगिंदरनगर में गायत्री परिवार की और से वीरवार को जिला संयोजक सोमेंद्र सिंह ने कहा शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन कालीमाता मंदिर परिसर में 21 से 24 मई तक किया जा रहा है। वैशाख पूर्णिमा के दिन सत्यनारायण देव कथा पाठ किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार जोगिंदरनगर के सदस्यों ने भाग लिया और काली माता मंदिर परिसर में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार भी किए गए। उन्होंने बताया गायत्री मंत्र पाठ व हवन-यज्ञ करने से घर में सुख-शांति होती है माता-पिता को चाहिए कि अपने बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार देने चाहिए।

सिटीजन काउंसिल ने प्रत्याशियों को दिया दृष्टि पत्र

मंडी। सिटीजन काउंसिल मंडी ने लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के लिए एक दृष्टि पत्र जारी किया है। हालांकि इस में अधिकतम मुद्दे मंडी शहर पर केंद्रित हैं। अध्यक्ष ओपी कपूर की ओर से जारी इस दृष्टि पत्र में सबसे पहले काउंसिल द्वारा मंडी की प्रबुद्ध जनता की ओर से लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनने पर स्वागत किया है। तदोपरांत क्षेत्र के कुछ मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया है। पहले बिंदु में गत वर्ष की तरह बरसाती त्रासदी की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए पंडोह बांध से मंडी तक ब्यास नदी का तटीयकरण करने की मांग की गई है। सुकेती खड्ड का भी तटीयकरण करने का सुझाव दिया गया है। इसके अतिरिक्त कई मुद्दों को शामिल किया है।

वरुण महाराज ने भक्तों को दिया आशीर्वाद

मंडी। छोटी काशी मंडी के रविनगर वार्ड में स्थित प्राचीन बाबा झल्ला गुरुद्वारा में श्री गुरु बाबा वरुण महाराज ने भक्तों को दर्शन दिए। वहीं गुरुद्वारा में संध्याकालीन के दौरान भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें गुरु की महिमा का गुणगान किया गया। वहीं गुरुवार को गुरुद्वारा के प्रांगण में स्थित निशान साहिब की रस्म अदा कर झंडा रस्म पूरी की गई।

इसके उपरांत संगत के लिए गुरुवाणी विचार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रदेशभर के अलावा अन्य क्षेत्रों से हजारों संगत के भाग लिया। दो दिवसीय कार्यक्रम में श्री गुरु बाबा वरुण महाराज दो वर्ष बाद पधारकर भक्तों को आशीर्वाद देते हैं। वहीं सभी श्रद्धालुओं के लिए अटूट लंगर भी लगाया गया है।

सेवा संकल्प समिति का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

सरकाघाट। सरकाघाट की प्रमुख सामाजिक संस्था सेवा संकल्प समिति का वार्षिक अधिवेशन पूर्व अध्यक्ष हुकम चंद गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ और द्विवार्षिय चुनाव सेवानिवृत्त उप निदेशक नानक चंद शर्मा की देख-रेख में हुए। इस अधिवेशन में करीब 200 से अधिक सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। सर्वसम्मति से दूसरी बार चंद्रमणी वर्मा को अध्यक्ष चूना गया, जबकि डॉ. विजय कुमार व बृज लाल भारद्वाज को उपाध्यक्ष चूना गया। वहीं राकेश कुमार पंकज को भी दूसरी बार महासचिव चूना गया, मनोहर लाल शर्मा को कोषाध्यक्ष चूना गया। इस मौके पर जीवन लाल शर्मा, मनोहर लाल धीमान, जगदीश चन्द, राधालाल, कृष्णा देवी, टेक चन्द पटियाल, ललित जम्वाल आदि उपस्थित रहे।

आउटडोर गेम्स से सेहत के साथ बढ़ता है बौद्धिक स्तर : श्रेया लोहिया

अनिल शर्मा, मंडी

मोबाइल के बाहर भी बहुत बड़ी दुनिया है, बाहर निकल कर दुनिया देखिए और अपने संघर्ष से अमिट छाप छोड़िए। यह बात होस्ट एंकर सीरीज के नौवें एपिसोड में एंकर सेवानिवृत्त प्रवक्ता नीरज शर्मा के साथ खास बातचीत में भारतीय मोटरस्पोर्ट्स में महिला रेसिंग ड्राइवरों में एक श्रेया लोहिया ने कही। श्रेया लोहिया ने कहा कि मोबाइल बच्चों के भविष्य के लिए बड़ी बाधा बन कर सामने आया है। इंडोर गेम्स की बजाय आउटडोर गेम्स में भाग लेने से सेहत के साथ अपने आप ही बौद्धिक स्तर में भी वृद्धि होती है। कुछ बच्चे कम उम्र में ही ड्राइविंग करना शुरू कर देते हैं, वह बहुत ही गलत बात है। यदि आपको ड्राइविंग का शौक है तो रेस में आइए, लेकिन सड़क पर किसी जिंदगी लेने के लिए न निकले। श्रेया लोहिया ने बताया कि उस समय गौरव का क्षण था जब देश के प्रधानमंत्री ने फॉर्मूला 4 शो रन में एकमात्र महिला प्रतिभागी होने पर सराहना की। (अनंत ज्ञान)

होस्ट एंकर सीरीज में बोली भारत की पहली महिला रेसिंग ड्राइवर

मिल चुका है राष्ट्रीय बाल उत्कृष्टता पुरस्कार

श्रेया लोहिया 9 वर्ष की आयु से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रेसिंग चैंपियनशिप में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। वर्ष 2022 में 13 वर्ष की आयु में श्रेया लोहिया को उनके योगदान के लिए भारत के प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राष्ट्रीय बाल उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बता दें कि श्रेया लोहिया भारत की चुनिंदा फॉर्मूला वन ड्राइवर बनकर युवा लड़कियों को मोटरस्पोर्ट्स के लिए प्रेरित करते हुए अपने देश को गौरवान्वित करना चाहती है।

अनंत ज्ञान स्पैशल

एपिसोड-9

कई संस्थाओं ने किया सम्मानित

श्रेया लोहिया को देश की कई संस्थाओं ने सम्मानित किया है। एफएमएससीआई द्वारा मोटरस्पोर्ट्स में उत्कृष्टता के लिए 4 बार पुरस्कृत, रोटैक्स मैक्स नेशनल कार्टिंग चैंपियनशिप इंडिया 2018 में भागीदारी। ओवरऑल रोटैक्स मैक्स नेशनल कार्टिंग चैंपियनशिप इंडिया (कैडेट क्लास) में डेब्यू पर चौथा स्थान हासिल किया।

रोटैक्स मैक्स नेशनल कार्टिंग चैंपियनशिप इंडिया 2018 में भाग लेने वाली एकमात्र महिला। एफएमएससीआई द्वारा मोटरस्पोर्ट्स अवार्ड 2018 में उत्कृष्ट महिला सम्मान से सम्मानित किया गया।

नालियों की टूटी जालियां दे रहीं हादसों को न्योता

हर दिन गिरते हैं लोग, नगर निगम के प्रति आक्रोश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

शहर में सड़कों व फुटपाथों पर नालियों के ऊपर लगाए गए लोहे के जाले कई स्थानों पर टूट चुके हैं, लेकिन नगर निगम इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

आलम यह है कि शहर के सभी फुटपाथों के ऊपर हर रोज हजारों लोगों की पैदल आवाजाही होती है। ऐसे में राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि कुछ समय पहले कुछ स्थानों पर मरम्मत तो कराई गई थी, लेकिन कुछ स्थानों पर तो इन जालियों की वेल्डिंग टूटी हुई है, जबकि कई जगह के जाले जंग लग कर खराब हो चुके हैं।

चौहाटा बाजार में भी नालियों के उपर लगाई गई लोहे की जालियां टूट चुकी हैं। शहरवासियों नीरज हांडा व हरीश का कहना और रोज कोई न कोई इसमें गिर जाता है या ठोकर लगती रहती है। उनका कहना है कि नगर निगम में चुने हुए प्रतिनिधि इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ये प्रतिनिधि रोज इसे नजरअंदाज कर निकल जाते हैं। इन्होंने नाराजगी भरे गुस्से के लहजे में कहा कि यदि उन्हें यह नजर आता, तो अब तक ठीक करवा दिया जाता। उन्होंने कहा कि जब कोई बड़ा हादसा होगा तब ये लोग जागेंगे।

एक नाली की टूटी हुई जाली।

नगर निगम करवाए टूटी जालियों की मरम्मत

थनेहड़ा बाजार के दीप राम ने कहा कि उनके यहां भी फुटपाथ पर बिछाए गए लोहे की जालियां टूट चुकी हैं और आने जाने वालों को बहुत परेशानी होती है। उन्होंने नगर निगम से मांग की पूरे शहर में इन टूटी हुई गाड़ियों की मरम्मत की जाए।

शहर के कुछ हिस्से में उखड़ा फुटपाथ

मंडी की अधिकतर नालियों के उपर लगे जाले टूटे हुए हैं। शहरवासी कई बार मांग कर चुके हैं कि इनको ठीक करवाओ, लेकिन नगर निगम प्रबंधन यही कहता है कि ठीक करवा देंगे। महीनों इंतजार करने के उपरांत शहरवासियों का सब्र का बांध टूटता जा रहा है। कहीं कूलर खराब हैं तो कहीं नालियों पर लगे जाले टूटे हुए हैं। कहीं कहीं तो फुटपाथ ही उखड़ गए हैं। शहरवासियों ने नगर निगम से सवाल किया है कि कुछ फुटपाथ पर अच्छी टाइलों को उखाड़ कर नई डाल दी, लेकिन खराब टाइल को वैसे ही रहने दिया।

कुछ जगह करवाई मरम्मत, कहीं छोड़ी

शहरवासी मनीष गर्ग ने बताया कि शहर में बनी नालियों के उपर जालियां टूटने से लगातार लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार तेजी से चलने के कारण कई लोगों को चोटें भी आई हैं। नगर निगम द्वारा कुछ जगह तो मरम्मत तो कर दी गई है, लेकिन कुछ जगह अभी वैसी ही स्थिति बनी हुई है। नगर निगम को इन नालियों की मरम्मत कार्य तुरंत प्रभाव से कर देना चाहिए, ताकि किसी को गंभीर चोट का सामना न करना पड़े।

दूसरी जगह पर टूटी हुई जाली।

> जानकारी मिली है, मामले पर शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी। शहर में हर गली में जाकर इसकी रिपोर्ट तैयार की जाएगी, उसके बाद प्राक्लन बनाया जाएगा। बजट का प्रावधान करते ही कार्य भी आरंभ कर दिया जाएगा।
>
> -माधुरी कपूर, उप महापौर, नगर निगम मंडी।

सड़क दुर्घटना में घायल महिला का सामान लेकर चोर फरार

अनंत ज्ञान, मंडी

उपमंडल सदर मंडी के पंडोह क्षेत्र में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक सड़क दुर्घटना में घायल महिला का अज्ञात आरोपी पर्स चुराकर ले गया है। महिला के पर्स में उसके दस्तावेज और हजारों रुपए का सामान मौजूद था। पुलिस थाना सदर मंडी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने शिकायतकर्ता दया देवी पत्नी विनोद कुमार गांव व डाकघर कंजिया की शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता अनुसार जब वह एक निजी बस में सवार होकर आ रही थी तो पंडोह क्षेत्र में बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस कारण महिला घायल हो गई और मौके पर मौजूद लोगों द्वारा घायलों को दुर्घटनाग्रस्त बस से बाहर निकाला गया। जब उसे बस से बाहर निकाला जा रहा था तो उसने बाहर खड़े व्यक्ति को पर्स और एक अन्य कपड़ों का थैला पकड़ाया।

उक्त व्यक्ति ने पर्स और थैले को एक तरफ रखने के लिए इसी अन्य व्यक्ति को पकड़ाया गया, लेकिन जैसे ही महिला बस से बाहर निकली तो कोई अज्ञात व्यक्ति उसका सामान चुराकर मौके से उठाकर ले गया था। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि मामले में पुलिस गवाहों के बयान दर्ज कर रही है।

शाढला पाली स्कूल में बताया मुद्रा का महत्व

मंडी। राजकीय प्राथमिक पाठशाला शाढला पाली के शिक्षक मोहन सिंह सकलानी बच्चों को अक्सर व्यवहारिक ज्ञान देने का प्रयास करते रहते हैं। इसी कड़ी में शिक्षक मोहन सिंह सकलानी ने कक्षा तीन, चार और पांच के विद्यार्थियों को मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कार्यक्रम के तहत भारतीय मुद्रा रुपया के नोटों को दिखाकर बच्चों को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि आजकल नकली नोटों का भी बहुत प्रचलन है। इसलिए सही नोट की पहचान के विभिन्न तरीकों को सांझा किया, ताकि बच्चे अपने जीवन में कहीं भी धोखा न खा सके। प्रत्येक नोट के पिछली तरफ छपे भारत के ऐतिहासिक स्थलों के चित्रों, भारतीय रिजर्व बैंक, नोट की क्रम संख्या आदि बारे विस्तार से जानकारी दी।

भाजपा नहीं कर रही मुद्दों पर बात : बीवी श्रीनिवास

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने कहा कि स्वयं को फकीर कहने वाले देश के प्रधानमंत्री मोदी चार जून के बाद अपना झोला उठाकर यहां से प्रस्थान करने की तैयार कर लें। देश की जनता ने लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए भाजपा को बाहर का रास्ता दिखाने का पूरा मन बना लिया है।

फकीर प्रधानमंत्री के साथ इस सफर में मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत भी साथ ही यहां से चली जाएंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा मुद्दों पर बात ही नहीं कर रही है। मंडी संसदीय क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी भी भाजपा के व्हाट्सअप विश्वविद्यालय की बातों को बोल रही है। किसी चुनाव में यह पहली बार हो रहा है कि चुनावी जनसभाओं में भाजपा द्वारा ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है जो आज से पहले कभी नहीं हुआ है।

अपनी हार से बौखला चुकी भाजपा अब झूठ के सहारे अपनी चुनावी नैया को पार लगाने की जुगत में है। लेकिन देश में इंडी गठबंधन जीतकर देश में अपनी सरकार बनाएगा। मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह इस चुनाव से दो लाख से अधिक मतों से जीतकर संसद पहुंचेंगे। उन्होंने इंडी गठबंधन की सरकार बनने के पहले चरण में देश की जनता को दी गई गारंटियों को पूरा करने काम शुरू हो जाएगा।

युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रेस वार्ता करते हुए।

बगला व अपर भीऊली में टूटे ताले

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

नगर निगम मंडी के अंतर्गत बगला व अपर भीऊली में चोरी की वारदातों से वहां के बाशिंदे सहम गए हैं। अप्पर भीऊली में एक बार फिर से चोरी होने की वारदात सामने आई है।

यह न्यायिक आवास के आसपास की घटना है। ऐसे में भीउली व आसपास के नागरिकों से अनजान चेहरों पर नजर रखने की अपील की गई है। वहां के निवासी अंकू का कहना है कि यहां के वाशिंदे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यहां पर एसपी से पुलिस गश्त लगाने की गुहार लगाई गई थी, लेकिन अभी तक ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। ऐसे में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उधर, मनदीप सिंह के अनुसार बगला में हिमुडा कॉलोनी के एक मकान में चोर ने बाहर का दरवाजा तोड़कर भीतर भी दरवाजे को तोड़ने की कोशिश की, लेकिन उसमें वह नाकाम रहा इस नाकामी के बाद वह दीवार फांद कर निकल गया।

उसकी यह कर दो सीसीटीवी फुटेज में रिकॉर्ड हो गई है। हालांकि देर सायं तक दोनों मामले दर्ज नहीं हो पाए थे। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि शिकायत आने ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे भी गश्त बढ़ाई जाएगी।

तोड़े गए ताले का दृश्य।

दूसरे दिन भी बुजुर्गों और दिव्यांगों ने किया मतदान

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर, जोगिंद्रनगर, नेरचौक

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने बताया कि सभी मोबाइल पोलिंग टीमों ने दूसरे दिन यानि 22 मई को चिन्हित आवेदकों के घर पहुंचकर 117 मतदाताओं से मतदान करवाया। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में 722 ऐसे मतदाता है जो 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग या दिव्यांग है।

वहीं जोगिंदरनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में गियुणी-एक की 109 वर्षीय चितो देवी तथा ठारा की 105 वर्षीय फुलमू देवी ने किया मतदान किया। इसी तरह मचकेहड़ की 103 वर्षीय नारदू देवी, बसाही गांव की 102 वर्षीय भीखमू देवी, मचकेहड़ गांव की 101 वर्षीय मकोरड़ी देवी, गांव हरयाली गंगोटी के 101 वर्षीय काशी राम तथा पतरैण गंगोटी की 100 वर्षीय चारजू देवी ने लोकतांत्रिक फर्ज को निभाया है। इसके अतिरिक्त अन्य ने भी पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया।

वहीं बल्ह के स्यांह निवासी 92 वर्षीय मतदाता मनसा सेन ने खुशी जताई। मनसा सेन ने सभी से देश हित के लिए मतदान की अपील की।

मतदान करने के पश्चात 92 वर्षीय मनसा सेन टीम के साथ

बुजुर्गों और दिव्यांगजनों से मतदान करवाते कर्मचारी।

दो बुजुर्ग वोट करते हुए।

सरकार लंबे समय से मांगों को नहीं कर रही पूरा : हेमलता

हिमालयन दिव्यांग कल्याण संस्था के सदस्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

प्रशासन हो या सरकार पिछले लंबे समय से किसी भी मांग को पूरा नहीं किया जा रहा है और लगातार हमें दरकिनार किया जा रहा है। यह बात हिमालयन दिव्यांग कल्याण संस्था की जिला प्रधान हेमलता पठानिया ने कही।

पिछले कई वर्षों से दिव्यांगों के लिए बैठने को लेकर सैण मोहल्ला गणपति नाले के समीप प्राइमरी स्कूल की मांग की जा रही है जो कई वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। उन्होंने उपायुक्त मंडी से अपील की है कि दिव्यांगों के लिए इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि मांगों को पूरा नहीं किया तो प्रदर्शन करेंगे।

धार्मिक

महादेव चुंजवाला और महर्षि मार्कंडेय के आगमन से जिला स्तरीय देवता मेला बालीचौकी शुरू

देवताओं की शोभायात्रा में देवलुओं ने किया नृत्य

नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी

महादेव चुंजवाला और महर्षि मार्कंडेय के आगमन के साथ ही 5 दिवसीय जिला स्तरीय देवता मेला बालीचौकी शुरू हो गया है।

इस दौरान दोनों देवताओं की भव्य शोभायात्रा के बीच हजारों की संख्या में देवलुओं ने शोभायात्रा में नृत्य किया, वहीं मेला कमेटी के अध्यक्ष दिले राम ठाकुर और तहसीलदार नितेश ठाकुर ने द शारश गांव पहुंच कर दोनों देवताओं को सम्मानपूर्वक मेले में आमंत्रण दिया।

इस दौरान मेला कमेटी के समस्त सदस्य और प्रशासन से जुड़े लोगों ने भी देवताओं की अगवानी की। जिला स्तरीय बालीचौकी मेले का वीरवार को परंपरागत शुभारंभ देव रथों द्वारा किया गया, वहीं 24 मई को तहसीलदार नीतेश ठाकुर मेले का औपचारिक उद्घाटन करेंगे।

5 दिवसीय जिलास्तरीय मेले में इस बार सांस्कृतिक संध्याओं में कई नामी गिरामी कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इस दौरान 27 मई को कुमार साहिल और 26 मई को रमेश ठाकुर श्रोताओं का मनोरंजन करेंगे। (अनंत ज्ञान)

मेले में मौजूद महादेव चुंजवाला और महर्षि मार्कंडेय और शोभायात्रा में भाग लेते देवलु।

भारतीय मजदूर संघ सरकार को भेजेगा मांगपत्र

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

भारतीय मजदूर संघ जिला मंडी का साधारण अधिवेशन मंडी में वीरवार को संपन्न हुआ, जिसमें भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह राणा प्रदेश उपाध्यक्ष मंगतराम नेगी प्रदेश सचिव नरेश ठाकुर लक्ष्मण कप्टा वह भामाशाह के संस्थापक अध्यक्ष बलवीर कुमार शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अधिवेशन में 142 प्रतिनिधियों और 32 यूनियनों ने भाग लिया। इस दौरान मदन सिंह राणा ने बताया कि जिला मंडी की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया, जिसमें पवन गुलेरिया को अध्यक्ष जिला मंत्री अनिल कुमार को चुना गया और कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। उन्होंने कहा की आईपीएच, पीडब्ल्यूडी, और शिक्षा विभाग में मल्टीटास्क वर्करों को केवल नाममात्र का मानदेय दिया जाता है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार हिमाचल प्रदेश में लेबर लॉ को लागू करें लेकिन लॉ की धज्जियां न उड़ाई जाए।

भारतीय मजदूर संघ के सदस्य साधारण अधिवेशन में भाग लेते हुए।

मंडी में साधारण अधिवेशन हुआ संपन्न

वहीं अधिवेशन में जहां बोर्ड नियमों के पेंशन लागू करने की मांग पर चर्चा हुई, वहीं 8 और 9 जून को प्रदेश अधिवेशन सरकाघाट में होने वाले भारतीय मजदूर संघ के 36 सूत्रीय मांग पत्र पर चर्चा कर सरकार की को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि सरकार मांगों को नहीं मानती है तो प्रदेश में सरकार के विरुद्ध उग्र आंदोलन और हड़ताल की जाएगी।

न्यूज ब्रीफ

भनौता पंचायत में मतदाताओं को किया जागरूक

चंबा। कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र में 03-विधानसभा अनुभाग चंबा की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता अभियान (स्वीप) टीम द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान की श्रृंखला में ग्राम पंचायत भनौता के मतदान केंद्र सालगा, भनौता, गांव चनेड़, भनौता, ग्राम पंचायत चील बंगला की मतदान केंद्र चील बंगला के अंतर्गत गांव द्रड्डा मतदाताओं, गांववासियों, नव पंजीकृत मतदाताओं के लिए मतदान जागरूकता, हस्ताक्षर अभियान व मतदाता शपथ का आयोजन किया गया।

कृषि एवं बागवानी उत्पादों के निर्यात को मिले प्रोत्साहन

चंबा। राष्ट्रीय वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान (एनआईपीएचएम), कृषि एवं

किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, हैदराबाद में कार्यरत, वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. ज्योति भारद्वाज ने हिमाचल प्रदेश सरकार बागवानी विभाग, सलूणी, चंबा के बागवानी अधिकारी, अनिल डोगरा के सहयोग से होलिस्टिक हिमालय किसान उत्पादक कंपनी, भांदल में 'कृषि एवं बागवानी उत्पादों के निर्यात प्रोत्साहन' के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। बैठक में होलिस्टिक हिमालय के महिला किसान तथा अध्यक्ष यूनिस बानो, सीईओ डॉ. मोहम्मद रियाज तथा संस्था के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

जिले में 695 बुजुर्गों ने किया मतदान

एमएम डैनियल, चंबा

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 21 व 22 मई को जिला चंबा में अब्सेंटी वोटर श्रेणी के 695 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है, जिसमें भटियात विधानसभा क्षेत्र के 166, डलहौजी के 129, चंबा विधानसभा क्षेत्र के 156, भरमौर के 105, तथा चुराह विधानसभा क्षेत्र के 139 दिव्यांग , 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तथा आवश्यक सेवाओं से संबंधित मतदाता शामिल हैं। इस संदर्भ में जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने दी।

मुकेश रेपसवाल।

उन्होंने बताया कि बुजुर्ग व दिव्यांग वोटर श्रेणी के दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं को 21 मई से 28 में तक मोबाइल पोलिंग पार्टियों के माध्यम से घर द्वार पर ही मतदान की सुविधा प्रदान की जा रही है जबकि अब्सेंटी वोटर श्रेणी के तहत आवश्यक सेवाओं से संबंधित कर्मचारियों को उपमंडल मुख्यालय स्तर पर मतदान सुविधा प्रदान की जा रही है।

उन्होंने बताया कि 22 मई, 2024 तक चुराह विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष इससे अधिक आयु वर्ग के 112 तथा 27 दिव्यांग मतदाताओं ने अपने घर पर मतदान सुविधा का लाभ लिया है।

भरमौर विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष व इससे अधिक आयु वर्ग के 83 व 17 दिव्यांग मतदाताओं को उनके घर द्वार पर मतदान सुविधा प्रदान की गई है। चंबा विधानसभा क्षेत्र के तहत 85 वर्ष में इससे अधिक आयु वर्ग के 131 तथा दिव्यांग श्रेणी के 25 मतदाताओं को भी उनके घर पर ही मतदान सुविधा प्रदान की गई है। डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 85 वर्ष इससे अधिक आयु वर्ग के 90 तथा दिव्यांग श्रेणी के 39 मतदाताओं ने अपने घर पर ही मतदान सुविधा का लाभ प्राप्त किया है। (अनंत ज्ञान)

भरमौर में बुजुर्गों ने डाला वोट

भरमौर। एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने बताया कि मतदाताओं को घर द्वार पर ही मतदान सुविधा प्रदान करने के लिए 11 पोलिंग पार्टियाँ कार्य कर रही हैं। इस दौरान आज मतदाताओं से घर पर वोट डाला।

28 तक मतदान की सुविधा होगी उपलब्ध

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार निर्वाचन विभाग चंबा द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। अब्सेंटी वोटर श्रेणी के दिव्यांग तथा 85 वर्ष व इससे अधिक आयु के मतदाताओं को 21 से 28 मई तक मतदान सुविधा प्रदान की जा रही है।

साइकिलिंग से किया जाएगा मतदाताओं को जागरूक

प्रदेश निर्वाचन आइकन जसप्रीत पाल साइकिलिंग करके मंडी से जिला चम्बा पहुंच रहे हैं। यह जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी चंबा मुकेश रेपस्वाल ने बताया कि जसप्रीत पाल जोगेंद्रनगर, धर्मशाला से होते हुए 27 मई को बनीखेत पहुंचेंगे। इसके उपरांत वे चम्बा, सलूणी और होली में जागरुकता फैलाते हुए 29 मई को भरमौर जाएंगे। जसप्रीत पाल साइकिलिंग के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करेंगे।

डल्ली में सड़क का 30 मीटर हिस्सा धंसा, लोग परेशान

धंसी हुई सड़क, जिस कारण अब लोगों को परेशानी आ रही है।

अनंत ज्ञान, भरमौर

होली तहसील में सड़क समस्याएं खत्म होने का नाम नही ले रही। खड़ामुख -होली मार्ग झिरडू मोड़ के समीप एक महीना सात दिनों से बंद पड़ा हुआ है, वहीं अब इस खड़ामुख-होली मार्ग पर डल्ली नामक स्थान पर सड़क का लगभग तीस मीटर हिस्सा धंस गया है।

जिस कारण इस स्थान पर से मात्र छोटे वाहन ही निकल पा रहे हैं। इस सड़क पर बड़े वाहनों की आवाजाही बिल्कुल ठप्प हो गई है। बिजली विभाग की 11 केवी लाइन भी इसकी चपेट में आने के कारण क्षेत्र में बिजली के 9 ट्रांसफार्मर बंद हो गए हैं। वहीं लोगों द्वारा सड़क से नीचे बिजली टावर का निर्माण कर रही एजेंसी पर लापरवाही के आरोप लगाए जा रहे हैं। जिनके द्वारा की गई खुदाई की वजह से ये भूस्खलन हुआ है।

खड़ामुख-होली मार्ग वैसे पिछले एक महीने से अधिक समय से झिरडू मोड के समीप बंद पड़ा हुआ है। लगातार हो रहे भूस्खलन से यहां अब तक पैदल चलने के लिए भी रास्ता नही बन सका है। होली क्षेत्र के लोगों को रोजमर्रा की वस्तुओं से लिए जूझना पड़ रहा है। वाया सियूंर पुल से होकर छोटे वाहन ही होली पहुंच रहे हैं।

अंबेडकर सोसायटी ने मनाई बुद्ध पूर्णिमा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा

अंबेडकर मिशन सोसायटी चंबा के तत्वावधान में अंबेडकर यूथ क्लब, रविदास सभा चंबा व अंबेडकर सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ चंबा के सहयोग स्वरुप बुद्ध जयंती के उपलक्ष पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह श्री गुरु रविदास सभा के प्रधान जितेंद्र सूर्या व पार्षद मेघना कुमारी की विशेष उपस्थिति में आयोजित किया गया।

जानकारी देते हुए अम्बेडकर मिशन सोसाइटी चंबा के महासचिव अनूप राही ने कहा कि सर्वप्रथम मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथियों व सभी उपस्थित जनसमूह द्वारा महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पार्पण किए व अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं में इत्यादि प्रबुद्ध वक्ताओं ने अपने शब्दों में तथागत महात्मा बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग।

इस दौरान विभिन्न वक्ताओं में संदीप लाहौरी, शिवकरण चंद्रा ने कहा कि भगवान बुद्ध ने अपने तप, ज्ञान तथा दर्शन से संपूर्ण विश्व को अहिंसा, भाईचारा, शांति एवं मानवता का संदेश दिया।

भगवान बुद्ध का त्यागमय जीवन उनके उत्कृष्ट विचार एवं मानवता पूर्ण शिक्षा हम सभी को अनंत काल तक प्रेरित करती रहेगी। वर्तमान एवं आधुनिक युग में मानव कल्याण के उनके महान विचार हमें निरंतर जनसेवा करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे, तथागत बुद्ध के दिखाए गए अहिंसा, प्रेम, करुणा के मार्ग से विश्व शांति एवं राष्ट्र निर्माण की मूल प्रेरणा मिलती है। अध्यक्ष शिवकरण चंद्रा ने सबको भीम जयंती की शुभकामनाएं एंव बधाई दी।

इस अवसर अम्बेडकर मिशन सोसायटी चंबा, गुरु रविदास सभा चंबा व अंबेडकर सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ चम्बा के पदाधिकारियों में योगेश्वर अहीर, अनूप राही, शिवकरण चंद्रा, जितेंद्र सूर्या, सूदन चंद्रा आदि उपस्थित रहे।

सनवाल बस स्टैंड के समीप पार्किंग बनवाने की मांग

अनंत ज्ञान, चुराह

चुराह विस क्षेत्र के तीसा-सनवाल मार्ग की दशा सुधारे जाने और सनवाल बस स्टैंड के साथ ही पार्किंग स्थल बनाए जाने की मांग ग्रामीणों ने जोर-शोर से उठानी आरंभ कर दी है।

ग्रामीणों का तर्क है कि तीसा-सनवाल मार्ग पर अत्यधिक गड्ढे पड़े होने की सूरत में इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगिरों को हल पल दिक्कतों का ही सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों की मानें तो वे कई बार अपनी मांग संबंधी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी अवगत करवा चुके हैं। बहरहाल, ग्रामीणों ने लोनिवि अधिशाषी अभियंता से प्राथमिकता के आधार पर तीसा-सनवाल मार्ग की दशा सुधारे जाने और सनवाल बस स्टेंड के साथ ही पार्किंग स्थल बनाए जाने की मांग की है। गौर हो कि तीसा-सनवाल मार्ग का लंबे समय से मुरम्मत कार्य नहीं हुआ है। इतना ही नहीं, सनवाल स्थित बस स्टेंड के साथ ही पार्किंग स्थल न होना वाहन नचालकों के लिए परेशानियां खड़ी कर रहा है। आलम, ये है कि सनवाल बस स्टेंड से होकर ही एक लिंक मार्ग जाता है। इतना ही नहीं, रोजाना शाम के समय बस स्टेंड पर पांच बसें खड़ी रहती है।

ऐसे में यदि कोई वाहन चालक सनवाल बस स्टेंड से होकर लिंक मार्ग की तरफ रूख करता है तो उसके इसके लिए एक से दो घंटे तक अतिरिक्त लग जाते हैं। ग्रामीणों ने लोनिवि के एक्सईन से से प्राथमिकता के आधार पर तीसा-सनवाल मार्ग की दशा सुधारे जाने और सनवाल बस स्टेंड के साथ ही पार्किंग स्थल बनाए जाने की मांग की है।

करंट लगने से 3 पालतू जानवरों की मौत

अनंत ज्ञान, भरमौर

जनजातीय भरमौर अधीन अरनोटू नामक स्थान पर बिजली के खंभे में आए विद्युत करंट की वजह से एक जंगली बकरी जगदीश चंद्र सुपुत्र निहाल राम गांव गरौंडा की डेरे में एक बकरी, एक भेड़ और एक पालतू कुत्ता झुलस कर मर गया, जिसकी सूचना विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता को राजस्व विभाग वन विभाग पशुपालन विभाग को दी गई।

विद्युत व्यवस्था के कारण आए दिन आगजनी करंट लगना इत्यादि इस क्षेत्र में घटित हो रही है। कुछ महीने से खराब व्यवस्था के कारण अचानक धारडी गरौंडा नाले में विद्युत तार गिर गई थी, जिससे गांव गरौंडा व धारडी का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है । अगर दोनों गांव के लोग सूझबूझ से कम ना लेते तो कुछ मिनट में दोनों गांव जलकर राख हो जाते। इस क्षेत्र में पिछले पांच महीने से विद्युत व्यवस्था न के

जमीन पर पड़ीं मरी हुई भेड़ व बकरी व साथ में खड़े पीड़ित।

बराबर है। जिसका कारण विकास के क्षेत्र के प्रति उदासीनता है। कई बार विद्युत व्यवस्था को ठीक करने उसमें नए खंबे लगाने में लगी तारों को जंपरों को चेक कर उन्हें दुरुस्त करने के लिए ग्राम पंचायत लिखित व मौखिक तौर पर विभाग से आग्रह व सूचना देती रहती है। कुछ जगह विद्युत

विद्युत विभाग की वजह से घटी घटना, पीड़ितों ने उठाई मुआवजे की मांग

तारें पेड़ों से ही लटका दी गई हैं।

ग्राम पंचायत गरौंडा के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि होने के नाते इस माध्यम से विद्युत विभाग को चेताना चाहते हैं कि जल्द से जल्द इस व्यवस्था को दुरुस्त करें। नयाग्रां से धारडी गरौंडा तक इस पूरी विद्युत लाइन का पूरा मुआइना कर इसमें जो भी कमी है उन्हें ठीक करें। अन्यथा कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। जिससे क्षेत्र में बहुत बड़ा जान माल का नुकसान हो सकता है। विद्युत विभाग इस समस्या पर यूं ही मूक बना रहता है तो इस रखरखाव व्यवस्था के प्रति पूरी ग्राम पंचायत जन आंदोलन शुरू कर देगी साथ ही प्रशासन से अपील की जाती है कि प्रभावित व्यक्ति को उचित मुआवजा प्रदान करें।

भडियां पंचायत मार्ग की हालत खराब, लोग परेशान

अनंत ज्ञान, चंबा

पंचायत भडियां मार्ग क्षतिग्रस्त होने के चलते स्थानीय लोगों को मुश्किलों के दौर से गुजरना पड़ रहा हे। मार्ग की खस्ता हालत के चलते बड़े वाहनों की आवाजाही एक लंबे अर्से से बंद पड़ गई है, जिसके चलते ग्रामीणों को छोटे टैक्सी वाहनों के भारी भरकम किरायों को अदा कर आवागमन करना पड़ रहा है। इस दिशा में ग्रामीणों द्वारा लोक निर्माण विभाग व जिला प्रशासन से कई मर्तवा गुहार लगाने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

ग्रामीणों में जिला प्रशासन व लोक निर्माण विभाग के प्रति गहरा रोष पनप गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व लोक निर्माण विभाग को दो टूक में चेतावनी दी है कि अगर जल्द से जल्द इस मार्ग निर्माण कार्य को शुरू नहीं किया गया तो ग्रामीण इस दिशा में उग्र कदम उठाने पर विवश हो जाएंगे।

क्षेत्र ग्रामीणों में अजय राणा, बिंदु कुमार, नरेश कुमार, पवन कुमार, शम्मी कुमार, छोटू, धीरज, प्रकाश, किरण, राजकुमार, कमलेश और पप्पू ने बताया कि पंचायत भडियां मार्ग की खस्ता होने चलते बड़े वाहन नहीं आ जा सके है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व लोक निर्माण विभाग से गुहार लगाई है कि पंचायत भडियां मार्ग की जल्द से जल्द सुध ली जाए।

क्रिकेट टूर्नामेंट में एसपी-11 ने मारी बाजी

मतदाता जागरूकता के लिए करवाया मैच

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा

आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत स्वीप अभियान की कड़ी में निर्वाचन विभाग चंबा द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एक क्रिकेट मैच का आयोजन पुलिस ग्राउंड चंबा में किया गया। 15-15 ओवर का यह मैच डीसी 11 तथा पुलिस 11 की टीमों के मध्य खेला गया जिसमें एसपी 11 की टीम विजयी रही।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने कहा की भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार स्वीप अभियान के तहत जिला चंबा में निरंतर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अनेक सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं। इस कड़ी में स्वीप टीमों द्वारा मिशन 414 के तहत चिन्हित जिला के 71 मतदान केंद्रो में प्राथमिकता के आधार पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न आयोजन किया जा चुके हैं, जबकि अभी भी रोजाना मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के आयोजन जिला के विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे हैं।

उपायुक्त चंबा ने जिला के सभी पात्र नागरिकों से आग्रह किया है कि वे आगामी एक जून 2024 को लोकसभा चुनावों में मतदान को सर्वोच्च प्राथमिकता

टूर्नामेंट के दौरान मौजूद खिलाड़ी व अन्य।

देते हुए लोकतंत्र के इस महाकुंभ में भागीदार बनें।

इससे पहले उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने अंतरराष्ट्रीय वालीबॉल खिलाड़ी स्वीप आइकॉन अजय शर्मा को शॉल , टोपी व स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान, कमांडेंट होम गार्ड विनोद धीमान, स्वीप के जिला नोडल अधिकारी अरविंद सिंह चौहान, एसडीएम व अरुण शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी जगदीश शर्मा सहित अन्य अधिकारी तथा स्थानीय दर्शक गण भी उपस्थित थे।

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा

गर्मियों का मौसम आते ही जिला में दस्त उल्टी और अन्य प्रकार के रोग सामने आने लगे हैं। जिस कारण जिला के कई लोग रोगग्रस्त हो गए हैं। बढ़ते हुए रोगों के प्रकोप को देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। दस्त-उल्टी, हैजा सहित अन्य पानी से उत्पन्न होने वाले रोगों से बचाव के प्रति सचेत करते हुए दुकानदारों व विक्रेताओं को आवश्यक निर्देश जारी किए।

इसके साथ ही रेहड़ियों पर सब्जी का व्यापार करने वालों को गले-सड़े या बासी सब्जी को उपभोक्ताओं को नहीं बेचने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने होटल, ढाबे व दुकानदार वस्तुओं को स्वच्छ, सुरक्षित व ढककर रखने के आदेश दिए हैं। वहीं सड़को के किनारे आइसक्रीम व पेय पदार्थ विक्रेताओं को अपने उत्पादों को विषाणु रहित साफ व स्वच्छ पानी से बनाकर बेचने को कहा गया है।

इस संदर्भ में सीएमओ चंबा डॉ. विशाल महाजन ने लोगों से अपील की है कि लोग पानी को उबालकर पीये ताकि कीटाणु स्वस्थ मनुष्य के शरीर में प्रवेश नहीं कर पाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी दुकानदार नियमों की अवहेलना करते हुए पाता है तो इसके बारे में स्वास्थ्य विभाग को सूचित करें।

सूडोकु 0072 (कठिनतम)

7							4	
		5		3			7	
					8			2
					1	9		
	2						8	
		6	7					
1			4					
	9			2		5		
	8							1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु 0071 का हल

8	4	5	6	1	3	7	2	9
7	2	6	4	9	5	3	8	1
9	3	1	7	8	2	6	5	4
1	7	2	9	6	8	4	3	5
5	6	9	3	2	4	1	7	8
4	8	3	5	7	1	9	6	2
2	9	7	1	5	6	8	4	3
3	1	8	2	4	7	5	9	6
6	5	4	8	3	9	2	1	7

एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी बहा रहे पसीना

आरके रांगड़ा, चंबा

राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला चंबा के खिलाड़ी इन दिनों जमकर पसीना बहा रहे हैं। ऐतिहासिक चौगान में एथलेटिक्स कोच भागीरथ के मार्गदर्शन में खिलाड़ी जमकर अभ्यास कर रहे हैं।

इस दौरान उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश देकर उनकी प्रतिभा को निखार जा रहा है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन धर्मशाला में 22 और 23 जून को प्रस्तावित है।

कोच भागीरथ ने कहा कि जल्द ही एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से ट्रायल का आयोजन भी किया जाएगा। ट्रायल की परीक्षा में खरा उतरने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा।

बाल उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाएं : कपिल

अनंत ज्ञान, चंबा

चाइल्ड हेल्प लाइन संस्था चंबा समन्वयक कपिल शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें चाइल्ड लाइन संस्था जिला कार्याकारिणी पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज करवाई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए परियोजना समंवयक कपिल शर्मा ने कहा कि चाइल्ड लाइन संस्था ने कार्य पर जिला के लोग विश्वास करने लग पड़े है, जिसका श्रेय संस्था के समस्त सदस्यों को जाता है जिनके परिश्रम से लोगों में अन्याय के प्रति आवाज बुलंद करने व न्याय मिनलने का आस जागृत हुई है।

उन्होंने कहा कि आम जनता में संस्था अपने विश्वास को ओर बढ़ाने व लोगों चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 निशुल्क फोन सेवा से जागरूक करने के लिए सप्ताहिक जागरूकता अभियान कार्यक्रम आरंभ किया है, जिसमें नौ जून से लेकर 15 जून तक विभिन्न पंचायत स्थलों पर जागरूकता शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने अभियान का आगाज पंचायत जुम्हार व चरौड़ी से किया है।

वहीं इस मौके पर गत बीस मामलों पर भी संस्था सदस्यों ने विचार विर्मश कर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जिसमें पुलिस व अन्य संबंधी विभागों मे पुराने केसों पर बैठक कर उनका कार्य प्रगति दिशा में लाने का निर्णय भी लिया गया।

अनंत ज्ञान

आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

मेषः व्यवसायी नई योजनाओं और साझेदारियों में प्रवेश कर सकते हैं। आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें, सफलता अवश्य ही मिलेगी।

वृषभः नौकरीपेशा जातक बैठकों और प्रस्तुतियों में भाग लेंगे जो उन्हें प्रगति देगा। अपनी रुचि के अनुसार काम न होने से कर्मचारियों से नाराज रहेंगे।

मिथुनः प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि करेंगे। पारिवारिक जीवन शुभ रहेगा। बातें कम और काम ज्यादा करें। कार्यक्षेत्र में नए प्रस्ताव प्राप्त हो सकते है। परिवार में अनुरूप स्थिति बनेगी।

कर्क : अच्छा व्यवहार आपको दूसरों को प्रभावित करने में मदद करेगा। अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे है, संभल जायें। कार्यस्थल पर योग्यता के अनुरूप कार्य करें।

सिंहः कार्यक्षेत्र में आपको अपने सीनियर्स का पूरा सहयोग मिलेगा। अपने स्वास्थ्य की उपेक्षा न करें।आप के विरोधियों के कारण व्यापारिक बाधाएं आएंगी।

कन्या : व्यावसायिक क्षेत्र में आपके अपने वरिष्ठ और सहकर्मियों के साथ अच्छे संबंध होंगे। आप की मेहनत से व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी।

तुलाः अपनी प्रतिभा और निवेशित प्रयासों के लिए उचित मान्यता प्राप्त होगी। आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें। किसी विषय को जानने की जिज्ञासा बढ़ेगी।

वृश्चिकः पारिवारिक-जीवन खुशियों से उज्ज्वल रहेगा। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नौकरी में पदोन्नति एवं तबादले के योग हैं।

धनु : परिजनों से सामान व्यवहार करें, अपनी बुद्धिमानी से कई व्यापारिक रुके कार्य पूर्ण होंगे। लंबे समय के बाद प्रिय व्यक्ति से भेंट होगी। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी रखें।

मकरः आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप अकेले काम करके लंबित कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करेंगे। अपने राजनीतिक संबंधों का आज लाभ मिलेगा।

कुंभ : नया उद्यम शुरू करने या विवेकपूर्ण निवेश करने के लिए यह एक बहुत अच्छी अवधि है। अपने बलबूते पर काम करें। दूसरों के भरोसे न रहें।

मीनः सफलता के आज अवसर मिलेंगे। नए अधिग्रहण हो सकते हैं। व्यापारिक नई योजनाओं का प्रारम्भ होगा। बड़े राजनीतिज्ञ लोगों से भेंट होगी। कलात्मक कार्य में रुचि बढ़ेगी।

आज का पंचांग

24 मई, 2024, शुक्रवार

विक्रमी संवत : 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** वैशाख, **तिथि** प्रतिपदाः (7:26) **: नक्षत्र :** अनुराधा (10:10), **पक्ष :** कृष्ण, **योगः** शिव (11:20) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:50-12:45), **राहुकाल** (10:34 -12:18।

विशेष दिन

24 मई 2024 : नारद जयंती / वीणा दान आज।

24 मई 2024 : नौतपा आज से।

वन्य जीव | **खज्जियार में वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर विभाग मुस्तैद**

ट्रैप कैमरों में कैद हुई वन्य जीवों की शानदार तस्वीरें

आरके रांगड़ा, चंबा

वन्य प्राणी क्षेत्र खज्जियार में ट्रैप कैमरों में वन्य जीवों की शानदार तस्वीरें कैद हुई हैं। कैमरे में तेंदुआ, हिरण, भालू, साही सहित पक्षियों की तस्वीरें कैद हुई हैं।

वन्य प्राणी विभाग चंबा ने वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए ट्रैप कैमरे लगाए हैं। वन्य प्राणी विभाग के डीएफओ कुलदीप जमवाल ने बताया कि वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर विभाग मुस्तैदी से कार्य कर रहा है। ट्रैप कैमरों के जरिए जिले के वन्य प्राणी क्षेत्रों में पूरी निगरानी रखी जा रही है।

उन्होंने कहा कि खजियार वन्य प्राणी क्षेत्र है, जहां विभिन्न प्रजातियों के जंगली पक्षी पाए जाते हैं। इसके अलावा तेंदुआ, भालू, कर्थ, शेल, सियार के अलावा विभिन्न प्रजातियों के सांप पाए जाते हैं। वन्य जीवों को देखने के लिए देश-विदेश से सैलानी खज्जियार पहुंचते हैं।

हालांकि, इन वन्य जीवों को देखना आसान नहीं होता, क्योंकि वन्य जीव लोगों से दूर एकांत में रहना पसंद करते हैंइसके चलते विभाग भी लोगों को जंगलों के भीतर जाने की अनुमति नहीं देता।वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए विभाग के कर्मचारी हमेशा मुस्तैद रहते हैं। खज्जियार में ये कर्मचारी रात को भी गश्त करते हैं, ताकि कोई भी वन्य जीवों को नुकसान न पहुंचा सके। इतना ही नहीं वन्य जीवों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जगह-जगह विभाग ने बोर्ड भी लगाए हैं। (अनंत ज्ञान)

वन्य जीवों की तस्वीरें।

न्यूज ब्रीफ

कुल्लू व लाहौल-स्पीति में मनाई बुद्ध जयंती

कुल्लू/केलांग। कुल्लू सहित लाहुल-स्पीति जिले में बुद्ध जयंती धूमधाम से मनाई गई। सभी जगह बुद्धिष्ठ गोंपा में बुद्ध जयंती उत्सव के रूप में मनाई गई और इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। वहीं, मनाली में बुद्ध जयंती के दिन बौद्ध भिक्षुओं और बुद्धिष्ठ सोसायटी के सदस्यों ने महात्मा बुद्ध की प्रतिमा और पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ बुद्धिष्ठ गोंपा, चौक, माल रोड से होते हुए झांकी निकाली। गोंपा में स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस दौरान सागर माथा स्कूल रांगड़ी, कैलाश बौद्धी स्कूल रांगड़ी, तिब्बतियन सेंट्रल स्कूल रांगड़ी सहित अन्य स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि धर्म गुरु गेशे लोबसंग तंडुप ने लोगों को महात्मा बुद्ध के दिखाए गए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। भगवान बुद्ध को दया, करुणा और परोपकार की शिक्षा जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है।

नियमों का पालन करने में न बरतें कोताही : डीसी

आनी। उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने आनी में चुनावी ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को चुनावों को संपन्न करवाने के लिए चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों और तय नियमों का अक्षरश पालन करना सुनिश्चित करने के लिए कहा। चुनावी प्रक्रिया को संपन्न करवाने में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। आनी के मेला मैदान में उन्होंने दूसरे चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी संबंधित सेक्टर मेजिस्ट्रेट, सेक्टर ऑफिसर से संवाद बनाए रखें और किसी भी प्रकार की समस्या के निवारण के लिए उन्हें समस्याओं से अवगत करवाएं। उन्होंने सहायक निर्वाचन अधिकारी आनी नरेश वर्मा को भी दिशा-निर्देश जारी किए कि यदि किसी पोलिंग पार्टी को किसी भी प्रकार की समस्या पेश आती है, तो उसका तुरंत समाधान करना सुनिश्चित किया जाए।

फलोत्पादक मंडल का अधिवेशन सात को

पतलीकूहल। कुल्लू फलोत्पादक मंडल की मासिक बैठक मंडल के अध्यक्ष मोहिंद्र उपाध्याय की अध्यक्षता में बागवान भवन माहिली में संपन्न हुई। बैठक में मंडल के वार्षिक अधिवेशन के आयोजन पर चर्चा की गई। चर्चा के पश्चात सर्व सम्मति से पास हुआ कि इस वर्ष आम चुनावों के चलते मंडल का वार्षिक अधिवेशन सात जून को आयोजित किया जाएगा। मंडल के वार्षिक अधिवेशन में मंडल के 2613 पंजीकृत आजीवन सदस्यों सहित क्षेत्र के सभी बागवानों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में इस वर्ष क्षेत्र में फलों की फसल पर चर्चा की गई। उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों ने अपने क्षेत्र में इस बार सेब, प्लम और नाशपाती की फसल के अनुमान की जानकारी को बैठक में रखा। सदस्यों के अनुमान क्षेत्र में इस वर्ष प्लम और नाशपाती की फसल संतोषजनक है, परंतु सेब की फसल मौसम के अनुकूल न रहने के चलते कम होने की आशंका है।

पुईद में ढाई मंजिला मकान में आग, 2 लाख का नुकसान

दूसरी जगह बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर हनुमानी बाग स्थित गोंपा में लगी आग, 10 हजार की हुई क्षति

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू

जिला मुख्यालय कुल्लू में दो अलग-अलग स्थानों में आग की घटना सामने आई हैं। पहली घटना में जिला कुल्लू मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर पुईद गांव में एक मकान में आगजनी की घटना का मामला सामने आया है। वीरवार को सुबह के 8:20 पर अचानक से सोनम शर्मा पत्नी चेतन शर्मा, निवासी पुईद डाकखाना पुईद तहसील व जिला कुल्लू के ढाई मंजिला मकान में अचानक से आग लग गई।

जानकारी के अनुसार आग मकान के किचन में लगी थी। किचन में फैली आग को देखते ही फौरन दमकल विभाग कुल्लू कार्यालय को इस बारे में सूचना दी गई। आगजनी की घटना के बारे में सूचना मिलते ही दमकल कर्मियों ने फौरन घटनास्थल का रुख कर आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। इस आगजनी की घटना में करीब 2 लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है, जबकि दमकल कर्मियों के प्रयास से करीब 10 लाख की संपत्ति को बचाने में सफलता पाई है। इस आगजनी की घटना में किसी की जान को किसी तरह का कोई नुकसान नही पहुंचा है और न ही कोई घायल हुआ है। आगजनी की इस घटना में मकान में आग कैसे और किस कारण लगी इस बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। (अनंत ज्ञान)

पुइद के मकान में लगी आग को बुझाने में जुटे अग्निशमन कर्मचारी (दाएं) हनुमानी बाग के गोंपा में बर्तनों में रखे दीयों में भड़की आग।

> पुइद ओर हनुमानी बाग में दो जगह पर आगजनी की घटना हुई है, जिस पर विभाग के दमकल कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए समय रहते आग पर काबू पा लिया।
> **एसडीओ प्रेम सिंह, अग्निशमन विभाग कुल्लू।**

बुद्ध पूर्णिमा की पूजा के लिए लोग हुए थे इकट्ठा

वहीं, दूसरी घटना में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कुल्लू के हनुमानी बाग के गोंपा में धार्मिक अनुष्ठान के दौरान आगजनी की घटना का मामला पेश आया है। इस दौरान दर्जनों लोग गोंपा में बुद्ध पूर्णिमा की पूजा के लिए इकट्ठा हुए थे और आगजनी की घटना के दौरान लोग गोंपा में ही मौजूद थे। हांलाकि आग की खबर फैलते ही सभी लोगों को गोंपा से सुरक्षित निकाल लिया गया। जानकारी के अनुसार गोंपा में सुबह के करीब 8:50 पर अचानक से आग लग गई। आग लगने की घटना की सूचना प्राप्त होते ही दमकल विभाग ने त्वरित कार्रवाई अमल में लाते हुए आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। इस आगजनी की घटना में करीब 10 हजार का नुकसान हुआ है, जबकि करीब 15 लाख मूल्य की गोंपा की संपत्ति को नुकसान से बचाया गया।

सैलानियों से गुलजार हुईं कुल्लू व लाहौल-स्पीति की वादियां

कमलेश वर्मा, कुल्लू/केलांग

जिला कुल्लू और शीतमरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के विभिन्न पर्यटन स्थल इन दिनों पर्यटकों से गुलजार हो गए हैं।

कुल्लू के सोलंगनाला, अटल-टनल, मढ़ी सहित अन्य जगहों के अलावा, तीर्थन घाटी, सोझा, कसोल, मनिकर्ण व अन्य सभी पर्यटन स्थलों में सैलानियों का मेला लगा हुआ है। वहीं, लाहौल-स्पीति के सिस्सू, कोकसर, ग्रांफू व अन्य पर्यटन स्थलों में भी भारी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। वीरवार को लाहौल के पर्यटन स्थल कोकसर में भी डेढ़ हजार पर्यटक वाहनों में पर्यटक बर्फ के दीदार करने पहुंचे। कोकसर से करीब पांच किलोमीटर आगे ग्रांफू सैलानियों के लिए स्नो प्वाइंट बना हुआ है। सैलानी यहां बर्फ के ऊपर खूब मस्ती कर रहे हैं। लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच अब कोकसर में बर्फ पिघलना शुरू हो चुकी है, लेकिन ग्रांफू में अभी बर्फ शेष है। सैलानी यहां पर खूब मस्ती कर रहे हैं। कोकसर के पर्यटन कारोबारी सचिन व दोरजे ने बताया कि सैलानी स्कीइंग, ट्यूब स्लाइडिंग, बंजी जंपिंग, जोरबिंग बॉल, एटीवी राइडिंग और याक की सवारी का आनंद ले रहे हैं। समर सीजन के चलते भारी संख्या में पर्यटक लाहौल की वादियों में पहुंच रहे हैं। इससे पहले सैलानी अटल-टनल रोहतांग होकर लाहौल के कोकसर पहुंच रहे थे। (अनंत ज्ञान)

पर्यटन नगरी मनाली के मालरोड पर उमड़ी पर्यटकों की भीड़।

दो-तीन दिन में बहाल हो सकता है रोहतांग दर्रा

13,050 फुट ऊंचा रोहतांग दर्रा दो से तीन दिन में बहाल हो सकता है। मनाली की तरफ से बीआरओ दो दिन पहले बर्फ को हटाकर बहाल कर चुका है, जबकि लाहौल की तरफ से मात्र दो किलोमीटर का फासला रह गया है। ऐसे में मनाली-कोकसर वाया रोहतांग दर्रा दो दिन में बहाल हो सकता है।

ढाई हजार पर्यटक वाहन पहुंचे मनाली

पर्यटन नगरी मनाली में सप्ताहांत में पर्यटन कारोबार रफ्तार पकड़ने लगा है। वीरवार को ढाई हजार पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे। बाहरी राज्यों से आने वाली लग्जरी बसों ने भी 100 का आंकड़ा पार कर दिया है। स्नो प्वाइंट मढ़ी व कोकसर में भी पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी। सनद रहे कि रोहतांग दर्रा अभी बहाल नहीं हुआ है, लेकिन वीरवार को दर्रे के निकटतम पर्यटन स्थल मढ़ी में 1174 पर्यटक वाहन पहुंचे।

बरसात सिर पर, आपदा को बीते 10 माह, नहीं सुधरी हालत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

पिन पार्वती नदी में गत वर्ष जुलाई माह में आई प्राकृतिक त्रासदी से सैंज घाटी के बाढ़ प्रभावित ग्रामीण अभी भी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।

आलम यह है कि प्राकृतिक आपदा की समस्याएं पिछले एक वर्ष से जस की तस हैं। इन्हीं समस्याओं को लेकर वीरवार को रोट गांव का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम बंजार से मिला और उनके माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजकर समस्याओं के समाधान की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जैसे-जैसे तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, वैसे सैंज नदी में रोजाना जलस्तर बढ़ रहा है और आगामी माह नदी के जलस्तर में और इजाफा होने की संभावना है, लेकिन स्थानीय प्रशासन ने अभी तक सबक नहीं लिया है और अभी भी गहरी निद्रा में सोया हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने एनएचपीसी, प्रशासन व सरकार को घेरते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा का एक वर्ष बीत रहा है और सैंज नदी इस बार फिर बाढ़ को बुलावा दे रही है, लेकिन हैरानी वाली बात यह है कि समस्याएं जस की तस हैं।

फोरलेन संघर्ष समिति करेगी कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य का समर्थन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

फोरलेन संघर्ष समिति कुल्लू के अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि समिति संसदीय चुनाव में प्रत्याशी विक्रमादित्य का समर्थन करेगी। यह बात उन्होंने वीरवार को ढालपुर में पत्रकारवार्ता के दौरान कही।

फोरलेन तो निकाला गया है, लेकिन इसमें ड्रेनेज सिस्टम सही नहीं है, सड़कों की हालत खस्ता है, तोड़े गए रास्ते अभी तक ठीक नहीं किए गए हैं। इस तरह की कई समस्याएं फोरलेन संघर्ष समिति की हैं। दिनेश सेन ने कहा कि समिति पिछले नौ सालों से कांग्रेस और भाजपा की सरकारों के समक्ष फोरलेन प्रभावितों की आवाज को प्रमुखता से उठा रही है, लेकिन वर्ष 2022 के चुनाव घोषणा पत्र में भाजपा ने फोरलेन प्रभावितों का मुद्दा ही नहीं रखा, जबकि कांग्रेस ने रखा है। अब चुनाव आ रहे हैं तो प्रभावितों की याद आ रही है। हालांकि समिति के मनाली ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर के माध्यम से पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ने फोरलेन प्रभावितों से कंगना के पक्ष में मतदान करने के लिए सहयोग मांगा था, लेकिन जब फोरलेन प्रभावितों ने उनसे बात की तो गोविंद साफ तौर पर मुकर गए हैं, जबकि गोविंद ने 2019 के चुनाव में फोरलेन प्रभावितों का मंच इस्तेमाल कर भाजपा के पक्ष में प्रभावितों से फायदा ले चुके हैं, लेकिन उसके बावजूद प्रभावितों की मांगों को सरकार के सामने आने के बाद भूल गए, ऐसे में अब गोविंद और भाजपा का साथ देने का मतलब ही पैदा नहीं होता। वहीं, मंडी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने आश्वासन दिया है कि फोरलेन प्रभावितों की मांगों को हल करने का प्रयास किया जाएगा।

फोरलेन संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष दिनेश सेन व अन्य पत्रकार वार्ता के दौरान।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आगाज

ज्ञान यज्ञ से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

धार्मिक कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आगाज वीरवार को गीता आश्रम कुल्लू स्थित रामशीला में हुआ।

गीता आश्रम परिवार के अनुयायियों और संगत ने हनुमान मंदिर रामशिला से होकर अखाड़ा बाजार होते हुए वापस रामशीला तक मंत्रोचारण व भजन पाठ करते हुए पारंपरिक वाद्ययंत्रों और बजंतरियों के साथ यात्रा निकली। गीता आश्रम के अनुयायी देवेश मिश्रा ने कहा कि सद्गुरु गीतानंद महाराज 'भिक्षु' जी की असीम अनुकंपा से हर वर्ष की भांति इस बार भी 21वां वार्षिकोत्सव एवं नवनिर्मित मंदिर की देव मूर्ति स्थापना दिवस की पंचम वर्षगांठ में मनाई जा रही है। कथा वाचक पं. योगेश शर्मा दोपहर एक से 5 बजे तक कथा उच्चारण करेंगे। गीता कुटीर तपोवन हरिद्वार से स्वामी मुक्तानंद 'भिक्षु' व स्वामी किरण 'भिक्षु' का सानिध्य व प्रवचन और आशीर्वचन होंगे। भागवत यज्ञ के मुख्य यजमान मोहिंद्र गुप्ता ने कहा, प्रभु और गुरुकृपा से उन्हें ये अवसर प्राप्त हुआ है। प्रतिदिन कथा उपरांत पांच बजे ब्रह्मभोज का भी आयोजन रहेगा। वहीं, 26 को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लाल सिंह एंड ग्रुप संगत को आनंदित करेंगे।

डीएसपी ने आनी, कुंगश, कराना, बखनाओं, नमहोंग पंचायतों को दिए निर्देश

आनी में गंदगी फैलाई तो होगी कार्रवाई

अनंत ज्ञान, आनी

आनी कस्बे की अव्यवस्थाओं को लेकर सचेत संस्था की डीएसपी आनी से मुलाकात का असर शुरू हो गया है।

डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने वीरवार को आनी, कराना, कुंगश, बखनाओं और नमहोंग पंचायतों के पंचायत प्रधानों, सचिवों और वार्ड सदस्यों को पत्राचार कर स्वच्छता की ओर ध्यान देने को लेकर निर्देश दिए हैं। डीएसपी आनी ने पांचों पंचायतों के प्रधानों को चेताया है कि यदि आनी कस्बे के नदी-नालों, गलियों और रास्तों की गंदगी जल्द ठिकाने न लगाई गई, तो हिमाचल प्रदेश जीव अनाशित कूड़ा-कचरा (नियंत्रण) की धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीएसपी आनी ने स्पष्ट किया कि आनी कस्बे के रोपड़ी से लेकर बराड़ तक क्यार कॉलोनी, नालदेरा, नया बस स्टैंड, कोर्ट रोड, पुराना बस स्टैंड, किरण बाजार, खोबड़ा हर जगह गंदगी के ढेर लगे हैं और गंदगी लोगों की ओर से नदी-नालों के किनारे फेंकी जा रही है, जो कानून अपराध की श्रेणी में आता है। इसका प्रबंधन करना संबंधित पंचायतों की जिम्मेदारी है, जबकि राजा रघुबीर सिंह स्टेडियम के पीछे गंदगी खुले में बह रही है।

पुलिस की ओर से काटे जा रहे चालान

डीएसपी ने प्रधानों को स्पष्ट किया कि उपरोक्त एक्ट के अंतर्गत पुलिस की ओर से भी गंदगी फैलाने वालों के चालान काटे जा रहे हैं, जबकि पंचायतीराज एक्ट के प्रावधानों के अनुसार संबंधित पंचायतों को भी चालान काट कर दंडित करने के लिए अधिकृत किया गया है, जिसका इस्तेमाल आनी कस्बे में संबंधित पंचायतों द्वारा नहीं किया जा रहा। साथ ही उन्होंने गत वर्ष की प्राकृतिक आपदा के हवाला भी उस चिट्ठी में देते हुए कहा कि पिछले साल आई आपदा कस्बे में ड्रेनेज सिस्टम न होने और कूड़ा निष्पादन व्यवस्था न होने के कारण आनी कस्बे में सात मकान और करीब 10 दुकानें बाढ़ की भेंट चढ़ गई थीं।

लोकतंत्र की मशाल को सोझा से किया रवाना

बंजार। बंजार विधानसभा क्षेत्र-24 में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने लोकतंत्र की मशाल को बंजार विधानसभा के क्षेत्र सोझा से रवाना किया। यह मशाल यात्रा बंजार के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेगी साथ ही लोगों को भी लोकतंत्र में अपने मत के प्रयोग करने के लिए संदेश दिया। इस यात्रा में जिला चुनाव आइकन भगवान दास व स्वीप टीम ने भी भाग लिया। यह मशाल यात्रा आनी के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए जलोडी से बंजार विधानसभा क्षेत्र में पहुंची है।

अधिकारी मतदान से दो घंटे पहले पूरी व्यवस्थाओं की करें जांच : अश्विनी

अनंत ज्ञान, कुल्लू

कुल्लू महाविद्यालय में द्वितीय चुनाव पूर्वाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वीरवार को आयोजित द्वितीय चुनाव पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कुल्लू अश्विनी कुमार ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में विशेषकर मतदान करवाने में पोलिंग पार्टी की अहम भूमिका रहती है। ऐसे में पोलिंग पार्टी में शामिल सभी अधिकारियों का दायित्व बनता है कि वे पूर्वाभ्यास कार्यक्रम को गंभीरता से लें तथा किसी भी प्रकार की शंकाओं का पूर्वाभ्यास के दौरान ही समाधान सुनिश्चित बना लें, ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान कोई गलती न हो। निर्वाचन आयोग चुनाव प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों के प्रशिक्षण के प्रति संवेदनशील है। पोलिंग पार्टी को टीम भावना के साथ कार्य करना चाहिए क्योंकि सभी की मतदान प्रक्रिया में अहम भूमिका रहती है। उन्होंने आग्रह किया कि सभी मतदान कर्मी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को गंभीरता से ग्रहण करें। लोकतंत्र में एक निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करने में निर्वाचन कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों से हैंड बुक में शामिल एक बिंदु का गंभीरता से अध्ययन करने पर बल दिया, ताकि किसी भी गलती से बचा जा सके।

कुल्लू कॉलेज में द्वितीय चुनाव पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में मौजूद एडीसी अश्विनी एवं अन्य।

खुशी | पर्यटन कारोबार को लगेंगे पंख, अन्य सड़कों का पुनर्निर्माण भी प्रगति पर

ढुंखरा सड़क का मरम्मत कार्य पूर्ण, आवाजाही शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

होटलियर्स एसोसिएशन मणिकर्ण के अध्यक्ष किशन ठाकुर ने कहा कि आपदा के कारण क्षतिग्रस्त हुए भुंतर-मणिकर्ण सड़क मार्ग में ढुंखरा के पास सड़क का मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिया गया है और आवाजाही शुरू हो गई है। इससे अब यहां के पर्यटन को पंख लगेंगे।

प्रदेश की सबसे बड़ी आपदा में यह सड़क मार्ग पार्वती में बह गया था, जिस कारण वैकल्पिक मार्ग से काफी परेशानी हो रही थी, लेकिन लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, सीपीएस सुंदर ठाकुर व लोक निर्माण विभाग के अथक प्रयासों से यह संभव हो पाया है। अब इस मार्ग पर आवाजाही शुरू हो गई है। मणिकर्ण घाटी की सुरक्षा के लिए पार्वती नदी का तटीकरण 40 करोड़ रुपए की लागत से हो रहा है। अन्य सड़कों का पुनर्निर्माण भी प्रगति पर है। किशन ने बताया कि सदी की सबसे बड़ी त्रासदी के दौरान क्षतिग्रस्त हुए मणिकर्ण कसोल सड़क मार्ग का कार्य प्रगति पर है और जोर-शोर के साथ सड़कों के पुनर्निर्माण का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की कोशिशों से इस के लिए 40 करोड़ का बजट दिया गया है, जिसमें से 43 लाख रुपए सड़कों के पेचवर्क के लिए इस्तेमाल किया गया है। इसके साथ ही छारोड़ नाला, सेउन, छन्नीकोड, शारनी, डुंखरा और जरी में कार्य प्रगति पर है, जहां से सड़कें धंस चुकी हैं, वहां पर पहले नीचे की नदी की तरफ से तटीकरण का कार्य किया जाएगा, ताकि सड़कों को मजबूती मिल सके।

भुंतर-मणिकर्ण सड़क के बीच ढुंखरा सड़क मार्ग की मरम्मत के बाद शुरू वाहनों की आवाजाही।

न्यूज ब्रीफ

बद्दी में जुआ अधिनियम के तहत दो मामले दर्ज

बीबीएन। पुलिस थाना बद्दी के तहत दो अलग-अलग मामले जुआ अधिनियम के तहत दर्ज किए गए हैं। पुलिस टीम ने सनसिटी रोड पर नए बस अड्डे के पास बद्दी पुलिस टीम ने होराम सिंह निवासी पंडरावल तहसील सकारपुर जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश से 1700 रुपए की नकदी व गिट्टियां बरामद की हैं। इनका इस्तेमाल आरोपी जुआ खेलने के लिए कर रहा था। वहीं दूसरा मामला बद्दी के चक्का गांव का है, यहां पुलिस ने राहुल निवासी उत्तर प्रदेश से 1820 रुपए की नकदी बरामद की है। तीसरा मामला नालागढ़ थाना के तहत घोड़ा चौक के पास का है, यहां पुलिस ने वेदन प्रकाश निवासी रख घनसोत डाकघर व तहसील नालागढ़ सोलन से 4,520 रुपए की नकदी व पर्ची दड़ा सट्टा बरामद की है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

मतदाताओं को मतदान के लिए किया प्रेरित

सोलन। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने कसौली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत क्रिटिकल मतदान केंद्रों का दौरा किया और लोगों को विशेष तौर पर कमजोर वर्गों से संबंधित मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कसौली विधानसभा क्षेत्र के परवाणू में बरोटी-3 मतदान केंद्र के अंतर्गत विभिन्न बस्तियों का दौरा किया और कमजोर वर्गों सहित अन्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने मतदाताओं से आह्वान किया कि वे बिना किसी प्रलोभन, भय अथवा दबाव में आए बिना अपने विवेक से मतदान करें। इसके उपरांत उन्होंने पुरला मतदान केंद्र के तहत बस्तियों में रहने वाले कमजोर वर्ग के लोगों को स्वतंत्र एवं निर्भीक होकर मतदान के लिए प्रेरित किया।

यश कश्यप हेड ब्वॉय, नेहा बनी हेड गर्ल

अर्की। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बथालंग में हेड ब्वॉय, हेड गर्ल के रूप में छात्र प्रतिनिधियों का निर्वाचन हुआ। प्रधानाचार्य मोनिका गुप्ता ने बताया कि छात्रों को निर्वाचन प्रक्रिया से परिचिय करवाने का यह सुनहरा अवसर था। सोमवार 21 मई को चार छात्र एवं 5 छात्रा प्रतिनिधियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। 22 को 12 बजे तक नाम वापस लेना था, जिसमें एक छात्र ने नाम वापस लिया। उसी दिन शाम 3:30 तक प्रचार का समय था। 23 मई बुधवार को प्रातः 11 बजे से मतदान आरंभ हुआ, जिसके लिए पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों ने मतदान करवाया। मतगणना अधिकारियों ने मतों की गिनती कर विजेता तय किए। छात्र प्रतिनिधि को कुल 125 मत डाले गए, जिसमें दो मत निरस्त किए गए, यश कश्यप को 60 मत पड़े, जबकि छात्रा प्रतिनिधियों को 125 मत डाले गए, जिसमें नेहा को 40 मत पड़े। इस प्रकार यश कश्यप हेड ब्वॉय तथा नेहा हेड गर्ल निर्वाचित हुए।

टेनिस टूर्नामेंट में छाए सोलन के खिलाड़ी

सोलन। राजा दुर्गा सिंह क्लब के सहयोग से दुर्गा पब्लिक स्कूल सोलन में आयोजित अखिल भारतीय आईटीएफ अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट का वीरवार को विधिवत समापन हुआ। इसमें 30+ से 75+ आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में देश-विदेश से 175 से अधिक खिलाड़ी सोलन पहुंचे। दुर्गा सिंह क्लब पीआर ने अमित आनंद ने बताया कि टूर्नामेंट में 70+ आयु वर्ग का फाइनल सोलन के जाने-माने गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. रेनू मलान ने जीता। उन्हें ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह 55+ आयु वर्ग में भी सोलन के टीकम पंवर ने सिंगल और डबल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। 45+ आयु वर्ग के फाइनल में भी सोलन के करण कंवर ने बाजी मारी। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से सोलन का नाम रोशन हुआ। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हितेंद्र पंवर भी मौजूद रहे। पंवर ने हाल ही में मैक्सिको में आयोजित 50+ आयु वर्ग की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक जीता था। समापन अवसर पर कई जानी मानी हस्तियां मौजूद रहीं।

स्टूडेंट्स ने दवाओं के निर्माण की प्रक्रिया को जाना

बीबीएन। यूनाइटेड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड रिसर्च फार्मेसी ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश के दबी फार्मा के चौथे सेमेस्टर के छात्रों न इंडस्ट्रियल एरिया बद्दी के फार्मा उद्योगों का भ्रमण किया। औद्योगिक भ्रमण के दौरान छात्रों ने अपने करियर को लेकर प्रोफेशनल स्किल के महत्व को जाना, वहीं औद्योगिक कल्चर की परिभाषा भी समझी। छात्रों ने दवाओं के निर्माण की कार्यप्रणाली को जाना, वहीं यह देखा कि प्रकार विभिन्न प्रकार के लैब व टेस्टिंग से गुजर कर कैसे दवाओं का निर्माण होता है। छात्रों से आए अध्यापक दुष्यंत व सुनील ने बताया कि इस टूयर से छात्रों को बहुत कुछ सीखने को मिला और उनको करियर के बारे में महत्वपूर्ण टिप्स भी मिले। इन सब छात्रों का ठहराव होटल ऑरेंज में सीनियर मैनेजर राकेश की देखरेख में हुआ और छात्रों ने पोल स्टार व मार्क कंपनी का दौरा किया। समस्त छात्रों ने कहा कि हिमाचल आकर उनको बहुत कुछ देखने को मिला।

स्टूडेंट्स सामुदायिक पुस्तकालय का अधिक करें उपयोग

दाड़लाघाट। सामुदायिक सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट के कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य निर्माण अधिकारी अंबुजा सीमेंट लिमिटेड दाड़लाघाट मुकेश सक्सेना ने की। दाड़लाघाट क्षेत्र के आए हुए सामाजिक प्रतिनिधियों, ग्राम पंचायतों के प्रधान, किसान उत्पादक संघ, स्वयं सहायता समूह के प्रमुख और समिति के सदस्यों, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जिला परिषद सदस्य, पंचायत प्रधान ग्याना, मांगू, संघोई, चंडी, कोटलु, रौड़ी व दाड़लाघाट व क्षेत्रीय प्रबंधक अंबुजा फाउंडेशन भूपेंद्र गांधी बैठक में शामिल हुए। निर्माण अधिकारी अदानी सीमेंट मुकेश सक्सेना ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर विकासमुखी कार्य योजना बनाई जाए, जिसमे लघु और दीर्घ समयवधि की योजना ग्रामीण परिदृश्य को देखकर और उनकी भागीदारी को सुनुश्चित करते हुए करने का प्रयास करें। बैठक में पानी का संरक्षण और उसके सही उपयोग के बारे में विस्तृत चर्चा की। साथ में ही पानी बचाने के लिए समुदाय की जन भागीदारी कैसे सुनिश्चित की जाए, इसके लिए समुदाय से आए हुए प्रतिनिधियों को इस कार्य के लिए सुझाव और भागीदारी का निमंत्रण दिया। साथ ही साथ सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सामुदायिक पुस्तकालय का अधिक से अधिक उपयोग करें।

सोलन व अर्की में हांफी जल शक्ति विभाग की पेयजल योजनाएं

31 पेयजल योजनाओं में 75 से 100 फीसदी पानी की कमी, धर्मपुर उपमंडल में 17 पेयजल योजनाएं ड्राई होने की कगार पर

आर मोहन चौहान, सोलन

जिला भर में पड़ रही भीषण गर्मी से पेयजल स्रोतों के जलस्तर में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इससे पेयजल आपूर्ति का जिम्मा संभालने वाले जल शक्ति विभाग व अन्य एजेंसियों की चिंता बढ़ गई है। पेयजल की किल्लत के चलते लोगों में हाहाकार मचा है।

हालात यह है कि जलशक्ति विभाग के सोलन और अर्की डिवीजन में 31 पेयजल योजनाओं में 75 से 100 फीसदी पानी की कमी दर्ज की गई है। धर्मपुर, अर्की, कंडाघाट, गढ़खल, जाबली क्षेत्र की अधिकतर पेयजल योजनाओं के जलस्तर में 50 फीसदी गिरावट आ चुकी है। गर्मी और सूखे के चलते सोलन जिले में जल शक्ति विभाग की कुल 756 पेयजल योजनाओं में से 226 पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं। इसके चलते प्रभावित क्षेत्रों में कई सप्ताह से पानी नहीं मिला है। धर्मपुर, जाबली, गढ़खल, अर्की, सुबाथू उपनगरों में लोगों को एक सप्ताह बाद पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। कंडाघाट तहसील के कई क्षेत्रों में भी लोगों को एक से दो सप्ताह बाद पानी मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)

पानी के लिए हाहाकार

गढ़खल दड़ची पेयजल योजना ड्राई होने से लोग क्षेत्र में टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति किए जाने की मांग कर रहे हैं, वहीं सड़क से अछूते क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार मची है। धर्मपुर के शहरी क्षेत्र के लोग गिरि पेयजल योजना के पानी पर निर्भर हैं, लेकिन उपभोक्ताओं के इसके लिए कई दिनों का इंतजार करना पड़ रहा है। आईपीएच विभाग धर्मपुर के एसडीओ भानु उदय ने बताया कि लोगों का पानी की उपलब्धता के हिसाब से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। कई मुख्य योजनाएं ठप होने से पानी की मांग को पूरा करना मुश्किल हो गया है।

सोलन के धर्मपुर क्षेत्र में टैंकर से की जा रही पेयजल की आपूर्ति।

> शहर व साथ के क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्रों को गिरि पेजयल योजना से पानी की नियमित आपूर्ति की जा रही है। कुमारहट्टी और धर्मपुर क्षेत्र में पेयजल की समस्या पर नजर रखी जा रही है। जरूरत पड़ने पर लोगों को टैंकर से भी पानी की आपूर्ति होगी।
>
> **संजीव कुमार सोनी, अधीक्षण अभियंता, जल शक्ति विभाग सोलन।**

धर्मपुर में पेयजल योजना सूखी

धर्मपुर के ग्रामीण क्षेत्रों की प्यास बुझाने वाली डमरोह पेयजल योजना पूरी तरह ड्राई होने के कगार पर है। इसके चलते लोगों को हैंडपंप व बोरवेल से मिल रहे पानी पर निर्भर रहना पड़ रहा है। इसी तरह चार अन्य पेयजल योजनाएं भी पानी की कमी से ठप पड़ी हैं। अधिकांश क्षेत्रों में सोलन की प्यास बुझाने वाली गिरि पेयजल योजना से लोगों की प्यास बुझाई जा रही है। लोगों के सामने मवेशियों की प्यास बुझाना भी चुनौती बन चुका है।

जाबली में भी गहराया पेयजल संकट

जाबली क्षेत्र में गर्मी के कारण सभी गांवों में प्राकृतिक पेयजल स्रोत सूख गए हैं, जिस कारण लोगों को पीने के पानी को तरसना पड़ रहा है। पंचायत के कोट, गाही, बांदड़ी, लशां, डीब, राजडी, भाटगांव, चमगाह, राजपूरी, शमराल, शाईमांझ, मांझ, कोटी, नांब, रौडी, केशका, ठाणा, सूजी, जाबली, चिंचिया में पानी को लोग तरस रहे हैं। फोरलेन में भी कई पानी के स्रोत नष्ट हो चुके हैं, वहीं फोरलेन में लगे सैकड़ों मजदूर भी पीने के पानी के लिए गांवों के स्रोतों पर निर्भर हैं। पंचायत ने फोरलेन प्रोजेकट के अधिकारियों से जाबली में पानी की कमी को देखते हुए अपने मजदूरों को टैंकर उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है।

अर्की डिवीजन की हालत भी खराब

जल शक्ति विभाग अर्की डिवीजन की करीब 50 पेयजल योजनाओं के जल स्तर में लगातार गिरावट आ रही है। पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के चलते इन योजनाओं में 50 फीसदी जलस्तर घटा है। इसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में तीन से पांच दिन बाद पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। ऐसे में लोगों को प्राकृतिक जल स्रोतों से गुजारा करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक अर्की के डिवीजन के तहत सुबाथू के चंडी क्षेत्र में पेयजल संकट की स्थिति बन चुकी है। वहीं, दानोधार क्षेत्र में पेयजल योजनाओं के जलस्तर में भी भारी गिरावट आई है। अर्की रोहांज परगना, दानोघाट, शालाघाट व बाड़ीधार दाड़ला क्षेत्र में लोगों को पेयजल की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। विभाग अपने स्तर पर लोगों को टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति कर रहा है।

एआर और वीआर प्रौद्योगिकियां क्रांतिकारी बदलाव लाने में सहायक : प्रबोध सक्सेना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

शिक्षा और अंवेषण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण छलांग लगाते हुए, शोघी संग्रहालय में एक संवर्धित वास्तविकता (एआर) और आभासी वास्तविकता (वीआर) प्रयोगशाला का उद्घाटन हिमाचल प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने किया।

उन्होंने परिवर्तनकारी शैक्षिक अनुभवों के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने की दिशा में दूरदर्शिता का अभिसरण देखा। एआर/वीआर लैब ओकुलस केस्ट 2, आईआरयूएसयू प्लेयर, सेंसएक्सआर के साथ एआर वीआर हेडसेट, 3 डी कार्ड स्टूडियो, 3 डी ग्लास, टेकएक्सआर और 3 डी मॉडल से लैस स्मार्टफोन से सुसज्जित है। इस अवसर पर प्रबोध सक्सेना ने कहा कि एआर

शोघी संग्रहालय में एआर वीआर प्रयोगशाला का उद्घाटन करते मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना।

और वीआर प्रौद्योगिकियां वास्तविक दुनिया के वातावरण को बढ़ाने और क्रांतिकारी बदलाव लाने में सहायक हैं।

एआर, भौतिक परिवेश के साथ डिजिटल तत्वों को सहजता से मिश्रित करता है, और वीआर, उपयोगकर्ताओं को अनुरूपित वातावरण में डुबो देता है, और सीखने, समझने और अंवेषण को बढ़ाने के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। शिक्षा में एआर/वीआर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, शूलिनी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अतुल खोसला ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे ये प्रौद्योगिकियां सीखने के अनुभवों में जान फूंकती हैं, जिससे छात्रों को इंटरैक्टिव 3 डी मॉडल में गहराई से जाने, आभासी क्षेत्र यात्राओं पर जाने और गहन सिमुलेशन में संलग्न होने में मदद मिलती है, जो समझ को गहरा करती हैं और जटिल अवधारणाओं को बनाए रखती हैं।

88 हजार 890 मिलीलीटर अवैध देसी शराब बरामद

अनंत ज्ञान, बीबीएन

बरोटीवाला के भटोलीकलां के औद्योगिक निर्यात प्रोत्साहन पार्क फेस एक झाड़माजरी में एक खोखे से तलाशी के दौरान बरोटीवाला पुलिस ने 88 हजार 890 मिली लीटर अवैध देसी शराब बरामद की है।

जानकारी के मुताबिक बरोटीवाला थाना प्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर झाड़माजरी औद्योगिक नगर में एक खोखे की तलाशी ली। प्रीतम सिंह कसाला निवासी के खोखे से पुलिस ने 35 बोतलें बरामद कर मामला दर्ज किया है। डीएसपी खजाना राम ने बताया कि थाना प्रभारी बरोटीवाला संजय कुमार के नेतृत्व में तलाशी के दौरान उक्त शराब बरामद की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी करवाई शुरू कर दी है।

डोली में 12 बोतलें अवैध देसी शराब पकड़ी

बीबीएन। पुलिस थाना बद्दी के तहत गांव संडोली में एक किराना की दुकान से पुलिस ने तलाशी के दौरान 12 बोतलें अवैध देशी शराब बरामद कर मामला दर्ज किया। जानकारी के अनुसार बद्दी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव संडोली में मोनू कुमार निवासी उत्तर प्रदेश की किराना दुकान की तलाशी ली, तो उसके पास देशी शराब की अवैध रूप से रखी हुई थी। देशी शराब की 12 बोतलें बरामद की। बद्दी पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला पुलिस बद्दी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने मामले की पुष्टि की।

नदी में डूबा 11वीं का छात्र, मौत

पांवटा साहिब। उपमंडल पांवटा साहिब की बाता नदी में डूबने से एक 15 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक हादसे में मृतक किशोर अपने दोस्तों के साथ नहाने बाता नदी में नहाने उतरा हुआ था। तभी अचानक वह गहरे पानी में डूबता चला गया और इसके बाद उसके साथ मौके पर मौजूद अन्य लड़कों ने इसकी सूचना परिजनों को दी।

इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे पानी से बाहर निकाला गया। पानी से निकलने के बाद किशोर को एंबुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर आपातकालीन ड्यूटी में तैनात डॉक्टर मोहम्मद शादिल ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान सौरव पुत्र राकेश कुमार उम्र 15 वर्ष निवासी भट्टावाली के तौर पर हुई है। पुलिस भी मौके पर पहुंच कर छानबीन में जुट गई है।

लोगों को मतदान का बताया महत्व

अर्की। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अर्की की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) टीम ने लोकसभा चुनाव के लिए चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मांगू, कशलोग, बांजण, बड़ोग, बंबीरा, सेरी व दानों घाट मतदान केंद्रों तथा गांवों में मतदाताओं तथा स्कूल के विद्यार्थियों को जागरूक किया। स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. यशपाल शर्मा तथा डॉ. हेमराज सूर्य ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार निर्वाचन विभाग अर्की लगातार यह प्रयास कर रहा है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान को सुनिश्चित बनाया जा सके।

बुद्ध पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने यमुना में लगाई आस्था की डुबकी

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर मां यमुना घाट पर बड़ी तादाद में विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु पहुंचे और यहां पर आस्था की डुबकी लगाई। दरअसल हिंदू धर्म में पूर्णिमा की तिथि बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है, बैशाख माह की पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा भी कहते हैं। इस दिन को भगवान विष्णु के अवतार भगवान बुद्ध की जन्म तिथि माना जाता है।

इस वर्ष बुद्ध पूर्णिमा 23 मई वीरवार को मनाई गई। बुद्ध पूर्णिमा के दिन पवित्र नदियों में स्नान और दान को बहुत शुभ माना जाता है। यमुना मंदिर के पुजारी बताते हैं कि

यमुना घाट आस्था की डुबकी लगाते लोग।

स्नान और दान का महत्व और बढ़ गया है। मान्यता है कि इस दिन नदियों में स्नान करने और दान करने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है। इस मौके पर अयोध्या से पहुंचे अमन चौधरी बताते है कि इस दिन यमुना नदी में स्नान करना शुभ माना जाता है, जिसका अलग महत्व है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में यहां पर स्नान करने के लिए श्रद्धालु पहुंचते हैं। मंदिर के पुजारी बताते हैं कि यमुना को यमराज की बहन कहा जाता है आज के दिन मां यमुना नदी में स्नान करने से मनोकामना पूर्ण तो होती है, लेकिन जो इस दानकर्ता हैं वो बहुत लाभकारी माना जाता है, जिससे कामकाज में वृद्धि होती है।

गिरिपार के लिए वरदान बना नेशनल हाईवे-707

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब

जिला सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र में पूर्व के सालों में सड़कों की बहुत ही दहनीय स्थिति देखने और सुनने को मिलती थी।

अब इस क्षेत्र में नेशनल हाईवे-707 बनने में कुछेक ही क्षेत्र रह गया है, साथ ही पांवटा साहिब से शुरू हुआ नेशनल हाईवे-707 शिमला जिले के हाटकोटी तक प्रस्तावित है, इसलिए आज इस क्षेत्र में नेशनल हाईवे बनने से लोगों के जीवन में मानों बड़ा परिवर्तन आ रहा है, तो वहीं जहां अब लोगों को सड़कों पर गड्ढों से निजात मिल गई है, तो दूसरी और लोगों की समय की भी बहुत बचत हो रही है। पूर्व में लोगों को इस सड़क मार्ग से अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता था, जैसे बरसातों

में कई दिनों तक सड़कों का बंद रहना। स्वास्थ्य सुविधा न होने के कारण शिलाई से मीलों दूर पांवटा, नाहन, शिमला पहुंचाने में अधिकांश मरीजों का दम निकल जाता था, और साथ ही किसानों, बागवानों एवं जमींदारों को भी फल, सब्जियां एवं नकदी फसलों को सब्जी मंडियों तक पहुंचाने में विभिन्न प्रकार की समस्याओं एवं अनेक नुकसान होते थे, परंतु केंद्र और प्रदेश सरकार के वर्षों के प्रयासों के बाद यह एक बेहतरीन कार्य प्रगति पर है।

निबंध लेखन प्रतियोगिता में अंतरा प्रथम, अदिती और हर्षिता द्वितीय

जैव विविधता पर राजगढ़ स्कूल में कार्यक्रम में मौजूद स्टूडेंट्स।

अनंत ज्ञान, राजगढ़

यूथ तथा ईको क्लब राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजगढ़ ने वीरवार को विश्व जैव विविधता दिवस मनाया, जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य पंकज कुमार ने की। इस अवसर पर क्लब की ओर से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जूनियर श्रेणी में अंतरा ने प्रथम स्थान, अदिति तथा हर्षिता ने द्वितीय स्थान तथा अदिति भारद्वाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में पारुल तथा आशीष ने प्रथम स्थान, अर्पिता ने द्वितीय स्थान तथा अर्णव बनोटा, तनु, कुंजन और अक्षया तीज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर श्रेणी में सारिका तथा पुरवा ने प्रथम, संजीवनी जोशी ने द्वितीय तथा दिव्यांशी तथा अंतरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य पंकज और क्लब प्रभारी प्रवीण ने बच्चों को बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को जैव विविधता के बारे में जागरूक करना है।

चित्रकला प्रतियोगिता में रिश्ता प्रथम स्थान पर

नाहन। शहर के करियर अकादमी स्कूल में 'अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस' मनाया गया। हिम जन मंच के अध्यक्ष कंवर सिंह नेगी व हिम जन मंच के सलाहकार फ्लाइट लेफ्टिनेंट लायक राम की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने के लिए जैव विविधता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और वन्य प्रजातियों के विलुप्त होने के जोखिम पर प्रकाश डालना है। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग की रिश्ता प्रथम स्थान पर व निहारिका दूसरे स्थान पर रहीं एवं जूनियर वर्ग में लक्षिता प्रथम स्थान पर मोहम्मद अनस द्वितीय स्थान पर रहे।

कांग्रेस पार्टी के पास न कोई नेता और न ही नीतियां : प्रताप

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के नेताओं को हार का डर सता रहा है। रावत ने बताया कि भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल नहीं हुआ है, बल्कि कांग्रेस पार्टी के लोग कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में जरूर शामिल हो रहे हैं।

पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भी कांग्रेस पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार होते हुए भी अपने विधायक एवं पूर्व विधायक को नहीं संभाल पा रहे हैं क्योंकि कांग्रेस पार्टी डूबता हुआ जहाज है डूबते हुए जहाज में कोई भी व्यक्ति बैठना पसंद नहीं करता। रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के पास न कोई नेता है और न कोई नीतियां हैं। भाजपा के पास नरेंद्र मोदी जैसे सशक्त नेतृत्व है, जिनका लोहा पूरी दुनिया मानती है। पीएम ने भारत का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया है। महागठबंधन में सारे भ्रष्ट नेता हैं। इसलिए वह मिलकर देश को लूटना चाहते हैं, लेकिन देश की जनता इन नेताओं पर कभी भी भरोसा नहीं करेगी।

अनदेखी आजादी के 75 वर्ष बीत जाने पर भी किसी भी सरकार ने इनके संघर्षमय जीवन के बारे में नहीं किया विचार

पारा चढ़ते ही घुमंतू गुज्जरों ने किया पहाड़ी क्षेत्रों का रुख

अनंत ज्ञान, राजगढ़

मैदानी इलाकों में पारा बढ़ने के साथ ही घुमंतू गुज्जरों ने पहाड़ी क्षेत्रों का रुख कर दिया है।

इस समुदाय का कोई स्थायी ठिकाना नहीं है फिर भी यह समुदाय अपने व्यवसाय से प्रसन्न है। हालांकि आजादी के 75 वर्ष बीत जाने पर भी किसी भी सरकार ने उनके संघर्षमय जीवन के बारे में विचार नहीं किया। पहाड़ों पर बर्फ एवं अत्यधिक सर्दी आरंभ होने पर यह घुमंतू गुज्जर अपने परिवार व मवेशियों के साथ मैदानी

सिरमौर के पहाड़ी क्षेत्रों पर घुमंतू गुज्जर।

क्षेत्रों में चले जाते हैं और गर्मियों के दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों प्रायः नारकंडा और चूड़धार के जंगलों में रहते हैं। सबसे अहम बात यह है कि इस समुदाय के लोगों को बेघर होने का कोई खास मलाल नहीं है। आधुनिकता की चकाचौंध से कोसों दूर घुमंतू गुज्जर वर्ष भर भैंस, भेड़-बकरियां, भार उठाने वाले बैलों के साथ जंगल-जंगल घूमकर कठिन व संघर्षमय जीवन यापन करते हैं। बता दें कि गर्मियों के दिनों घुमंतू गुज्जर समुदाय के लोग नारकंडा, चांशल और चूड़धार के जंगलों में रहते हैं, जबकि सर्दियों के दौरान नालागढ़, बद्दी, पांवटा, दून और सिरमौर जिले के धारटीधार क्षेत्र में चले जाते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी की क्रांति में इस समुदाय का कोई सारोकार नहीं है। सोशल मिडिया, फेसबुक, इंटरनेट, सियासत आदि से इस समुदाय का दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है। यह लोग अपने सभी रीति-रिवाजों व विवाह आदि सामाजिक बंधन जंगलों में मनाते हैं। सर्दी, बरसात, गर्मी के दौरान गुज्जर समुदाय के लोग जंगलों में रातें बिताते हैं।

प्राकृतिक आपदाओं का करना पड़ता है सामना

मवेशियों को लेकर नारकंडा जा रहे शेखदीन व कमलदीन गुज्जर ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष बीत जाने पर भी किसी भी सरकार ने उनके संघर्षमय जीवन के बारे में विचार नहीं किया और भविष्य में उम्मीद भी नहीं है। दूध, खोया, पनीर आदि बेचकर यह समुदाय रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करते हैं। हालांकि कुछ गुज्जरों को सरकार ने पट्टे पर जमीन अवश्य दी है, परंतु अधिकांश गुज्जर घुमंतू ही हैं। विशेषकर बारिश होने पर खुले मैदान में बच्चों के साथ रात बिताना बहुत कठिन हो जाता है। सरकार ने घुमंतू गुज्जरों के लिए मोबाइल स्कूल अवश्य खोले हैं, परंतु स्थायी ठिकाना न होने पर यह योजना भी ज्यादा लाभदायक सिद्ध नहीं हो रही है। घुमंतू गुज्जर अपने आपको मुस्लिम समुदाय को मानते है, लेकिन कभी नमाज नहीं पढ़ी जाती है। कमलदीन का कहना है कि अनेक बार जंगलों में न केवल प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है, बल्कि जंगली जानवरों से जान बचाना मुश्किल हो जाता है।

न्यूज ब्रीफ

बैठक के दौरान समस्याओं पर की चर्चा

नयनादेवी जी। श्रीनयनादेवी जी में निजी चालक परिचालक संगठन इंटक के प्रधान बलविंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में लगभग पच्चीस से अधिक सदस्य उपस्थित रहे। इसमे मुख्यता चालक-परिचालक संगठन के पदाधिकारियों ने चालक-परिचालक संघ की समयाओं के बारे में चर्चा की और विचार-विमर्श किया गया और यह भी निर्णय लिया गया कि जल्द से जल्द पूरी कार्यकारिणी को पंजीकृत करवाया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि जल्द से जल्द निजी चालक-परिचालक वर्ग की समस्याओं को राज्य स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर पर भी उठाया जाएगा, ताकि चालक-परिचालक वर्ग की समस्यायों का समाधान पुरजोर तरीके से करवाया जाए। पूरा संगठन इसके लिए बचनबद्ध है। इस मौके पर निजी चालक-परिचालक संगठन के उपप्रधान अजय कुमार, महा सचिव जितेंद्र कुमार, सचिव दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष बलबीर सिंह, प्रेस सचिव रवि कुमार, संगठन सचिव सुरेश कुमार, सलाहकार बगू राम चैधरी आदि अन्य सभी सदस्य गण मौजूद रहे।

एकत्रित कचरा पंचायत प्रधान को सौंपा

बिलासपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रघुनाथपुरा में वीरवार को व्यास ईको क्लब के द्वारा एकत्रित पांच किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान रघुनाथपुरा को सौंप दिया गया। यह जानकारी पाठशाला की व्यास ईको क्लब प्रभारी टीजीटी विज्ञान कंचन वाला ने प्रदान की। उन्होने बताया कि व्यास ईको क्लब के समस्त विद्यार्थियों द्वारा सिंगल उपयोग प्लास्टिक मई माह की एक से 20 दिनांक तक इकट्ठा किया गया था और कुल एकत्रित पांच किलो प्लास्टिक आज 22 मई को ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान को आगे भी जारी रखा जाएगा, ताकि पाठशाला के आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाए रखने के साथ-साथ पाठशाला के बच्चों में सफाई के प्रति जागरूकता बनी रहे। इस अवसर पर पाठशाला के सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

कर्मियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ

रिकांगपिओ। लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रिकांगपिओ में मतदान कर्मियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी कल्पा डॉ. मेजर शशांक गुप्ता ने कहा कि पहली जून को मतदान के दिन ईवीएम, वीवीपैट के संदर्भ में मतदान कर्मियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं वोटिंग मशीनों की तकनीकी बारीकियों से अवगत करवाया गया। डॉ. शशांक गुप्ता ने बताया कि मतदान कर्मियों की रवानगी 30 मई को सुनिश्चित की जाएगी तथा मतदान कर्मियों को अपना कार्य कर्तव्य-निष्ठा, पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से करने का आह्वान किया, ताकि मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। इस अवसर पर तहसीलदार पूह कुलवंत सिंह, नायब तहसीलदार रविंद्र सिंह एवं जिला निर्वाचन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिमला में भगवान आनंदमूर्ति के जन्मोत्सव की धूम

शिमला। आनंद मार्ग प्रचारक संघ शिमला इकाई द्वारा भगवान आनंदमूर्ति के 103वें जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर अन्नाडेल स्थित जागृति भवन में आनंदोत्सव आयोजित किया। प्रातः छह से सात बजे के बीच में जयघोष एवं आनंदवाणी पाठ का कार्यक्रम आयोजित हुआ। तत्पश्चात अष्टाक्षरी सिद्ध महामंत्र बाबा नाम केवलम का अखंड कीर्तन 7:15 से 1:15 के बीच आयोजित हुआ। कीर्तन के पश्चात प्रीतिभोज भी हुआ एवं अन्नाडेल के आसपास में प्रसाद वितरण भी किया गया। इसके पूर्व 22 मई को इसी कार्यक्रम की पृष्ठभूमि में आनंद मार्ग स्कूल, अन्नाडेल शिमला के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा श्लोक एवं आनंद वाणी पाठ की प्रतियोगिता भी करवाई गई। आनंद पूर्णिमा कार्यक्रम के पश्चात बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। यह सारा कार्यक्रम आनंद मार्ग प्रचारक संघ के संभागीय सचिव आचार्य न्यायबोध ब्रह्मचारी जी की देखरेख में संपन्न हुआ। आचार्य ने बताया कि शिमला इकाई के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश के अन्य जिलों में स्थित अन्य इकाइयां जैसे सरकाघाट, थानेधार, बिलासपुर, सुंदरनगर, कुल्लू, नालागढ़, चौपाल एवं पालमपुर में भी आनंद पूर्णिमा उत्सव को खुशी एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

छात्रों ने पोस्टरों से दिया मतदान का संदेश

नेरवा, चौपाल। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थरोच में मतदाता जागरूकता के लेकर सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत सहायक निर्वाचन अधिकारी (एसडीएम) चौपाल के निर्देश पर एनएसएस स्वयंसेवियों ने पोस्टर व बैनरों से लोगों को मतदान का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिसोदिया के मार्गदर्शन में स्कूल के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी उदय राठौर एवं कमलेश कुमारी द्वारा की गई। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा थरोच बाजार में रैली निकल कर मतदान का महत्त्व समझते हुए लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। वहीं, छात्रों ने पोस्टर, बैनर, नारा लेखन और भाषण के माध्यम से भी लोगों को मतदान में अपनी सहभागिता निभाने का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त स्कूल के प्रध्यापकों सुरजीत सिंह सिसोदिया, सोहन दत्ता एवं राजेंद्र राठौर ने भी छात्रों एवं स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए भारतीय संविधान में मतदान के महत्व की विस्तृत जानकारी दी।

भटेड़ स्कूल में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन

घुमारवीं। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा दधोल ने सरस्वती विद्या मंदिर भटेड़ में वित्तीय साक्षरता शिविर लगाया। इस दौरान बच्चों को बैंक सेवाओं और डिजिटल लेनदेन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक प्रबंधक अजय सिंह और प्रबंधक विनोद कुमार ने की। प्रबंधक विनोद कुमार ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य छात्रों को वित्तीय जानकारी प्रदान करना था। इसमें सपनों का संचय, बचत योजनाएं डिजिटल लेनदेन, केंद्रीय सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न बैंकिंग सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बैंक से जुड़ने के अनेक लाभों के बारे में भी बच्चों को बताया गया। विनोद कुमार ने बच्चों को डिजिटल वित्तीय लेनदेन के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि नकद लेनदेन की बजाय डिजिटल भुगतान का अधिक इस्तेमाल करें। इससे भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल लेनदेन से आप किसी भी प्रकार के बिल का भुगतान कर सकते हैं। डिजिटल भुगतान के लिए सबसे पहले बैंक में खाता खुलवाने की आवश्यकता होगी।

रिकांगपिओ में बुद्ध जयंती पर्व की धूम

रिकांगपिओ। महाबोधि सोसायटी किन्नौर की ओर से वीरवार को भगवान बुद्ध की 2568 जयंती कालचक्र बौद्ध मंदिर रिकांगपिओ में मनाई गई। इस अवसर पर उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा विशेष रूप से उपस्थित हुए। उपायुक्त ने भगवान बुद्ध की मौलिक शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उपायुक्त ने कहा कि किन्नौर की संस्कृति धरोहर अलग है। अपनी संस्कृती पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने युवा पीढियों से भी अपनी संस्कृति को इसी तह संजोय रखने की अपील की। कार्यकारी अध्यक्ष महाबोधि भगत सिंह ने के कहा कि भगवान बुद्ध नेकई वर्ष पूर्व जिस सार्वकालिक, सार्वजनिन एवं सार्वदशिक कल्याण मार्ग का प्रतिपादन विश्वकल्याण व अहिंसा मैत्री और करुणा के शाश्वत मूल्य के आधार पर किया था वह आज और अधिक महत्वपूर्ण और प्रासंगिक हो गया है। इस दौरान लिटिल एंजेल स्कूल रिकांगपिओ के छात्र-छात्राओं ने सुंदर प्रस्तुति दी। दूनी पंचायत की महिलाओं के किन्नौरी संस्कृति कार्यक्रम पेश किया। जबकि बौद्ध सभा रारंग द्वारा पारंपरिक छम व लॉयन नृत्य पेश किया जाएगा। इस अवसर पर भंडारे की व्यवस्था भी की गई। इस दौरान आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों बोध अनुयायियों, लामा, जोमो व महाबोधि सोसायटी के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

विष्णु गांव में दंगल 28 मई को

बिलासपुर। बैरी से तीन किलोमीटर आगे शिमला नवगांव रोड पर स्थित विष्णु गांव में 28 मई को विशाल दंगल का आयोजन होगा। लखदाता दंगल कमेटी विष्णु के प्रधान धनी राम ठाकुर ने बताया कि 27 मई शाम को सवाल यानी लखदाता पीर की पूजा-अर्चना व पहलवानों और लोगों में प्रसाद वितरण होगा। छिंज आयोजन की तैयारी को लेकर लखदाता दंगल कमेटी विष्णु की बैठक कमेटी के प्रधान धनी राम ठाकुर की अध्यक्षता में की गई। बैठक में 27 मई को विशाल दंगल के आयोजन पर सभी उपस्थित सदस्यों की सहमति बनी। दंगल के पूर्व 27 मई को प्रदेश के पहलवानों को आमंत्रित किया गया है।

अब सप्ताह में सिर्फ पांच दिन मिलेगा पानी

शिमला में गहराने लगा पेयजल संकट, कई क्षेत्रों में पानी की सप्लाई न होने से लोगों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना

आशिमा वैरागी, शिमला

शिमला में पेयजल संकट गहराने लग गया है। कई क्षेत्रों में पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। ऐसे में लोगों के बीच अभी से हाहाकार मचनी शुरू हो गई है। वहीं अब फिर पेयजल कंपनी ने शहर के लिए पांच दिन का शेड्यूल जारी कर दिया है। इससे पहले शहर में छह दिन की सप्लाई का शेड्यूल जारी किया गया था। इससे अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि शहर में अब हालात बद से बदतर होने वाले हैं।

अगर आगामी दिनों में बारिश नहीं होती है तो लोगों को परेशानी झेलनी पड़ सकती है। शिमला के वार्डों में भी लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शहर के कई वार्डों में तीसरे तो कई वार्डों में चौथे दिन पानी की सप्लाई मिल रही है। लोगों का कहना है कि कंपनी द्वारा हर साल पानी की दरों में बढ़ोतरी की जा रही है। लेकिन गर्मियां आते ही पानी की समस्या झेलनी पड़ रही है। इससे उन्हें घर के कार्यों के लिए पानी की बूंद-बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है।(अनंत ज्ञान)

किस क्षेत्र में कब आएगा पानी

सोमवार- बनेरड़ु, छराबड़ा, मशोबरा 1 और 2, नालदेहरा, बल्देयां, कुफरी, लक्ष्मी नारायण मंदिर, चलौंठी, संजौली बाज़ार, नेरीधार, नवबहार, ईजन घर, सांगटी, मल्याणा जेएसवी। मंगलवार- ढिंगू धार, अप्पर सिमिट्री, लोअर सिमिट्री, ढली बाज़ार, भट्टाकुफर। बुधवार- ढली टनल, बिलो डिस्पेंसरी, लोअर नॉर्थ ओक, अप्पर नॉर्थ ओक, बोथवैल, एचबी कॉलोनी न्यू एंड ओल्ड, इंद्रनगर, हिमगिरी। वीरवार- नवबहार, ईजनघर, सांगटी, मल्याणा जेएसवी। शुक्रवार- बनेरड़ु, छराबड़ा, मशोबरा 1 और 2, नालदेहरा, बल्देयां, कुफरी, लक्ष्मी नारायण मंदिर, चलौंठी, संजौली बाज़ार, नेरीधार,। शनिवार- ढिंगू धार, अप्पर सिमिट्री, लोअर सिमिट्री, ढली बाज़ार, भट्टाकुफर। रविवार- ढली टनल, बिलो डिस्पेंसरी, लोअर नॉर्थ ओक, अप्पर नॉर्थ ओक, बोथवैल, एचबी कॉलोनी न्यू एंड ओल्ड, इंद्रनगर, हिमगिरी।

छोटा शिमला जोन में इस दिन नहीं मिलेगी पानी की सप्लाई



सोमवार- लोअर खलीणी, ऐरा होम, फ्लावरडेल। मंगलवार- स्ट्रॉबैरी हिल, छोटा शिमला, कनलोग। बुधवार- निगम विहार, कसुम्पटी बाज़ार, एसडीए कॉम्पलेक्स, मालबोरो हाउस, मजीठा हाउस। वीरवार- लोअर खलीणी, बेनमोर, राजभवन, ऐरा होम, फ्लावरडेल, चार्ली विला। शुक्रवार- छोटा शिमला, स्ट्रॉबेरी हिल, कनलोग। शनिवार- निगम विहार, कसुम्पटी विहार, एसडीए कॉम्पलेक्स, मालबोरो हाउस, मजीठा हाउस। रविवार- बैनमोर, राजभवन, चार्ली विला।

लक्कड़ बाजार में इन जगहों पर नहीं आएगा पानी

सोमवार- जाखू स्टोक्स प्लेस, कॉर्नर हाउस (ईवनिंग सप्लाई), भराड़ी, क्लस्टन। मंगलवार- यूएस क्लब। बुधवार- लक्कड़ बाज़ार। वीरवार- जाखू ओकवुड, लेहनू भवन (मॉर्निंग सप्लाई)। शुक्रवार- जाखू स्टोक्स प्लेस, कॉर्नर हाउस (ईवनिंग सप्लाई), भराड़ी, क्लस्टन। शनिवार- यूएसक्लब।रविवार- लक्कड़ बाज़ार, जाखू ओकवुड, लेहनू भवन (मॉर्निंग सप्लाई)।

सैंट्रल जोन में इन जगहों पर नहीं आएगा पानी

सोमवार- दाड़नी बगीचा, क्लिफ्न्ड इस्टेट। मंगलवार- रुलदूभट्टा, ईदगाह, पीएनटी कॉलोनी, कालीबाड़ी, एलगॉन विला, फिंगास्क, कृष्णानगर, लोअर बाज़ार। बुधवार- राम बाज़ार, मालरोड़(मॉर्निंग व ईवनिंग), स्कैंडल प्वाइंट। वीरवार- क्लिफन्ड इस्टेट, दाड़नी बगीचा। शुक्रवार- कृष्णानगर, लोअर बाज़ार। शनिवार- रुलदूभट्टा और फिंगास्क। रविवार- राम बाज़ार, मालरोड़(मॉर्निंग व ईवनिंग), स्कैंडल प्वाइंट।

मल्लिकार्जुन खड़गे 25 को रोहड़ू में

रोहड़ू। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 25 मई को ऐतिहासिक रामलीला मैदान रोहड़ू में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रोहड़ू के मीडिया प्रभारी हैप्पी वनित मेहता ने जारी प्रेस बयान के माध्यम से बताया कि 25 मई यानी शनिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एकदिवसीय रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर राम लीला मैदान रोहड़ू में एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे और लोगों को उनके पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। हैप्पी मेहता ने बताया कि इस विशाल जनसभा में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न जगह से हजारों की संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता व स्थानीय लोग शामिल रहेंगे।

अनुराग की लोकप्रियता से कांग्रेस में घबराहटः राजेंद्र

घुमारवीं में चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कांग्रेस पर साधा निशाना

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

लोकसभा चुनाव में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर की जीत को घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में पसीना बहा रहे पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की लोकप्रियता से कांग्रेस बुरी तरह से घबराई हुई है।

पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में मांगे वोट। इस दौरान कार्यकर्ताओं के साथ राजेंद्र गर्ग।

इसके चलते कांग्रेस के नेता अनुराग ठाकुर के खिलाफ अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास न नीयत है और न ही नीति है। घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को रिकार्ड मतों से बढ़त मिलेगी तथा ऐतिहासिक जीत दर्ज कर लगातार पांचवीं बार लोकसभा पहुंचेंगे। अनुराग ठाकुर ने संसदीय क्षेत्र का अथाह विकास करवाया है। गर्ग ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की घुमारवीं, पनोह, फटोह, अवारी खलीन, बल्लू-खरियाला, गाहर व गतवाड़ सहित अन्य पंचायतों का दौरा कर जनता से अनुराग ठाकुर के लिए समर्थन मांगा। गर्ग ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों से लोग हताश व परेशान है। वहीं, गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए पूरा देश उनका परिवार है। किसी भी परिवार के अच्छे और जिम्मेदार मुखिया की तरह उन्होंने सभी के हितों को ध्यान में रखकर जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं। चाहे गरीबों को मुफ्त राशन और पक्के मकान देने की बात हो, या फिर उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन देने, जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल लगाने तथा आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा और सभी घरों में बिजली का कनेक्शन उपलब्ध करवाने की। उन्होंने इन योजनाओं का लाभ देने के लिए किसी का धर्म या जाति नहीं पूछी। इन योजनाओं से सभी पात्र लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इसके विपरीत तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल वोट बैंक के लिए लोगों को बांटना चाहते हैं। उनके ऐसे नापाक और घटिया मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे।

ये हुए भाजपा में शामिल

लिहाजा, विधानसभा क्षेत्र के हर कोने से लोग भाजपा का दामन थाम रहे हैं। गर्ग ने कहा कि कसारू पंचायत के पूर्व प्रधान व सेऊ पंचायत के पूर्व उपप्रधान कपिल देव शर्मा ने कांग्रेस को छोड़कर भाजपा का दामन थामा। इसके अलावा वन विभाग से बीओ पद से सेवानिवृत्त मनोज कुमार भी भाजपा में शामिल हुए। गर्ग ने विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भाजपा में शामिल होने पर सभी का स्वागत किया।

50 भाजपा कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस पार्टी का दामन

दशमी रावत, रोहड़ू

उपमंडल डोडरा क्वार के डोडरा गांव के 50 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया हैं। इन सभी कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रदेश सचिव व पूर्व में रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी रहे मंजीत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का दामन थामा हैं।

मंजीत सिंह ठाकुर ने कांग्रेस मंडल रोहड़ू के कार्यकर्ता राजेश ठाकुर, राजेश फिष्टा, अश्वनी शर्मा व मुकेश ठाकुर के साथ मिलकर शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने व उनके पक्ष में मतदान करने को लेकर लोगों के बीच जाकर नुक्कड़ सभाएं आयोजित की हैं। वहीं, इस दौरान मंजीत सिंह ठाकुर ने लोगों के साथ जनसंवाद कर विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में मतदान करने की अपील की हैं। डोडरा गांव से कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए कार्यकर्ताओं ने बताया कि भाजपा के लोगों ने झूठ, धोखा व प्रलोभन की राजनीति कर उन्हें भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का झूठा आश्वासन दिया है।

इसीलिए वे भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में सुरेंद्र ठाकुर, वीर सिंह, संतोष, बाबू राम, उपेंद्र व शमशेर आदि शामिल हैं। मंजीत सिंह ठाकुर व कांग्रेस मंडल रोहड़ू ने डोडरा गांव के इन सभी लोगों का कांग्रेस पार्टी में शामिल होने पर हार्दिक स्वागत किया है। (अनंत ज्ञान)

कोटखाई। ब्लॉक युवा कांग्रेस जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष कपिल ठाकुर के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने वीरवार को नगर पंचायत कोटखाई में शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। कपिल ठाकुर ने बताया कि भाजपा के सांसद सुरेश कश्यप ने पिछले पांच साल में जुब्बल नावर कोटखाई के लोगों को शक्ल तक नहीं दिखाई है। युवा कांग्रेस ने कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की है।

विपक्षी गठबंधन ने एनडीए के खिलाफ खोला मोर्चा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

देश में आम चुनाव के महज दो चरण बाकी हैं। ऐसे में हिमाचल प्रदेश में भी राजनीतिक माहौल गर्माता जा रहा है। 24 मई को प्रधानमंत्री मोदी हिमाचल प्रदेश में बैक टू बैक दो जनसभाएं करेंगे। उससे पहले विपक्षी गठबंधन ने एक बार फिर भाजपा और एनडीए के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। शिमला में संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान विपक्षी गठबंधन ने भाजपा पर देश के आम चुनाव को मुद्दों से भटकाकर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की ओर ले जाने का आरोप लगाया।

साथ ही चार जून के बाद देश में विपक्षी गठबंधन की सरकार बनने का दवा दोहराया। शिमला शहर से कांग्रेस विधायक हरिश जनार्था ने कहा कि विपक्षी गठबंधन में जो राजनीतिक दल एक साथ आए हैं उनकी विचारधारा एक है सब लोकतंत्र बचाने के लिए एक साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की राज्य और केंद्र में नीतियां लोकतंत्र विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी कांग्रेस मुक्त भारत की बात कहते हैं, लेकिन आम चुनाव के नतीजे के बाद केंद्र की सत्ता भाजपा से मुक्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल मोदी के नाम पर वोट मांग रही है।

पीएम ने हिमाचल आने पर सोलन के मशरूम, शिमला के सेब और मंडी की सेपूबड़ी पर कहा, मगर आपदा में जब प्रदेश को उनकी जरूरत थी तो उन्होंने मुंह मोड़ लिया। इस दौरान इंडी गठबंधन नेताओं ने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए 38 पार्टियों ने मिलकर इंडिया गठबंधन बनाया है। 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने देश के लोकतंत्र संविधान और संघीय ढांचे पर हमला किया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेशों में सरकारों को अस्थिर करने की कोशिश की इसके लिए धनबल और एजेंसी का इस्तेमाल किया गया। शिबू सोरेन और अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया।

आंखों पर पड़ रहा डायबिटीज का बुरा असर, लोगों को बरतनी होगी सावधानियां

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

डायबिटीज का आंखों पर बुरा असर पड़ रहा है। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतनी होगी। आईजीएमसी के डॉक्टर प्रवीण का कहना है कि भारत में डायबिटीज के मरीजों का आंकड़ा बहुत ज्यादा है।

2021 की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 10 करोड़ से ज्यादा डायबिटीज के मरीज हैं और 13 करोड़ से ज्यादा प्री-डायबिटिक लोग हैं। डायबिटीज का असर शरीर के अन्य हिस्सों के साथ-साथ आंखों पर भी पड़ सकता है। डॉक्टर द्वारा डायबिटीज के मरीजों को शुरुआती चरण में अपनी आंखों के इलाज की सलाह दी जाती है। इसके अलावा, डायबिटीज का पता चलने के बाद मरीज को साल में एक बार अपनी आंखों का चेकअप भी करवाना चाहिए। उन्होंने बताया डायबिटीज के कारण आंखों में मौजूद खून की नालियों में बदलाव आना शुरू होता है, जिससे ब्लीडिंग शुरू हो सकती है। इसलिए डायबिटीज वाले लोगों को यह सलाह दी जाती है कि वह एक बार अपनी आंखों को जरूर चेक करवाएं। किसी भी व्यक्ति में डायबिटीज का पता चलने पर उसकी आंखों का चेकअप होना जरूरी है। मरीज की आंखों पर पड़े असर के अनुसार ही इंजेक्शन या लेजर के माध्यम से उसका इलाज किया जाता है।

छात्रा माही सीखेगी हॉकी की बारीकियां

अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुन्गा की दसवीं कक्षा की छात्रा माही शर्मा का चयन मेरिट के आधार पर हॉकी स्पोर्ट्स होस्टल माजरा जिला सिरमौर के लिए हुआ हैं।

इस छात्रा ने स्पोर्ट्स हॉस्टल के लिए हॉकी खेल का ट्रायल बीते दो मई को दिया था। इसका परिणाम हाल ही में निकला है, जिसमें माही शर्मा का चयन माजरा के लिए हुआ हैं। माही शर्मा चयन होना जुन्गा क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। माही शर्मा मूलतः जुन्गा क्षेत्र गांव चाखड़ की निवासी है। इनके पिता बाल कृष्ण और माता सीमा एक साधारण किसान परिवार से संबंध रखते हैं। इस बारे जब माही से बात की गई उसने बताया कि हॉकी खेलना उनका बचपन से शौक हैं। हॉकी खेल में वह राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाना चाहती हैं। माही शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय पाठशाला की डीईपी सुमन चौहान और पीईटी रमा ठाकुर और अपने माता-पिता को दिया है।

परेशानी — मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन मतियाना इकाई के सदस्यों ने मांगें पूरी करने की उठाई मांग

मिड-डे मील वर्कर्स को समय पर नहीं मिल रहा वेतन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मिड-डे मील वर्कर्ज यूनियन मतियाना इकाई की बैठक मतियाना में हुई। बैठक में सीटू जिला कोषाध्यक्ष बालक राम, मिड-डे मील यूनियन जिला महासचिव कौशल्या (प्रीति) मतियाना ब्लॉक इकाई अध्यक्ष ध्यानचंद काल्टा महासचिव भूमि देवी सचिव उदी राम उपप्रधान सुनीता देवी, रीना देवी, शांति देवी, आशा देवी, लालचंद, सुरजीत, रोई देवी, इंद्रा देवी दुन्नीचंद, प्रकाश चंद, कली राम, संजू, शकुंतला, पुष्पा देवी, निशा, लीला, गीता, संदीप, संजीव, आदि मौजूद रहे।

यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया है। बालक राम, कौशल्या (प्रीति), ध्यानचंद काल्टा, भूमि देवी, उदीराम ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मिड-डे मील वर्कज को समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है। उन्होंने हरियाणा की तर्ज पर सात हजार रुपए वेतन की मांग की। उन्होंने मांग की है कि माननीय हिमाचल उच्च न्यायालय द्वारा मिड डे मील कर्मियों को बारह महीने का वेतन देने के का यूनियन ने स्वागत किया है व इसे मध्याह्न भोजन कर्मियों के पंद्रह साल के लंबे न्यायिक संघर्ष की जीत करार दिया है। पंजाब सरकार के मिड-डे मील व हिमाचल में आंगनबाड़ी की तर्ज पर 12 से 20 छुट्टियों की सुविधा दी जाए। उन्होंने साल में दो वर्दी दी जाए। मल्टी टास्क भर्ती में मिड-डे मील कर्मियों को प्राथमिकता दी जाए। उन्हें अतिरिक्त कार्य का अतिरिक्त वेतन दिया जाए। बंद किए गए स्कूलों में अन्य स्टाफ की तरह मिड-डे मील कर्मियों को भी दूसरे स्कूलों में समायोजित किया जाए। उनके लिए नौकरी से संबंधित 25 बच्चों की शर्त को हटाया जाए। उनसे चुनाव के समय पोलिंग पार्टी को खाना बनाने का कार्य न करवाया जाए। प्रत्येक स्कूल में अनिवार्य रूप से दो मिड डे मील वर्कर्स की नियुक्ति की जाए। 45वें भारतीय श्रम संमेलन की सिफारिश अनुसार मिड-डे मील कर्मियों को मजदूर का का दर्जा दिया जाए व उन्हें नियमित किया जाए।

बैठक के दौरान मौजूद मिड-डे मील वर्कर्स।

बिलासपुर में सीएम की ताबड़तोड़ रैलियों से डरी भाजपा : सांख्यान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

अपनी जीत को लेकर अति उत्साहित भाजपा के मंसूबों पर बीते कल बिलासपुर में हुई सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ताबड़तोड़ रैलियों ने पानी फेर दिया है। यही नहीं इन रैलियों में उमड़े अप्रत्याशित जनसैलाब से तय हो गया है कि इस बार बाजी शिद्दत से पलटेगी।

भाजपा को उसका ओवर कांफिडेंस ही ले डूबेगा, विकास की अथाह इबारतें लिखने का दावा करने वाले भाजपा नेताओं को ग्रामीण पर जनता अब पूछने लगी है कि विकास धरातल पर क्यों नहीं है। यह बात बिलासपुर में प्रेस को जारी बयान में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने भाजपा को घेरते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की जिला बिलासपुर में पांच रैलियों से भाजपा मनोवैज्ञानिक दबाव में आ चुकी है, इन रैलियों ने भाजपा के खेमे में छटपटाहट पैदा कर दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री ने बीती 19 मई को श्रीनयनादेवी विधानसभा में, पिछले कल घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के बद्दाघाट में और भराड़ी, मेन मार्केट बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र में और झंडूता विधानसभा क्षेत्र के झंडूता में जिस तरह से भाजपा के ऊपर राजनीतिक हमला तेज किया है, उससे भाजपा का मनोवैज्ञानिक दबाव में आना स्वाभाविक है। वहीं, सांख्यान ने कहा कि इन लोकसभा चुनावों कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज कर सुजानपुर की स्मृतियों को ताजा करेंगे।

न्यूज ब्रीफ

भारत में जन्मी जया अमेरिका में बनी न्यायाधीश

न्यूयॉर्क। भारतीय-अमेरिकी वकील जया बडिगा को कैलिफोर्निया में सैक्रामेंटो काउंटी की उच्च अदालत में न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसॉम ने बडिगा की नियुक्ति की। इससे पहले वह 2022 से सैक्रामेंटो काउंटी की उच्च अदालत में आयुक्त के रूप में कार्य कर चुकी हैं।

ब्रिटेन में 4 जुलाई को होंगे आम चुनाव

लंदन। ब्रिटेन में आम चुनाव 4 जुलाई को होंगे। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार रात ऐलान करते हुए कहा कि ब्रिटेन के लिए अपना भविष्य चुनने का समय आ गया है। किंग चार्ल्स तृतीय को चुनाव की टाइमलाइन के बारे में जानकारी देने के बाद जल्द ही संसद भंग कर दी जाएगी। उसके बाद चुनावी प्रक्रिया शुरू होगी। बतौर प्रधानमंत्री ऋषि सुनक चुनाव में पहली बार वोटर्स के सामने जाएंगे।

पांच-सितारा होटलों को बम से उड़ाने की धमकी फर्जी

बेंगलुरु। शहर के 3 पांच-सितारा होटलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली, लेकिन जांच के बाद यह फर्जी निकली। पुलिस सूत्रों ने वीरवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि होटलों को कथित रूप से ईमेल से धमकी मिली है, जिसके बाद व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया और धमकी फर्जी साबित हुई। होटलों को धमकी वाला यह ईमेल शहर के रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए बम विस्फोट की पृष्ठभूमि में आया है।

आरोपी के साथ घूम रहे हैं केजरीवाल: ईरानी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के मामले की जांच में किसी को बाधा नहीं डालनी चाहिए। यह पता लगाने के लिए जांच करने की जरूरत है कि घटना के वक्त दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर कौन-कौन मौजूद था और उनकी क्या भूमिका थी। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, "केजरीवाल के आवास पर उनके परिवार और कार्यालय के कौन-कौन लोग मौजूद थे, उनकी क्या भूमिका थी और जब मालीवाल की पिटाई की जा रही थी तब उन्होंने क्या देखा, ये जांच का हिस्सा हैं। मैं भाजपा की प्रवक्ता हूं, पुलिस की नहीं। मैं केवल यह अनुरोध करूंगी कि कोई भी जांच में बाधा न डाले।"

राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को वोट दूंगी : हेली

वाशिंगटन। भारतीय अमेरिकी निक्की हेली ने कहा कि वह अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के लिए मतदान करेंगी। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत हेली ने वाशिंगटन में हडसन इंस्टीट्यूट में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'मैं ट्रंप को वोट दूंगी।' हेली ने कहा, "मैंने अपने निलंबन भाषण में जो कहा था मैं उस पर कायम हूं। मुझे लगता है कि ट्रंप उन लाखों लोगों तक पहुंचेंगे जिन्होंने मुझे वोट दिया और मेरा समर्थन करना जारी रखा।"

शाहरुख अस्पताल से हुए डिस्चार्ज



मुंबई। बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान के फैंस के लिए एक बेहद अच्छी खबर आई है। किंग खान को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। एक्टर को डीहाइड्रेशन की वजह से बुधवार दोपहर में अहमदाबाद की केडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बताया जा रहा है कि एक्टर की सेहत में सुधार है। शाहरुख खान की हेल्थ को लेकर हाल ही में उनकी मैनेजर पूजा डडलानी ने अपडेट दिया था। किंग खान की मैनेजर ने पोस्ट शेयर कर लिखा था कि शाहरुख की तबीयत अब पहले से काफी हद तक बेहतर है।

लक्ष्य और सिंधु विदेश में लेंगे ट्रेनिंग

नई दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु ओलंपिक की तैयारियों के लिए क्रमशः फ्रांस और जर्मनी में ट्रेनिंग करेंगे। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने दोनों खिलाड़ियों की वित्तीय सहायता देने को स्वीकृति दी। लक्ष्य ने फ्रांस के मार्सिले में 12 दिवसीय ट्रेनिंग सत्र के लिए वित्तीय सहायता मांगी थी। पेरिस में पुरुष एकल स्पर्धा में भाग लेने वाले लक्ष्य ओलंपिक से पहले आठ से 21 जुलाई तक अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ हाल ही डेस स्पोर्ट्स पार्सेमेन में ट्रेनिंग लेंगे। सिंधु का प्रस्ताव जर्मनी के सारब्रुकन में हरमन-न्यूबर्गर स्पोर्टश्युल में ट्रेनिंग के लिए था। पेरिस जाने से पहले वह अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ वहां एक महीने से अधिक समय तक अभ्यास करेंगी।

इंग्लैंड-पाकिस्तान के बीच पहला टी-20 रद्द

लंदन। लगातार बारिश के कारण हेडिंग्ले में इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया। लीड्स में भारी बारिश के कारण अंपायरों को मैच भारतीय समयानुसार निर्धारित रात 11 बजे शुरू होने से लगभग एक घंटे पहले खेल रद्द करना पड़ा। पाकिस्तान के खिलाफ चार मैचों की सीरीज के बाकी मैच 25 मई, 28 और 30 मई को क्रमशः एजबेस्टन, कार्डिफ और ओवल में खेले जाएंगे। पाकिस्तान टी-20 सीरीज से इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी हो सकती है। चोटों ने इस तेज गेंदबाज के करियर को खराब कर दिया है, कोहनी और पीठ की समस्याओं के कारण यह 29 वर्षीय खिलाड़ी 14 महीने से शीर्ष स्तर के क्रिकेट से दूर रहा है।

कनाडा ने कोच दसानायके को किया बर्खास्त

नई दिल्ली। कनाडा ने अपने मुख्य कोच पुबुदु दसानायके को उनकी भूमिका से बर्खास्त कर दिया है। वह पिछले दो साल से इस पद पर कार्यरत थे। श्रीलंका और कनाडा के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, दसानायके जुलाई 2022 में कनाडा के कोच के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए लौटे थे, इससे पहले वह नेपाल (दो बार) और संयुक्त राज्य अमेरिका को कोचिंग दे चुके हैं। दोबारा भूमिका संभालने के बाद से, दसानायके ने कनाडा को अमेरिका के टी-20 क्षेत्रीय फाइनल में सफलतापूर्वक पहुंचाया और इस आगामी टी-20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कराया, साथ ही उनके कोचिंग में कनाडा ने 2023 विश्व कप क्वालीफायर प्लेऑफ में एकदिवसीय दर्जा फिर से हासिल किया।

स्क्वैश : भारत के अभय और सेंथिलकुमार जीते

दोहा। राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार और एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ने 53,500 डॉलर इनामी प्रतिष्ठित क्यूएसएफ 3 स्क्वैश प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। यह टूर्नामेंट पीएसए विश्व टूर की ब्रॉन्ज स्तर की प्रतियोगिता है। दुनिया के 55वें नंबर के खिलाड़ी तमिलनाडु के सेंथिलकुमार ने पहले दौर में स्थानीय दावेदार यूसेफ एसाम फराग को 32 मिनट में 11-7, 11-4,11-4 से हराया जबकि उनके हमवतन भारतीय अभय ने पाकिस्तान के मोहम्मद आसिम खान को 38 मिनट में 11-2, 11-9 15-13 से शिकस्त दी।

भारतीय कोच पद के लिए आवेदन नहीं किया : फ्लावर

अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर की भारतीय कोच पद के लिए दावेदारी पेश करने की कोई योजना नहीं है। जिम्बाब्वे के इस पूर्व कप्तान ने आईपीएल प्लेऑफ से अपनी टीम के बाहर होने के बाद इसकी पुष्टि की। राहुल द्रविड़ टी-20 विश्व कप के बाद भारत के मुख्य कोच का पद छोड़ देंगे और बीसीसीआई ने 27 मई तक नए कोच के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

कार्तिक ने आईपीएल को कहा अलविदा!

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने आईपीएल 2024 एलिमिनेटर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली हार के बाद इंडियन प्रीमियर लीग को अलविदा कह दिया। आरसीबी ने कार्तिक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया तो कोहली ने उन्हें गले लगा लिया, जिसके बाद कार्तिक की आंखे नम हो गई। इस दौरान दिनेश कार्तिक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथी खिलाड़ियों और फैंस का शुक्रिया करते हुए ग्राउंड से बाहर जाते समय बेहद भावुक दिखे। हालांकि अभी तक कार्तिक ने अधिकारिक तौर पर रिटायरमेंट की घोषणा नहीं की है, लेकिन मैच के बाद जिस तरह का नजारा दिखा उससे साफ है कि दिनेश कार्तिक ने अपना आखिरी आईपीएल मैच खेल लिया।

मैक्सवेल टी-20 में 32वीं बार जीरो पर आउट

नई दिल्ली। टी-20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे बार शून्य पर आउट होने वाली लिस्ट में ग्लेन मैक्सवेल का नाम टॉप-5 में आ गया है। टी-20 क्रिकेट में मैक्सवेल 32 बार बिना खाता खोले पैवेलियन लौटे हैं। इस लिस्ट में टॉप पर सुनील नारेन का नाम है। नरेन 44 बार बिना खाता खोले आउट हुए हैं। वहीं इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स 43 बार आउट हुए हैं। राशिद खान इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। वह 42 बार जीरो पर आउट हुए हैं।

शेयर बाजार ने तोड़ा रिकॉर्ड

सेंसेक्स 75,400 के पार

एजेंसी, मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में वीरवार के कारोबारी सत्र में जबरदस्त तेजी रही। कारोबारी सत्र में चौतरफा खरीददारी देखने को मिली, जिसके कारण निफ्टी और सेंसेक्स ऑल टाइम हाई पर बंद हुए हैं।

बीएसई का मुख्य सूचकांक सेंसेक्स 1,196 अंक या 1.61 प्रतिशत की तेजी के साथ अपने पिछले ऑल टाइम हाई को तोड़ते हुए 75,418 अंक पर बंद हुआ। दिन के दौरान सेंसेक्स ने 75,499 का नया ऑल टाइम हाई बनाया।

एनएसई का मुख्य सूचकांक निफ्टी 369 अंक या 1.64 प्रतिशत के उछाल के साथ 22,967 अंक पर बंद हुआ है। दिन के कारोबार के दौरान निफ्टी ने

अपने पिछले ऑल टाइम हाई 22,794 को तोड़ते हुए नया उच्चतम स्तर 22,993 छुआ। कारोबारी दिन में अडानी ग्रुप के शेयरों में तेजी देखी गई है। निफ्टी में 7.84 प्रतिशत की बढ़त के साथ अडानी एंटरप्राइजेज टॉप गेनर था। इसके बाद अडानी पोर्ट और एलएंडटी क्रमशः 4.73 प्रतिशत और 3.60 प्रतिशत की तेजी के साथ टॉप तीन गेनर्स में शामिल थे।

निफ्टी में 2.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ सन फार्मा टॉप लूजर्स था। इसके बाद पावर ग्रिड और हिंडाल्को क्रमशः 1.80 प्रतिशत और 1.13 प्रतिशत की तेजी के साथ टॉप तीन लूजर्स में शामिल थे। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, एफएमसीजी और एनर्जी के साथ ज्यादा इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। केवल फार्मा इंडेक्स ही आधा प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ है।

रिसर्च फर्म बर्नस्टीन की हाल ही में आई एक रिपोर्ट में बताया गया था कि निफ्टी 4 जून के आसपास 23,000 के आंकड़े को छू सकता है।

ताइवान के आसपास चीनी सेना ने शुरू किया 'दंड अभ्यास'

एजेंसी, बीजिंग/ताइपे

चीन की सेना ने वीरवार को ताइवान के चारों तरफ दो दिवसीय व्यापक 'दंड अभ्यास' शुरू किया। इसमें उसकी सेना, नौसेना, वायु सेना और रॉकेट बल भाग ले रहे हैं। चीन ने यह अभ्यास ऐसे वक्त में किया है जब स्वशासित द्वीप ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने देश पर चीन की संप्रभुता के दावे को अस्वीकार किया है।

सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार, चीन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के पूर्वी थियेटर कमान ने वीरवार सुबह 7.45 बजे ताइवान द्वीप के आसपास संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया। चीन का मानना है कि ताइवान को मुख्य भूमि के साथ जोड़ा जाना चाहिए, भले ही इसके लिए बल प्रयोग करना पड़े। पीएलए ईस्टर्न थियेटर कमान के प्रवक्ता ली शी ने कहा, "यह अभ्यास 'ताइवान स्वतंत्रता' बलों के अलगाववादी कृत्यों के लिए एक कड़ी सजा और बाहरी ताकतों द्वारा हस्तक्षेप और उकसावे के खिलाफ एक कड़ी चेतावनी जैसा है।"

यह अभ्यास ताइवान जलडमरूमध्य, ताइवान द्वीप के उत्तर, दक्षिण और पूर्व के साथ-साथ किनमेन, मात्सु, वुकिउ और डोंगयिन द्वीपों के आसपास के क्षेत्रों में किया जा रहा है।

अपने गुरु को धोखा देने वाला कैसे जीत सकता है जनता का विश्वास : राजनाथ

एजेंसी, नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी कमलजीत सहरावत के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज नजफगढ़ पहुंचे। यहां रोशन गार्डन में आयोजित जनसभा में उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कार्यशैली की आलोचना की।

राजनाथ सिंह ने कहा कि केजरीवाल ने अपने गुरु अन्ना हजारे को धोखा दिया है। वह दिल्ली के लोगों का विश्वास कैसे जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति पर कैसे विश्वास किया जा सकता है कि वह दिल्ली की जनता को धोखा नहीं देगा। उन्होंने कहा कि जो दिल्ली सरकार महिलाओं को सुरक्षा नहीं दे सकी, उसे सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

बंगाल के तट पर रविवार को पहुंचेगा चक्रवात रुमेल

एजेंसी, कोलकाता

बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान रुमेल धीरे-धीरे मजबूत होकर पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटीय क्षेत्रों की ओर बढ़ने लगा है। मौसम विभाग (आईएमडी) की ओर से वीरवार को दी गई जानकारी के मुताबिक बंगाल की खाड़ी के ऊपर निम्न दबाव बढ़ता जा रहा है और रविवार शाम तक भीषण चक्रवाती तूफान के रूप में बांग्लादेश और आसपास के पश्चिम बंगाल तटों तक पहुंच जाएगा। इसके प्रभाव से तेज

कई राज्यों में आंधी-तूफान की आशंका

आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश होगी। इसकी गति 102 किलोमीटर प्रति घंटे हो सकती है।

इस प्री-मॉनसून सीजन में बंगाल की खाड़ी में यह पहला चक्रवात है। हिंद महासागर क्षेत्र में चक्रवातों के नामकरण की प्रणाली के अनुसार, इसे रुमेल नाम दिया गया है। यह शुक्रवार सुबह तक मध्य बंगाल की खाड़ी पर दबाव में तब्दील हो जाएगा। आईएमडी की वैज्ञानिक मोनिका शर्मा ने बताया कि यह शनिवार सुबह चक्रवाती तूफान में बदल कर तेज हो जाएगा और रविवार शाम तक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में बांग्लादेश और निकटवर्ती पश्चिम बंगाल तट पर पहुंच जाएगा।

मौसम कार्यालय ने 26 मई को पश्चिम बंगाल, उत्तरी ओडिशा, मिजोरम, त्रिपुरा और दक्षिण मणिपुर के तटीय जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसकी वजह से राज्य सरकार ने पहले से सावधानी बरतनी शुरू कर दी है।

प्रज्वल रेवन्ना विदेश से लौटें, जांच का करें सामना : एचडी देवगौड़ा

एजेंसी, बेंगलुरु

जेडीएस संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने अपने पोते और हसन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना को विदेश से भारत लौटने और अश्लील वीडियो कांड मामले में सभी आरोपों की जांच का सामना करने की चेतावनी दी है। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर प्रज्वल दोषी पाया जाता है तो उसे कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।



वहीं, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक और पत्र लिखकर हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने के लिए 'त्वरित और आवश्यक' कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। प्रज्वल पर महिलाओं के यौन शोषण के आरोप हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने कहा, यह 'बेहद निराशाजनक' है कि इतने गंभीर मामले में पूर्व में उनकी ओर से लिखे गए पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

कोयले की सप्लाई में धोखाधड़ी के आरोपों को अडानी ग्रुप ने नकारा



मुंबई। अरबपति गौतम अडानी के नेतृत्व वाले अडानी ग्रुप की शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियों के शेयरों में तेजी जारी है। हालांकि, इस बीच एक अखबार की रिपोर्ट में ग्रुप पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाकर सनसनी फैला दी। लंदन स्थित फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट में आशंका जताई गई थी कि अडानी ग्रुप द्वारा साल 2013 में निम्न स्तर के कोयले को उच्च मूल्य के ईंधन के रूप में बेचकर धोखाधड़ी की गई थी। अब इस मामले में समूह की ओर से एक स्टेटमेंट जारी कर सफाई दी गई है और इस तरह के आरोपों को झूठा और निराधार करार दिया गया है।

प्रियंका ने सिरसा में किया रोड शो

एजेंसी, सिरसा (हरियाणा)

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में सिरसा से पार्टी उम्मीदवार कुमारी शैलजा के पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए वीरवार को एक रोड शो किया। यह रोड शो लगभग एक घंटे तक चला।

इस दौरान प्रियंका ने शैलजा और हरियाणा की पूर्व मंत्री किरण चौधरी के साथ एक खुले वाहन में खड़े होकर लोगों का अभिवादन किया। यह हरियाणा में उनका पहला ऐसा चुनावी कार्यक्रम था।

पार्टी के झंडे लेकर चल रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद' के नारे लगाए और प्रियंका पर फूलों की वर्षा की। यह रोड शो लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए प्रचार समाप्त होने से कुछ घंटे पहले हुआ। शैलजा हरियाणा में कांग्रेस का प्रमुख दलित चेहरा हैं और उनका मुकाबला भाजपा के अशोक तंवर से है। शैलजा की तरह तंवर भी कांग्रेस में रहते हुए हरियाणा इकाई के अध्यक्ष रह चुके हैं।

तेजस ने 110 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी, नई दिल्ली

तेजस शिरसे ने फिनलैंड के ज्यवास्किला में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर (चैलेंजर स्तर) मीटिंग के दौरान पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। 21 वर्षीय शिरसे ने फाइनल में 13.41 सेकंड का समय लिया और 2017 में सिद्धांत थिंगालय द्वारा बनाए गए 13.48 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। शिरसे का रिकॉर्ड सामान्य अनुसमर्थन प्रक्रिया के अधीन है, हालांकि, पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में प्रवेश मानक 13.27 सेकंड है। अनिमेष कुजूर ने 100 मीटर में नया व्यक्तिगत

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 10.39 सेकंड के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। अमलान बोरगोहेन अपने सीजन की सर्वश्रेष्ठ 10.54 सेकंड की टाइमिंग के साथ चौथे स्थान पर रहे। पुरुषों की 100 मीटर दौड़ के लिए पेरिस ओलंपिक में प्रवेश मानक 10 सेकंड है।

मोहम्मद अफसल ने पुरुषों की 800 मीटर स्पर्धा 1:48.91 सेकंड में जीती, जो उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 1:46.17 सेकंड से काफी कम है।

ज्योति याराजी ओलंपिक क्वालीफिकेशन से चूकीं

महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में ज्योति याराजी ने 12.78 सेकंड के अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड अंक की बराबरी की और पहले स्थान पर रहीं, वह ओलंपिक खेलों के लिए स्वचालित योग्यता से एक सेकंड के सौवें हिस्से से चूक गईं।

भारत की महिला और पुरुष जूनियर हॉकी टीमें हारीं

एजेंसी, ब्रेडा (नीदरलैंड)

भारत की पुरुष और महिला जूनियर हॉकी टीमों को यूरोप के मौजूदा दौरे पर बेल्जियम की टीमों के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

भारत की दोनों जूनियर टीमों को बेल्जियम की टीमों के खिलाफ 2-3 के समान अंतर से हार मिली। महिला टीम के लिए दोनों गोल बिनिमा धान (49वें और 58वें मिनट) ने किए जबकि पुरुष टीम के लिए दोनों गोल कप्तान रोहित (44वें और 57वें मिनट) ने दागे।

महिला टीम अगला मैच 24 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी जबकि पुरुष टीम गुरुवार को ही ब्रेडा में ब्रेडस हॉकी वेरेनिगिंग पुश से भिड़ना है।

भारोत्तोलक प्रीतिस्मिता ने विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता सोना

एजेंसी, लीमा (पेरू)

भारतीय भारोत्तोलक प्रीतिस्मिता भोई ने यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैंपियनशिप में महिला 40 किग्रा वर्ग में युवा क्लीन एवं जर्क विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। पंद्रह साल की प्रीतिस्मिता ने 75 किग्रा के पिछले रिकॉर्ड में एक किग्रा का सुधार किया।

उन्होंने प्रतियोगिता के पहले दिन स्नैच में भी 57 किग्रा के वजन से कुल 133 किग्रा वजन उठाया और कुल भार के विश्व रिकॉर्ड की दो किग्रा से बराबरी करने से चूक गईं।

भारत की ही ज्योशना साबर ने कुल 125 किग्रा (56 किग्रा और 69 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक अपने नाम किया। तुर्की की फातमा कोलकेके कुल 120 किग्रा (55 किग्रा और 65 किग्रा) वजन उठाकर कांस्य पदक जीतन में सफल रहीं।

एशियन हैंडबॉल चैंपियनशिप में नरेश कुमार ने जीता कांस्य

अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर

जोगिंदरनगर उपमंडल के भराडू गांव से संबंध रखने वाले नरेश कुमार ने हाल ही में उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित चौथी ओपन सेंट्रल एशियन हैंडबॉल चैंपियनशिप में इंडियन हैंडबॉल टीम में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया।

इस हैंडबॉल चैंपियनशिप में भारत, उज्बेकिस्तान, तजाकिस्तान, अस्ताना, किर्गिस्तान, ताशकंद व कोकंद यूनिवर्सिटी उज्बेकिस्तान की टीमों ने भाग लिया। चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने

तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता। वर्तमान में नरेश उर्फ शिशु कुमार पुत्र स्व.बलवीर सिंह, भारतीय सेना की 19 डोगरा रेजिमेंट में सेवा दे रहे हैं।

पीवी सिंधु मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी, कुआलालंपुर

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। सिंधु ने प्री-क्वार्टर फाइनल में कोरिया की सिम यू जिन को शिकस्त दी।

विश्व के 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधु ने 59 मिनट तक चले मैच में सिम को 21-13, 12-21, 21-14 से शिकस्त दी। 5वीं वरीयता प्राप्त सिंधु क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त हान यू से भिड़ेंगी। हान यू ने पिछले महीने निंगबो में एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिंधु को हराया था।

पोंटिंग ने भारत के मुख्य कोच का प्रस्ताव ठुकराया

एजेंसी, नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने खुलासा किया है कि जल्द ही खाली होने वाले भारत के मुख्य कोच के पद के लिए उनसे संपर्क किया गया था, लेकिन उन्होंने इस पेशकश को अस्वीकार कर दिया क्योंकि यह अभी उनकी 'जीवनशैली' में फिट नहीं बैठता।

हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल फ्रेंचाइजी के मुख्य कोच के रूप में सात सत्र पूरे करने वाले पोंटिंग इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के अंतरिम टी-20 कोच रह चुके हैं। उन्होंने यह नहीं बताया कि भारतीय कोच के पद के लिए बीसीसीआई की ओर से कोई सुझाव आया था या नहीं।

पोंटिंग ने कहा, "आईपीएल के दौरान कुछ आमने-सामने बातचीत हुई थी, ताकि पता चल सके कि इस पद में मेरी दिलचस्पी है या नहीं। मैं भारत की राष्ट्रीय टीम का सीनियर कोच बनना पसंद करूंगा लेकिन मेरे जीवन में अन्य चीजें हैं और मैं घर पर कुछ समय बिताना चाहता हूं। हर कोई जानता है कि अगर आप भारतीय टीम के साथ काम करेंगे तो आप आईपीएल टीम में शामिल नहीं हो सकते।"

क्वालीफायर-2 विजेता का खिताब के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा मुकाबला

फाइनल में जगह बनाने उतरेंगी हैदराबाद और राजस्थान

एजेंसी, चेन्नई

सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स की टीमें फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को जब यहां क्वालीफायर-2 में आमने-सामने होंगी तो यह आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ पावर हिटर ट्रेविड हेड और अभिषेक शर्मा तथा युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन की चतुर स्पिन जोड़ी के बीच मुकाबला भी होगा। जो टीम इस मुकाबले को जीतेगी उसका 26 मई को खिताब के लिए मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा।

हेड और अभिषेक की जोड़ी आक्रामक बल्लेबाजी को नए स्तर

तक ले गई है और इस जोड़ी को प्रशंसकों से 'ट्रेविषेक' नाम मिला है। हेड ने मौजूदा सत्र में 199.62 के स्ट्राइक रेट से 533 रन बनाए हैं, जबकि अभिषेक के नाम पर 207.04 के स्ट्राइक रेट से 470 रन दर्ज हैं। दोनों ने मिलकर अब तक 72 छक्के और 96 चौके मारे हैं।

इसके अलावा सनराइजर्स के पास हेनरिक क्लासेन के रूप में एक बेहतरीन बल्लेबाज है जो, 34 छक्के मार चुके हैं। उप्पल या कोटला या वानखेड़े की तुलना में चेपक में खेलना हालांकि बिलकुल अलग होगा क्योंकि यहां गेंद रुककर आती है और आते ही बड़े शॉट खेलना आसान नहीं होता।

अपना अधिकतर क्रिकेट इसी मैदान पर खेलने वाले रॉयल्स के ऑफ स्पिनर अश्विन यहां की पिच से अच्छी तरह वाकिफ हैं और टूर्नामेंट के आखिरी चरण में उनकी फॉर्म में सुधार हुआ है। जहां तक सनराइजर्स की गेंदबाजी की बात है तो एक बार फिर जिम्मेदारी टी नटराजन पर होगी जो इस सत्र में टीम के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं और यहां अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेंगे।